✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 169 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, रविवार, 16 नवम्बर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



गुजरात में पंडोरी माता की आरती करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

# बिहार में नई सरकार के गठन को लेकर हलचल तेज, एनडीए विधायक दल की बैठक कल

## सोमवार को राज्य कैबिनेट की बैठक के बाद राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंपेंगे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए को प्रचंड बहुमत मिलने के बाद पटना में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। प्रदेश में नई सरकार के गठन की प्रक्रिया सोमवार की शाम से विधिवत आरंभ होगी। सोमवार को राज्य कैबिनेट की बैठक के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंपेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री आवास में एनडीए के विधायक दल की बैठक होगी। विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद नीतीश कुमार पुनः राजभवन जाएंगे और सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे। राज्य कैबिनेट की बैठक वर्तमान विधानसभा को भंग किए जाने का निर्णय लिया जाएगा। इसके पूर्व सर्वसम्मति से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति आभार प्रकट किया जाएगा। कैबिनेट की बैठक खत्म होने के तुरंत बाद मुख्यमंत्री राजभवन जाकर राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंपेंगे। इसके बाद वह मुख्यमंत्री आवास लौटेंगे। वहां पहले से ही एनडीए विधायकों की उपस्थिति रहेगी। विधिवत एनडीए विधायक दल की बैठक होगी। विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद सोमवार को ही नीतीश एनडीए की सरकार बनाए जाने को ले अपना दावा पेश करेंगे। इस प्रस्ताव पर मंथन हो रहा कि प्रचंड बहुमत के साथ आए एनडीए की नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह राजभवन की जगह गांधी मैदान में कराया जाए। इसके पूर्व भी दो बार



नीतीश कुमार ने गांधी मैदान में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। इधर, शनिवार शाम बिहार में सरकार गठन को लेकर दिल्ली में चली। इसमें केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, धर्मेंद्र प्रधान और विनोद तावड़े मौजूद रहे। केन्द्रीय मंत्री ललन सिंह और जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा के साथ सरकार गठन को लेकर चर्चा हुई। इससे पहले मुख्यमंत्री आवास में शनिवार की सुबह से ही नेताओं का आना-जाना जारी रहा। सबसे पहले विजय कुमार चौधरी सीएम हाउस पहुंचे। दानापुर से जीत हासिल करने वाले रामकृपाल यादव नीतीश कुमार से मिलने पहुंचे। वहीं, लोजपा(आर) चिराग पासवान और जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा भी सीएम हाउस पहुंचे। संजय झा अपने हाथों में जीते हुए कैंडिडेट की लिस्ट लेकर पहुंचे थे। इसी दौरान फुलवारी से नवनिर्वाचित विधायक श्याम रजक भी मुख्यमंत्री आवास पहुंचे। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने एनडीए को मिली ऐतिहासिक जीत पर मुख्यमंत्री को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि जनता का यह विश्वास गठबंधन सरकार के सुशासन और विकास के प्रति भरोसे का प्रतीक है। केंद्रीय मंत्री ललन सिंह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात के बाद बाहर निकले। उनसे जब पूछा गया कि बिहार का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा, तो उन्होंने साफ कहा कोई वैकेंसी बिहार में नहीं है। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि बिहार को विकास के रास्ते पर ले चलने के लिए यहां की जनता ने नीतीश कुमार पर विश्वास जताया है। विधायक दल का नेता फिक्स है। ये तो नीतीश ही है। वे ही सीएम रहेंगे। पहले भी थे, आज भी हैं और आगे भी रहेंगे।

# भाजपा ने आरके सिंह समेत तीन लोगों को पार्टी से किया निष्कासित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

## विधान परिषद सदस्य अशोक अग्रवाल और मेयर उषा अग्रवाल पर भी गिरी पार्टी की गाज

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए ने शानदार जीत के बाद अगले दिन ही पार्टी ने अंदर बैठे विरोधियों पर बड़ी कार्रवाई की है। भाजपा ने बिहार में पूर्व केंद्रीय मंत्री समेत तीन बड़े नेताओं को 6 साल के लिए पार्टी से सस्पेंड कर दिया है। बीजेपी ने बताया कि यह कार्रवाई पार्टी विरोधी गतिविधियां करने के लिए की गई है। बता दें कि पूर्व केंद्रीय मंत्री और नौकरशाह आरके सिंह हाल ही में अपने बयानों को लेकर चर्चा में थे। एक बयान में उन्होंने नीतीश सरकार पर गंभीर आरोप लगाए थे। सरकार पर 62 हजार करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप लगाया था। वहीं एक बार आरके सिंह ने बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी को हत्यारा बताया था। इससे भाजपा के साथ ही जदयू की छवि खराब हुई थी। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दौरान पूरे समय आरके सिंह कहीं भी न तो पार्टी के प्रचार में नजर आए और न ही बीजेपी के समर्थन में कोई बयान दिया। उल्टे चुनावी कैंपेन के दौरान कई मौकों पर पार्टी नेताओं के खिलाफ ही मोर्चा खोल दिया। एकाध बार तो उन्होंने प्रशांत किशोर के बयानों का भी समर्थन किया। भाजपा हाईकमान का मानना है कि हालिया राजनीतिक परिस्थितियों के बीच आरके सिंह के बयान पार्टी लाइन से मेल नहीं खाते थे जिसके बाद उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कदम उठाया गया। सूत्रों के अनुसार पार्टी ने राज्य इकाई को भी निर्देश जारी किए हैं कि चुनाव के बाद संगठनात्मक अनुशासन पर और सख्ती बरती जाए। इसके बाद कटिहार में विधान परिषद सदस्य अशोक अग्रवाल और मेयर उषा अग्रवाल पर भी भाजपा ने कार्रवाई की गई है। पार्टी ने इन तीनों को छह वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे में घायल उप सरपंच की मौत

**बिहारशरीफ (नबिटा ब्यूरो)।** नालंदा जिले में बिहटा- सरमेरा टू-लेन पर सड़क हादसे में घायल रहुई थाना क्षेत्र के चंदुआरा गांव निवासी उप सरपंच नीतीश कुमार की शनिवार को इलाज के क्रम में पटना में मौत हो गई। बता दें कि इस घटना में उनके मासूम बच्ची की मौत मौके पर हो गई थी जबकि पिता-पुत्र गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। इस हादसे में घायल आयांश का इलाज निजी क्लिनिक में चल रहा है।

### फंदे से लटका मिला युवक का शव

**भभुआ(नबिटा ब्यूरो)।** नगर थाना क्षेत्र के कूड़ासन गांव में 35 वर्षीय आजाद अंसारी का शव उसके घर में फंदे से लटका मिला। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान कूड़ासन निवासी स्वर्गीय सदिक अंसारी के बेटे आजाद अंसारी के रूप में हुई है। मृतक की मां शहीदन बीवी के अनुसार आजाद की शादी लॉकडाउन के दौरान सोनहन थाना क्षेत्र के ओदार गांव में हुई थी। बहन के शोर मचाने पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। भभुआ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया।

### सेल टैक्स ऑफिस के बिल्डिंग में लगी आग

**भागलपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिला मुख्यालय स्थित सेल टैक्स ऑफिस में शनिवार सुबह अचानक आग लग गई। सुबह बच्चों को स्कूल छोड़ने जा रहे लोगों ने बिल्डिंग से धुआं निकलते देखा। सूचना मिलने पर अग्निशमन विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची। करीब ढाई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। ऑफिस के अंदर रखे कंप्यूटर, फाइलें, महत्वपूर्ण दस्तावेज, टेबल, कुर्सियां और कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जलकर राख हो गए। हालांकि, सुबह का समय होने और ऑफिस बंद होने के कारण कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है। सरकारी दस्तावेजों का नुकसान बड़ा माना जा रहा है। अनुमंडल पदाधिकारी नागेंद्र उपाध्याय ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची थी।

### बिहार की फाइनल वोटर लिस्ट में जोड़े तीन लाख नाम

**नयी दिल्ली(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार चुनाव 2025 संपन्न हो चुका है। एनडीए की प्रचंड बहुमत के साथ वापसी हुई है। वहीं महागठबंधन का प्रदर्शन बेहद खराब रहा। इस बीच कांग्रेस ने बिहार की फाइनल वोटर लिस्ट को लेकर चुनाव आयोग को घेरा है। कांग्रेस ने सवाल खड़ा किया है। पोस्ट में कहा गया है कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार द्वारा 6 अक्टूबर को प्रेस नोट में बिहार में कुल निर्वाचकों की संख्या 7.42 करोड़ बताई गई थी जबकि मतदान के बाद आयोग द्वारा जारी प्रेस रिलीज़ में यह संख्या 7.45 करोड़ दर्शायी गई है।

# लोजपा विधायक दल के नेता बने राजू तिवारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार चुनाव में एनडीए का शानदार प्रदर्शन रहा। एनडीए की सहयोगी चिराग पासवान की पार्टी एलजेपी-आर का भी प्रदर्शन काफी बेहतर रहा। 29 सीटें लड़कर 19 सीटें जीतने में सफल रही। शनिवार को पार्टी कार्यालय में लोजपा-आर के अध्यक्ष चिराग पासवान का भव्य स्वागत हुआ। बैठक में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह गोविंदगंज के विधायक राजू तिवारी को पार्टी के विधायक दल का नेता चुना गया। इस मौके पर चिराग पासवान ने कहा कि उनकी पार्टी ने उन 19 कठिन सीटों पर जीत दर्ज की है जिनमें 16 एनडीए की सीटिंग नहीं थी। इनमें चार सीट पर पिछले चुनाव में हार मिली थी जबकि 9 सीट पर पिछले दस साल से और दो सीट पर 15 साल से एनडीए को जीत नहीं मिली थी। गठबंधन ने शून्य विधायक वाली हमारी पार्टी को



ऐसी 29 सीट देकर जो विश्वास जताया था उस पर हमने खरा उतरने की पूरी कोशिश की। शनिवार को विधायक दल की बैठक के बाद प्रेस वार्ता में चिराग पासवान ने कहा कि गठन के बाद उनकी पार्टी का यह दूसरा सबसे बेहतर प्रदर्शन है। जीत के बाद हमने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात कर भविष्य के गठबंधन की रूपरेखा पर भी चर्चा की है। उप मुख्यमंत्री पद के सवाल पर चिराग ने कहा कि जब तक गठबंधन के अंदर इन मुद्दों पर बातचीत पूरी नहीं हो जाती, इसे बताया नहीं जा सकता।

# मुजफ्फरपुर में एक ही परिवार के पांच लोग जिंदा जले

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मुजफ्फरपुर।** जिले के मोतीपुर थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 13 में शुक्रवार देर रात भीषण आग ने एक ही परिवार के पांच लोगों की जिंदगी छीन ली। वहीं सात लोगों की हालत गंभीर है। हादसा इतना भयावह था कि देखते ही देखते पूरा घर आग की लपटों में घिर गया जिससे परिवार को संभलने का मौका तक नहीं मिला। स्थानीय लोगों के अनुसार आग लगते ही तेज धमाके की आवाज के साथ घर धू-धू कर जलने लगा। कुछ ही मिनटों में स्थिति विकराल हो गई और ग्रामीणों ने आग बुझाने की कोशिश की लेकिन तब तक कई सदस्य लपटों की चपेट में आ चुके थे। आग की तेजी ने आसपास के घरों को भी खतरे में डाल दिया। मृतकों में लालन कुमार (35 वर्ष), उनकी पत्नी पूजा कुमारी (30 वर्ष), मां सुशीला देवी (65 वर्ष), बेटा गोलू कुमार (2 वर्ष) और बेटी सृष्टि कुमारी (7 वर्ष) शामिल हैं।



घटना गेना शाह के मकान के तीसरे तले पर हुई। घायलों में मामा लाल बाबू प्रसाद, उनकी पत्नी माला देवी, साक्षी कुमारी, अर्जुन कुमार, ऋषभ कुमार और अमन कुमार शामिल हैं। इनमें से चार की हालत गंभीर है। सूचना मिलते ही मोतीपुर थाना पुलिस और अग्निशमन दल मौके पर पहुंचा। दमकल टीम ने आग पर काबू पाया और फैलाव को रोका। घायलों को तुरंत एसकेएमसीएच मुजफ्फरपुर रेफर किया गया जहां उनका इलाज चल रहा है। मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं। डीएसपी पश्चिमी सुचित्रा कुमारी ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को आग का कारण माना जा रहा है। तकनीकी जांच के लिए विशेष टीम गठित की गई है। उन्होंने कहा कि घटना अत्यंत दुखद है और प्रशासन हरसंभव मदद करेगा। हादसे के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। ग्रामीण सदमे में हैं। समय पर दमकल की गाड़ी पहुंचने से बड़ी क्षति को टाला गया लेकिन परिवार के पांच लोगों की जान चली गई। वहीं स्थानीय प्रशासन ने पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया है।

### सीएम नीतीश ने जताया दुख

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुजफ्फरपुर जिले के मोतीपुर नगर परिषद् क्षेत्र में एक घर में आग लगने से पांच लोगों की हुई मृत्यु पर गहरा दुःख एवं शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह घटना काफी दुःखद है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। उन्होंने इस घटना में घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की है।

# अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला में आकर्षण का केंद्र बना एफसीआई का स्टॉल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ने इस वर्ष भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला-2025 में अपनी नई पहचान और कार्यशैली को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से पहली बार एक भव्य स्टॉल लगाकर व्यापक चर्चा बटोरी है। उत्तर जोन के कार्यकारी निदेशक डॉ. अजीत के. सिन्हा के नेतृत्व में स्थापित यह स्टॉल खेत से निवाले तक, सबको अन्न, सबको जीवन और किसानों का सम्मान, भारतीय खाद्य निगम का अभिमान जैसे संदेशों के साथ एफसीआई की भूमिका और उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से सामने ला रहा है। यह स्टॉल 14 से 27 नवंबर तक भारत मंडपम के हॉल नंबर 6 में लगाया गया है। एफसीआई ने अपने इस प्रदर्शनी क्षेत्र को छवि-निर्माण अभियान के रूप में तैयार किया है,






जिसमें निगम की कार्यप्रणाली, खाद्यान्न प्रबंधन प्रणाली और किसानों के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाया गया है। अधिकारियों ने आगंतुकों से अपील की है कि वे स्टॉल पर आकर इस प्रयास में जुटे कर्मियों का उत्साहवर्धन करें। स्टॉल की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि पहली बार छह राज्यों-ओडिशा, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, पंजाब और हरियाणा-का एफसीआई चावल एक ही स्थान पर खुदरा बिक्री के लिए उपलब्ध कराया गया है। महज 28.90 और 30.90 प्रति किलोग्राम की किफायती दर पर उपलब्ध यह चावल आगंतुकों से बेहद उत्साहजनक प्रतिक्रिया प्राप्त कर रहा है। व्यापार मेले में एफसीआई की यह पहल न केवल संस्थान की पारदर्शिता और जन-संपर्क को मजबूत कर रही है बल्कि खाद्य सुरक्षा और किसानों के सम्मान के संदेश को भी व्यापक स्तर पर पहुंचा रही है।

# रोहिणी आचार्य ने राजनीति से लिया संयास, परिवार से भी तोड़ा नाता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की पुत्री रोहिनी आचार्या ने राजनीति छोड़ने का एलान किया है। इतना ही नहीं उन्होंने अपने परिवार से दूरी बनाने की भी घोषणा कर दी है। रोहिणी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि मैं राजनीति छोड़ रही हूं और अपने परिवार से भी नाता तोड़ रही हूं। यह वही बात है जो संजय यादव और रमीज़ ने मुझसे कहने को कहा था। राजद की हार की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि मैं सारी ज़िम्मेदारी ले रही हूं। दरअसल रोहिणी आचार्य, तेजस्वी यादव के करीबी संजय यादव की राजद में दखल से नाराज चल रही हैं। 18 सितंबर को भी उन्होंने किसी अन्य के सोशल मीडिया पोस्ट को शेयर करते हुए तेजस्वी यादव के साये बने राज्यसभा सांसद संजय यादव को निशाने पर लिया



था। उन्होंने अपने भाई तेजस्वी यादव के करीबी सांसद संजय यादव पर निशाना साधते हुए लिखा था कि लालू-तेजस्वी की जगह लेने की कोशिश करने वालों को देखना पसंद नहीं करती हैं। रोहिणी आचार्य ने जो शेयर किया था, उसमें लिखा था कि- 'फ्रंट सीट सदैव शीर्ष के नेता-नेतृत्वकर्ता के लिए चिन्हित होती है और उनकी अनुपस्थिति में भी किसी को उस सीट पर नहीं बैठना चाहिए। वैसे अगर 'कोई' अपने आप को शीर्ष नेतृत्व से भी ऊपर समझ रहा है तो अलग बात है।

# विधानसभा पहुंची 29 महिला नेत्री, मैथिली व कोमल बनी सबसे कम उम्र की विधायक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में 29 महिला प्रत्याशी जीतकर विधायक बनी हैं। चुनाव जीतने वाली 29 महिलाओं में 26 एनडीए की जबकि तीन महागठबंधन से हैं। एनडीए ने इस बार 35 महिलाओं को टिकट दिया था। इनमें भाजपा-जदयू ने 13-13, लोजपा-रा ने छह, हम ने दो व रालोमो ने एक महिला को टिकट दिया था। लोजपा-रा की एक महिला उम्मीदवार सीमा सिंह का मढ़ौरा से पर्चा रद्द होने के बाद एनडीए से 34 ही महिला प्रत्याशी मैदान में रह गयी थीं। इनमें भाजपा की 10, जदयू की 10, लोजपा की तीन, हम की दो और रालोमो की एक महिला प्रत्याशी को जीत मिली। इनमें सबसे बड़ी जीत औराई से भाजपा की रमा निषाद को मिली है। वीआइपी के बोगेंद्र सहनी को 57 हजार से अधिक वोटों से हराया है। वहीं, जमुई से श्रेयसी सिंह ने राजद के शमशाद आलम को 54 हजार से अधिक वोटों से हराया है। जदयू से सबसे अधिक वोटों से जीत दर्ज करने वालों में धमदाहा



से लेशी सिंह रहीं। उन्होंने जदयू से राजद में आये पूर्व सांसद संतोष कुशवाहा को 55 हजार से अधिक वोटों से हरा दिया है। इसके अलावा बाबूबरही से मीना कुमारी, गायघाट से कोमल सिंह, समस्तीपुर से अश्वमेघ देवी, केसरिया से शालिनी मिश्रा, त्रिवेणीगंज से सोनम रानी की जीत भी उल्लेखनीय रही है। भाजपा की ओर से दरभंगा जिले की अलीनगर सीट से जीतने वाली 25 वर्षीया लोकगायिका मैथिली ठाकुर इस बार सबसे युवा महिला विधायक हैं। उन्होंने राजद के बिनोद मिश्रा को आठ हजार से अधिक वोटों से हराया है। इसके अलावा भाजपा की छोटी कुमारी व जदयू की कोमल सिंह भी सबसे युवा विधायकों में से हैं। कोमल ने मुजफ्फरपुर जिले की गायघाट सीट पर राजद के निरंजन राय को 23 हजार से भी अधिक वोटों से हराया। कोमल सिंह की मां वीणा देवी वैशाली से लोजपा की सांसद हैं जबकि उनके पिता दिनेश प्रसाद सिंह जदयू के विधान पार्षद हैं। प्रचार के दौरान कोमल सिंह बुलेट पर बैठकर प्रचार करने को लेकर काफी चर्चा में रहीं। राजद ने 24, कांग्रेस ने पांच, माले ने एक और वीआइपी ने एक प्रत्याशी को मैदान में उतारा था। राजद की ओर से जीत दर्ज करने वालों में वारिसलीगंज से अनीता देवी, चिरैया से सावित्री देवी व परसा से करिश्मा रहीं। इसके अलावा अन्य सभी को हार का मुंह देख पड़ा। कांग्रेस की सभी महिलाओं उम्मीदवार की भी हार हुई। माले की दिव्या गौतम दीघा से हारीं तो वीआइपी उम्मीदवार बिहपुर से हार गयी। औराई से भाजपा की रमा निषाद को सबसे बड़ी जीत मिली है, उन्होंने वीआइपी के बोगेंद्र सहनी को 57 हजार से अधिक वोटों से हराया है। वहीं जमुई से श्रेयसी सिंह ने राजद के शमशाद आलम को 54 हजार से अधिक वोटों से हराया है। जदयू से सबसे अधिक वोटों से जीत दर्ज करने वालों में धमदाहा से लेशी सिंह रहीं। उन्होंने जदयू से राजद में आये पूर्व सांसद संतोष कुशवाहा को 55 हजार से अधिक वोटों से हराया है।

# बिहार चुनाव में हार के बाद कांग्रेस की बैठक

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार चुनाव में महागठबंधन की करारी हार हुई है। कांग्रेस पार्टी को मात्र 6 सीटों पर ही जीत मिली है। हार के बाद पटना से दिल्ली तक हलचल है। दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अपने आवास पर कंग्रेस की एक बड़ी बैठक बुलाई। बैठक में खुद नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी मौजूद रहे। सूत्रों के मुताबिक, बिहार चुनाव के नतीजों पर मंथन के लिए कांग्रेस पार्टी ने यह बैठक बुलाई थी। मीटिंग से बाहर निकलने के बाद कांग्रेस नेता अजय माकन ने कहा कि पूरी चुनाव प्रक्रिया में शुरू से ही प्रश्नचिन्ह लग रहा था और जब ऐसा हो तो रिजल्ट अप्रत्याशित ही होंगे। हमने अपने सभी एयलाइंस पार्टनर से भी बातचीत की है। उनका भी कहना है कि यह अप्रत्याशित नतीजे हैं और उनकी गहन समीक्षा होनी चाहिए।

# 53% नए विधायकों पर आपराधिक मामले, 90% हैं करोड़पति

## एडीआर और बिहार इलेक्शन वॉच की रिपोर्ट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** एडीआर और बिहार इलेक्शन वॉच ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में विजयी सभी 243 उम्मीदवारों के शपथ-पत्रों का विस्तृत विश्लेषण जारी किया है जिससे राज्य की नई राजनीतिक संरचना की कई महत्वपूर्ण तस्वीरें सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार इस बार 243 विजेता उम्मीदवारों में से 130 यानी 53 प्रतिशत ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। हालांकि यह संख्या 2020 की तुलना में कम है जब 241 में से 163 विधायकों के खिलाफ आपराधिक मामले थे, लेकिन नए आंकड़े भी चिंता पैदा करने वाले हैं। गंभीर आपराधिक मामलों के संदर्भ में भी थोड़ी कमी आई है–2020 में जहां 51 प्रतिशत विजेताओं ने गंभीर मामले घोषित किए थे, वहीं इस बार 42 प्रतिशत यानी 102 विजेता उम्मीदवार ऐसी श्रेणी में आते हैं। इनमें 6 विधायकों ने हत्या से जुड़े मामले और 19 विधायकों ने हत्या के प्रयास से जुड़ी धाराओं वाले मामले घोषित किए हैं। महिलाओं के खिलाफ अत्याचार से संबंधित मामलों की संख्या भी 9 पाई गई है। रिपोर्ट दलवार विश्लेषण में बताती है कि लगभग हर प्रमुख दल के कई विजेता उम्मीदवार गंभीर आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं। भाजपा के 89 विजेताओं में से 43 पर, जदयू के 85 में से 23 पर और राजद के 25 में से 14 पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। एलजेपी (रामविलास) के 19 में से 10, कांग्रेस के 6 में से 3 और एआईएमआईएम के 5 में से 4 विजेताओं ने भी ऐसे मामले घोषित किए हैं। सीपीआई (एम), इंडियन इन्क्लूसिव पार्टी और बीएसपी के एक-एक विजेता उम्मीदवार ने भी गंभीर आपराधिक मामले स्वीकार किए हैं। यह स्पष्ट दर्शाता है कि दल कोई भी हो, गंभीर मामलों वाले चेहरों को टिकट मिलने और जीत दर्ज करने का सिलसिला जारी है। संपत्ति के मामले में तस्वीर और भी रोचक है। इस बार 90 प्रतिशत विजेता उम्मीदवार करोड़पति हैं और सभी विधायकों की औसत घोषित संपत्ति 9.02 करोड़ रुपये दर्ज की गई है। इससे बिहार की राजनीति में धनबल के बढ़ते प्रभाव का संकेत मिलता है। शैक्षिक पृष्ठभूमि की बात करें तो 35 प्रतिशत विजेताओं की शिक्षा 5वीं से 12वीं के बीच है जबकि 60 प्रतिशत ने स्नातक या उससे उच्चतर योग्यता घोषित की है। पांच विजेता उम्मीदवार डिप्लोमा धारक हैं और सात केवल साक्षर हैं। नई विधानसभा की आयु संरचना भी दिलचस्प है। कुल विजेताओं में 16 प्रतिशत उम्मीदवार 25 से 40 वर्ष के बीच के हैं जबकि सबसे बड़ी संख्या 41 से 60 वर्ष आयुवर्ग की है जो 59 प्रतिशत है। इसके अलावा 26 प्रतिशत विजेता 61 से 80 वर्ष की आयु के हैं। महिला प्रतिनिधित्व में मामूली सुधार जरूर देखने को मिला है। इस बार 243 में से 29 महिलाएं चुनाव जीतकर आई हैं जो कुल 12 प्रतिशत है जबकि पिछली विधानसभा में यह आंकड़ा 11 प्रतिशत था।

एडीआर की यह रिपोर्ट राज्य की राजनीति में अपराध, धनबल और सामाजिक प्रतिनिधित्व के बदलते समीकरणों को एक बार फिर उजागर करती है। मामलों की संख्या में हल्की कमी जरूर आई है, लेकिन गंभीर आरोपों वाले विधायकों की बड़ी उपस्थिति लोकतांत्रिक व्यवस्था के सामने कई सवाल खड़ी करती है।

# मैं इलेक्शन कमीशन के उम्मीदवार से चुनाव हारा : राजेश कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार ने कुटुंबा विधानसभा क्षेत्र से अपनी हार का ठीकरा चुनाव आयोग के ऊपर फोड़ा है। करारी हार के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार ने चुनाव आयोग पर सीधा निशाना साधते हुए कहा है कि उनकी असली लड़ाई किसी राजनीतिक दल से नहीं, बल्कि 'इलेक्शन कमीशन के उम्मीदवार' से थी। एक बयान जारी कर उन्होंने आरोप लगाया कि पूरे चुनाव अभियान के दौरान माहौल इस तरह बना दिया गया, मानो वे निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि एक संस्थागत चुनौती से लड़ रहे हों। राजेश कुमार ने अपनी पराजय को व्यक्तिगत विफलता नहीं, बल्कि 'विकास की हार और जातीय उन्माद की जीत' बताया। उन्होंने कहा कि कुटुंबा क्षेत्र में जातीय ध्रुवीकरण इतना प्रबल था कि विकास के मुद्दे दब गए। जनता के फैसले का सम्मान करते हुए उन्होंने कहा कि 'जनता ने उन्हें पांच साल के लिए अर्न लीव पर भेजा है' और वह अवकाश पूरा कर फिर से मजबूत वापसी करेंगे। संगठनात्मक कमजोरी को हार का कारण मानने से इनकार करते हुए उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस के सभी फ्रंटल संगठनों की लंबे समय से सक्रियता क्षेत्र में बनी रही। इसलिए हार को संगठन की विफलता बताना उचित नहीं है। गौरतलब है कि राजेश कुमार कुटुंबा सीट से लगातार दो बार के विधायक थे, लेकिन इस बार हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के उम्मीदवार ललन राम ने उन्हें 21,525 मतों से पराजित कर बड़ा उलटफेर कर दिया।

# पान-स्वासी जाति संघ ने ई. आई. पी. गुप्ता की ऐतिहासिक विजय पर दी बधाई

## जीत को बताया सामाजिक परिवर्तन की नई शुरुआत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार राज्य मूल पान, स्वासी जाति संघ ने विधानसभा क्षेत्र 75 सहरसा से निर्वाचित हुए ई. आई. पी. गुप्ता को उनकी ऐतिहासिक जीत पर विस्तृत बयान जारी कर हार्दिक शुभकामनाएं दीं और कहा कि बेहद चुनौतीपूर्ण और प्रतिकूल चुनावी परिस्थितियों के बीच जिस धैर्य, संयम और अदम्य साहस के साथ उन्होंने जनसमर्थन हासिल किया, वह न केवल उनके मजबूत राजनीतिक नेतृत्व का प्रमाण है, बल्कि सामाजिक न्याय और समान अवसर के प्रति उनकी दृढ़ प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। संघ के अध्यक्ष पंकज कुमार और संयुक्त सचिव विजय कुमार ने कहा कि चुनाव अभियान के दौरान गुप्ता का निरंतर जनसंपर्क, जमीनी मुद्दों की समझ और विकास के प्रति ईमानदार दृष्टिकोण ने यह सिद्ध किया कि जनता उन नेताओं का साथ कभी नहीं छोड़ती जो उनके बीच रहते हुए उनकी वास्तविक समस्याओं को समाधान की दिशा में आगे बढ़ाते हैं। संघ ने यह भी कहा कि श्री गुप्ता की जीत ने विशेष रूप से पान-स्वासी समाज में नई ऊर्जा और उम्मीद भर दी है क्योंकि वर्षों से समाज जिन मूलभूत सवालों–सामाजिक पहचान, सम्मान, आजीविका संकट, शिक्षा और रोजगार में उचित भागीदारी–से जूझता रहा है, उनके समाधान की संभावनाएं अब पहले से कहीं अधिक मजबूत दिखाई दे रही हैं। संगठन ने बताया कि गुप्ता के सतत प्रयासों और संघर्ष ने यह स्पष्ट किया है कि समाज के कमजोर, पिछड़े और वंचित वर्गों की आवाज को राजनीतिक और प्रशासनिक स्तर पर प्रभावी रूप से उठाना उनका संकल्प रहा है और यही वजह है कि पान-स्वासी समाज उनकी विजय को अपने सामाजिक अधिकारों और भविष्य की संभावनाओं को मजबूत करने वाले ऐतिहासिक कदम के रूप में देख रहा है। संघ की ओर से कहा गया कि यह जीत इस संदेश को पुष्ट करती है कि सकारात्मक सोच, साफ नीयत और जनहित के प्रति समर्पण के साथ लड़ा गया हर संघर्ष अंततः सफलता की राह खोलता है और गुप्ता की यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों को यह प्रेरणा देगी कि कठिन परिस्थितियां कभी भी दृढ़ इच्छा शक्ति और निरंतर प्रयासों को रोक नहीं सकतीं।

# 52.2 किलोग्राम गांजा बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मधुबनी।** गुप्त सूचना के आधार पर एसएसबी 48वीं वाहिनी जयनगर की 'बी' कंपनी पिपरौन ने रात्रि में सीमा संख्या-286/10 के पास एक अत्यंत तेज और सटीक ऑपरेशन को अंजाम दिया। स्पेशल टीम ने मौके से दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार व्यक्ति के पास से 52.2 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। दोनों गिरफ्तार तस्कर हरलाखी थाना क्षेत्र के पिपरौन गांव का निवासी है। दोनों नेपाल से भारत तस्करी में कूरियर की भूमिका निभा रहे थे। एसएसबी जवानों की कार्रवाई में तस्करी नेटवर्क का खुलासा हुआ। नेपाल-भारत सीमावर्ती क्षेत्र में नशीले पदार्थ की अवैध बिक्री एवं सप्लाई की जाती है। वहीं बरामदगी और गिरफ्तार दोनों को थाना हरलाखी को विधिक प्रक्रिया हेतु सुपुर्द किया जा रहा है।

# राज्यपाल से मिले एक्युप्रेशर गुरु सर्वदेव प्रसाद गुप्त

## एक्युप्रेशर चिकित्सा के विस्तार पर हुई महत्वपूर्ण चर्चा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजभवन में शनिवार को बिहार एक्यूप्रेशर योग कॉलेज के अध्यक्ष एवं एक्यूप्रेशर महागुरु डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त ने बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से शिष्टाचार मुलाकात की जहां दोनों के बीच बिहार में एक्युप्रेशर चिकित्सा के वर्तमान स्वरूप, इसकी उपयोगिता और व्यापक विस्तार की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान डॉ. गुप्त ने राज्यपाल को एक्युप्रेशर चिकित्सा के शोध, प्रशिक्षण, जनजागरण अभियानों तथा बिहार से विश्व के विभिन्न देशों में भेजे गए चिकित्सकों और प्रशिक्षकों के कार्यों की जानकारी दी। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने बिहार से संपूर्ण विश्व में एक्युप्रेशर चिकित्सा



के प्रभावी प्रसार पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्राचीन चिकित्सा पद्धति को वैज्ञानिक आधार के साथ अधिक व्यवस्थित रूप से बढ़ावा दिए जाने की आवश्यकता है। ताकि आम लोगों को बिना दवा के सुरक्षित और प्रभावी उपचार उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने इस दिशा में आगे किए जाने वाले सभी संभावित कार्यों के लिए अपनी सहमति और सहयोग का आश्वासन भी दिया। सूत्रों के अनुसार, मुलाकात में बिहार में एक्युप्रेशर चिकित्सा के संस्थागत विकास, प्रशिक्षण केंद्रों के विस्तार, युवाओं के लिए रोजगारमुखी कोर्स की संभावनाएं, तथा सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं में एक्युप्रेशर को सहायक चिकित्सा पद्धति के रूप में शामिल करने जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई। डॉ. गुप्त ने राज्यपाल को अवगत कराया कि वर्तमान समय में बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज के माध्यम से हजारों लोग प्रशिक्षित हो रहे हैं और देश-विदेश में इस चिकित्सा पद्धति की मांग लगातार बढ़ रही है। राज्यपाल ने कहा कि पारंपरिक उपचार पद्धतियों को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाना गर्व की बात है, और एक्युप्रेशर इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में यह चिकित्सा पद्धति बिहार के स्वास्थ्य क्षेत्र तथा युवाओं के रोजगार के लिए नए अवसरों का मार्ग खोलेगी।

# नली-गली के विवाद में एक को आजीवन सजा एवं तीन को तीन साल की कैद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बक्सर।** प्रधान जिला न्यायाधीश हर्षित सिंह की अदालत में पड़ोसन की हत्या में आजीवन करावास की सजा सुनाई है। इस मामले में मुख्य दोषसिद्ध अभियुक्त क्रांति तुरहा को 302 भा द वि में आजीवन कारावास की सजा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश हर्षित सिंह की अदालत ने मुकर्रर की है जबकि मुख्य दोषसिद्ध अभियुक्त क्रांति तुरहा की मां सावित्री देवी पत्नी रूबी देवी और अन्य रिश्तेदार गुड़िया देवी को 324 एवं 149 भादवि में तीन साल की सश्रम सजा एवं तीन हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है। अपराध का मामला यह था कि नावानगर थाना के केसठ गांव में गली रास्ता के विवाद में दोषसिद्ध अभियुक्तों में सूचक कृष्णा तुरहा की मां रीता देवी को 24 जून 2023 की दोपहर में मारपीट कर जख्मी कर दिया था और सिर में चोट लग जाने के कारण वे घटनास्थल पर ही बेहोश होकर गिर पड़ी जिसे अस्पताल लेकर जाने पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया था। अपर लोक अभियोजक आदित्य कुमार वर्मा ने बताया कि पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर करीब 15 गवाहों को न्यायालय में प्रस्तुत किया।

# बी.डी. कॉलेज में नैक मूल्यांकन की व्यापक तैयारी, सभी विभागों की जिम्मेदारी तय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बी.डी. कॉलेज के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की विशेष परामर्श बैठक में शनिवार को नैक मूल्यांकन को लेकर व्यापक रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा हुई जिसकी तैयारी आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर दिवाकर पांडेय ने की थी और जिसमें सलाहकार की भूमिका निभा रहे नूपुर बोस तथा अरुण कुमार ने सभी विभागाध्यक्षों को विभागीय आकलन से जुड़ी आवश्यकताओं, दस्तावेजीकरण, शैक्षणिक उपलब्धियों, शोध कार्यों और छात्र-हितकारी गतिविधियों के सुव्यवस्थित संकलन के बारे में विस्तृत दिशा-निर्देश प्रदान किए। बैठक की अध्यक्षता कर रहीं



कॉलेज की प्राचार्या रत्ना अमृत जो पूर्व में ए.एन. कॉलेज में आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर रह चुकी हैं और जिनके समन्वय में ए.एन. कॉलेज को हाल ही में ए प्लस ग्रेड प्राप्त हुआ है ने बताया गया कि नैक मूल्यांकन में प्रत्येक विभाग की भूमिका अत्यंत निर्णायक होगी और सभी संकायों से अपेक्षा की गई कि वे निष्ठा, टीमवर्क और समयबद्ध तैयारी के साथ अपने-अपने विभागों में गुणवत्तापरक कार्यों को मजबूत करें ताकि संस्थान की समग्र ग्रेडिंग बेहतर हो सके। बैठक में यह भी कहा गया कि बी.डी. कॉलेज को सर्वोच्च गुणवत्ता मानकों तक पहुंचाने के लिए शिक्षण पद्धतियों, अनुसंधान संस्कृति, बुनियादी सुविधाओं, छात्र समर्थन सेवाओं और विस्तार गतिविधियों को और सुदृढ़ करना आवश्यक है। परामर्श बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी नाएक मूल्यांकन में बी.डी. कॉलेज के प्रदर्शन को उत्कृष्ट श्रेणी में स्थापित करना और संस्था को शैक्षणिक गुणवत्ता के उच्च मानकों पर अग्रसर करना बताया गया।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भगवान विश्वकर्मा के रूप में बिहार को सींचा : महेश्वर हजारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर जिले के कल्याणपुर (सुरक्षित) सीट से लगातार तीसरी बार जदयू के नवनिर्वाचित विधायक और सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री महेश्वर हजारी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भगवान विश्वकर्मा के रूप में जिस तरह से बिहार को सिंचा एवं चौतरफा विकास किया है वह एक रिकॉर्ड है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में केंद्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन(एनडीए) सरकार के सहयोग से बिहार विकसित राज्य में शामिल होगा। श्री हजारी समस्तीपुर में आज न्यूज एजेंसी से बातचीत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार ने जिस तरह से प्रदेश का चौतरफा विकास किया। इसके कारण ही लोगों ने एनडीए सरकार के प्रति प्रचंड बहुमत देकर एक बार फिर से विश्वास जताया है। उन्होंने कहा कि नीतीश सरकार में जिस तरह से प्रदेश में संसाधन विकसित किया गया है। आने वाले समय में अब तेज गति से राज्य में उधोग-धंधे लगाने के लिए यहां उधोगपति आयेंगे। श्री हजारी ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस पार्टी ने लोगों का विश्वास खो दिया है जिसका उदाहरण बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन की करारी हार है।

# बच्चों की दिनचर्या सुधारने में सहायक होता बोर्डिंग स्कूल : मारवाह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बच्चों के दैनिक दिनचर्या सुधारने में बोर्डिंग स्कूल की भूमिका सहायक होती है यहां बच्चे किताबी ज्ञान के साथ-साथ पाकशाला, व्यायामशाला, खेल व दैनिक कार्य में निपुणता सीखते हैं। ये बातें बिरला पब्लिक स्कूल पिलानी की प्राचार्य काजल मारवाह ने बीआईए पटना में आयेजित प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि उनके स्कूल के 81 साल के कार्यकाल में बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने में अपनी भूमिका निभाई है। उनके स्कूल से वर्तमान 24 आईएएस सहित कई आपीएस, आईसीएस, सैन्य अधिकारी, जज,



नाशा में वौज्ञानिक,डॉक्टर व इंजीनियर देश की सेवा कर रहे हैं। बिहार में भी उनके स्कूल से पास आउट छात्र अपनी सफलता का परचम लहरा रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनके स्कूल के छात्र घमंडी नहीं होते बल्कि सामाजिक कार्यो में अपनी भूमिका निभाते हैं। उनके स्कूल का स्टॉल लेमन ट्री होटल में लगे प्री स्कूल फेयर में हैं जहां उनके स्कूल बारे में जानकारियां दी जा रही है। इस मौके पर स्कूल के वरिष्ठ शैक्षणिक समन्वयक मनोरंजन कुमार सिंह, स्कूल के छात्र संजय गोयनका व निशांत मौजूद थे।

# हिमालया बेबीकेयर ने सोनपुर मेला में पेश किया एआई संचालित अनूठा प्रयोग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** हिमालया बेबीकेयर ने देश के सबसे बड़े मेलों में से एक प्रतिष्ठित सोनपुर मेला 2025 में पहली बार एक एआई संचालित अनुभव पेश किया। यह मेला 9 नवंबर से 9 दिसंबर 2025 तक आयोजित होगा। इस अवसर पर हिमालया वेलनेस कंपनी के डायरेक्टर बेबीकेयर, एन वी चक्रवर्ती ने कहा कि यह पहल इस बात की नई कल्पना प्रस्तुत करती है कि किस प्रकार तकनीक और परंपरा का संगम भारत भर में माता-पिता और बच्चों के बीच और अधिक गहन व आनंदपूर्ण संबंध बना सकती है। इसके साथ ही यह हिमालया की कोमल, प्रभावी और सुरक्षित बेबीकेयर रेंज के प्रति जागरूकता भी लाएगी। चिड़िया बाजार रोड, नक्खास रोड और मछली बाजार रोड के जंक्शन पर स्थित जीवंत और इंटरएक्टिव हिमालया बेबीकेयर के स्टॉल पर माता-पिता को दो अलग-अलग एआई संचालित गतिविधियों के अनुभवों का आनंद मिलेगा। इस पहल के माध्यम से ब्रांड का लक्ष्य ग्रामीण भारत के परिवारों तक पहुंच बनाना और यह दिखाना है कि नवाचार किस प्रकार सार्थक, संवेदनशील और प्रासंगिक भी हो सकता है। ताकि शिशुओं द्वारा सर्वाधिक पसंद किए जाने वाले ब्रांड के रूप में इसकी स्थिति मजबूत हो सके।

# नि:शुल्क जांच शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** लायंस क्लब ऑफ पटना संस्कृति द्वारा विश्व मधुमेह दिवस के उपलक्ष्य में निःशुल्क मधुमेह जांच शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिहार के प्रसिद्ध डायबिटोलॉजिस्ट डॉ. राणा संजय प्रताप सिंह ने टेंडर हार्ट्स इंटरनेशनल स्कूल, राजेंद्र नगर में आयोजित अभिभावक-शिक्षक बैठक के दौरान अभिभावकों की निःशुल्क मधुमेह जांच की तथा मधुमेह से बचाव, खान-पान में सावधानी और आवश्यक स्वास्थ्य उपायों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में लायंस क्लब ऑफ पाटलिपुत्र आस्था एवं लायंस क्लब ऑफ पटना मौर्य अपराजिता के सदस्य उत्साहपूर्वक शामिल हुए।




कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने हेतु सम्मानित अतिथियों में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला. प्रदीप खेतान एम.जे.एफ., उनकी धर्मपत्नी ला. रचना खेतान, रीजनल चेयर ला. संजू सिन्हा, जोन चेयर ला. आशुतोष सिंह, ला. मधुसूदन कुमार पी.जी.डी., ला. संतोष कुमार (सी.ए.) और ला. विमल कुमार उपस्थित रहे। वहीं लायंस क्लब ऑफ पटना संस्कृति की ओर से जोन चेयर राजीव भार्गव, अध्यक्ष ला. शिवानी भार्गव, सचिव ला. रोहित शंकर और पूर्व अध्यक्ष ला. अनीता अग्रवाल ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में सीनियर सेक्शन (कक्षा 6 से 9) के विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया जिसका अभिभावकों एवं क्लब के आगंतुक अतिथियों ने अवलोकन कर विद्यार्थियों की रचनात्मकता की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

# सोनपुर मेला में लिट्रा पब्लिक स्कूल के बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुति



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार सरकार के तत्वावधान में सोनपुर मेला में एक बार पुनः सामयिक परिवेश संस्था ने शिरकत की। संस्थापिका ममता मेहरोत्रा ने सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। लिटेरा पब्लिक स्कूल के बच्चों ने शानदार प्रस्तुति दी। उन सबकी प्रस्तुति पर दर्शक झूम उठे। मौके पर सारण जिला प्रशासन के पदाधिकारीगण उपस्थित थे। सविता राज ने अपनी गजल 'सच का पर्दा उठाता रहे हर घड़ी, शख्स वो इस शहर में बचा है कहां।' गाकर दर्शकों की तालियां बटोरी। श्वेता गजल की गजल हम तो बेरंग हैं रंगों में हमारा क्या है, रंग फूलों के हैं फूलों में हमारा क्या है ने दर्शकों का मन मोह लिया। गायक राजेश केशरी ने 'शिव शंकर को जिसने पूजा' सुनाकर वाहवाही लूटी। म्यूजिशियन में कीबोर्ड पर विकास सोलंकी, ढोलक पर अमरनाथ, पैड पर अभिषेक कुमार ने साथ दिया।

# थैलीसीमिया एचएलए टेस्ट कैंप में 256 बच्चों हेतु 850 सैम्पल लिए गये

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** थैलेसीमिया जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे बच्चों के स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य के लिए नारायणा हेल्थ बेंगलुरु, मां वैष्णो देवी सेवा समिति और मां ब्लड सेंटर पटना की ओर से चौथा निःशुल्क थैलेसीमिया एचएलए मैचिंग कैंप महाराणा प्रताप भवन, पटना में सुबह 9 बजे से शुरू हुआ। समिति के सदस्य मुकेश हिसारिया ने बताया कि इस बार कैंप में बिहार के अलावा उत्तर प्रदेश, झारखंड, पश्चिम बंगाल, असम और नेपाल से करीब 256 थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों का निबंधन हुआ जिसमें करीब 850 से ज्यादा भाई बहन माता पिता का सैम्पल लिया गया। यह जांच बोन मैरो ट्रांसप्लांट के लिए सही डोनर खोजने में मदद



करती है जिससे बच्चों का बोन मैरो ट्रांसप्लांट के बाद उन बच्चों को नई जिंदगी मिलती है। समिति के सदस्य कन्हैया अग्रवाल 'कन्नू' ने बताया कि इस कैंप में नारायणा हेल्थ बेंगलुरु से प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. सुनील भट्ट और विक्की राय के निर्देशन में डॉक्टरों की टीम ने 850 से अधिक सैम्पल इकट्ठा किया। इस कैम्प में थैलीसीमिया पीड़ित बच्चे उनके भाई बहन कुल मिलाकर करीब 1500 से अधिक लोग आए थे जिनके खाने पीने की व्यवस्था समिति द्वारा की गई थी। बच्चों के मनोरंजन के लिए खेल, जादू शो और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की व्यवस्था भी थी। आज के इस जांच कार्यक्रम में विधायक संजय गुप्ता, नितिन नवीन, नंदकिशोर यादव, रत्नेश कुशवाहा, पटना प्रमंडल आयुक्त अनिमेष पराशर, विकास आयुक्त डॉ एस सिद्धार्थ, आलोक राज ने भी उपस्थित होकर हौसला बढ़ाया और सहयोग का आश्वासन दिया। मौके पर समिति के अध्यक्ष जयप्रकाश सरावगी, सचिव संजय तोतला, कोषाध्यक्ष नंदकिशोर अग्रवाल सहित सभी कार्यकर्ता इस मानवीय प्रयास में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। मौके पर समिति के मुकेश हिसारिया ने बताया कि अगर शादी से पहले एचबीए2 (थैलेसीमिया माइनर) टेस्ट को अनिवार्य कर दिया जाए तो इस बीमारी से पीड़ित बच्चों के जन्म को रोका जा सकता है। यह समाज के लिए एक बहुत बड़ी सेवा होगी। बिहार में यह अब तक का चौथा बड़ा कैंप है। पहला कैंप 23 फरवरी 2020, दूसरा 14 नवंबर 2022 और तीसरा 5 जनवरी 2024 को लगा था। इन प्रयासों से अब तक 57 बच्चों को बोन मैरो ट्रांसप्लांट के माध्यम से नया जीवन मिल चुका है।

# बिहार की जनता ने जंगलराज और जातिवाद की राजनीति को सिरे से नकारा : दीपक अभिषेक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार की राजनीति में एक बार फिर इतिहास रचते हुए राज्य की जनता ने यह स्पष्ट संदेश दे दिया है कि अब उनका भरोसा केवल विकास, सुशासन और स्थिरता की राह पर ही टिका है। एनडीए की इस प्रचंड जीत ने न सिर्फ राजनीतिक समीकरण बदला है, बल्कि यह भी साबित कर दिया है कि जनता अब नकारात्मकता, जातिवाद और परिवारवाद की राजनीति से उकता चुकी है। जनता दल यूनाइटेड के विधि प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता दीपक अभिषेक ने मतदाताओं के प्रति हार्दिक आभार जताते हुए कहा है कि बिहार की देवतुल्य जनता ने अपने निर्णय से यह सिद्ध कर दिया है कि 'विकसित बिहार' का सपना



ही उसकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि यह विजय जनता की अपेक्षाओं, विश्वास और आशाओं का परिणाम है जिसे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व ने अपने विकास कार्यों से सींचा है। दीपक अभिषेक के अनुसार राज्य की जनता ने जंगलराज, जातिवाद और परिवारवाद की राजनीति को पूरी तरह नकार कर ऐसी राजनीति को समर्थन दिया है जो समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाती है।

# रामगढ़ में पिंटू यादव ने प्रशासन पर देरी और धांधली की मंशा के आरोप लगाए

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ विधानसभा सीट पर शुक्रवार को मतगणना के दौरान भारी हंगामे और तनाव की स्थिति बनने की घटनाओं के बीच बसपा प्रत्याशी सतीश कुमार सिंह उर्फ पिंटू यादव ने 30 मतों के बेहद कम अंतर से भाजपा प्रत्याशी अशोक कुमार सिंह को हराकर विजय हासिल की जबकि उन्होंने इसे जनता की जीत बताते हुए प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। पिंटू यादव के मुताबिक 25वें राउंड के नतीजों की घोषणा में लगभग दो घंटे की देरी से समर्थकों में आक्रोश पनपा जिसके कारण मतगणना केंद्र के बाहर पुलिस से झड़प और लाठीचार्ज की नौबत आ गई। उन्होंने दावा किया कि 2020 में बसपा प्रत्याशी अंबिका यादव को धांधली करके हराया गया था और इस बार भी प्रशासन द्वारा परिणाम घोषित करने में अनावश्यक देरी कर उन्हें पराजित करने की कोशिश की गई जिससे समर्थक सड़क पर उतरने को मजबूर हुए। पिंटू यादव ने कहा कि वे पहले राउंड से लगातार बढ़त बनाए हुए थे और पोस्टल बैलेट की गिनती के बाद उनकी जीत स्पष्ट हो चुकी थी, इसके बावजूद प्रमाणपत्र रात लगभग 11 बजे दिया गया जबकि अन्य विधानसभाओं में शाम 5 बजे तक प्रक्रिया खत्म हो गई थी। उन्होंने प्रशासन पर जानबूझकर देरी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि समय पर प्रमाणपत्र दिया जाता तो किसी तरह की तनातनी की स्थिति उत्पन्न नहीं होती। इस बीच रामगढ़ में उनके आवास पर सुबह से ही जश्न का माहौल रहा जहां समर्थक फूल, माला और अबीर के साथ उनका स्वागत करते रहे। पिंटू यादव ने घायल समर्थकों के साहस की सराहना करते हुए रामगढ़ की जनता का आभार व्यक्त किया और कहा कि जनता के संघर्ष और दबाव के कारण किसी तरह की धांधली सफल नहीं हो सकी।

## रामगढ़ में मतगणना विवाद के बाद पुलिस का फ्लैग मार्च

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** कैमूर जिले के रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में मतगणना के दौरान हुई हिंसक झड़प के बाद प्रशासन ने कानून-व्यवस्था को नियंत्रित रखने के लिए सख्ती बढ़ाते हुए मोहनियां के डीएसपी प्रदीप कुमार के नेतृत्व में दुर्गावती से रामगढ़ तक पुलिस बल का फ्लैग मार्च निकाला जिसमें लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करते हुए यह निर्देश दिया गया कि पांच या उससे अधिक लोगों के एक जगह इकट्ठा होने पर रोक है और किसी भी प्रकार के जुलूस या समूह में निकलना प्रतिबंधित रहेगा। डीएसपी प्रदीप कुमार ने बताया कि पूरे जिले में धारा 144 तथा बी एन एस 163 के तहत निरोधात्मक कार्रवाई लागू कर दी गई है ताकि चुनाव परिणाम को लेकर भविष्य में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न न हो और उन्होंने स्पष्ट किया कि शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है जिसके लिए लगातार पेट्रोलिंग और फ्लैग मार्च जारी रहेगा। सुरक्षा बलों ने दुर्गावती बाजार, कई संवेदनशील गांवों और मुख्य सड़कों से होते हुए रामगढ़ तक फ्लैग मार्च जारी रखा जिससे स्थानीय लोगों में भरोसा बढ़ा और माहौल को सामान्य करने के प्रयास तेज हुए। प्रशासन ने नागरिकों से अफवाहों से बचने, सोशल मीडिया पर भड़काऊ सामग्री साझा न करने और शांति बनाए रखने में सहयोग करने की अपील करते हुए यह चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क दुर्घटना में तीन युवकों की मौत, तीन गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन सोन।** रोहतास जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में दो सड़क दुर्घटना में तीन युवकों को मौत हो गई, तीन युवक घायल हो गए। पुलिस के अनुसार रोहतास थाना क्षेत्र के बकुआ गांव के समीप शुक्रवार की देर रात दो बाइक की आमने-सामने टक्कर में दो युवकों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा इतना भीषण था कि दोनों बाइक के परखच्चे उड़ गए और उस पर सवार लोग सड़क पर दूर तक जा गिरे। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार यह दर्दनाक दुर्घटना तीखे मोड़ पर हुई। अंधेरा और तेज रफ्तार होने के कारण दोनों बाइकें आमने-सामने भिड़ गईं। हादसे में एक बाइक सवार तुंबा गांव निवासी 26 वर्षीय रौनक सिंह उर्फ बंटी व दूसरे बाइक पर सवार ढेलाबाद निवासी 25 वर्षीय बबलू प्रजापति की मौत घटनास्थल पर ही हो गई जबकि तीन अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल ढेलाबाद निवासी पप्पू कुमार समेत तीनों को आनन-फानन में लोगों ने एंबुलेंस से इलाज के लिए रोहतास पीएचसी पर लाया जिसके बाद चिकित्सक ने उनकी स्थिति गंभीर देखते हुए सासाराम सदर अस्पताल रेफर कर दिया जहां उनका इलाज चल रहा है। घायलों की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही रोहतास थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने क्षतिग्रस्त बाइकों को जब्त कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष निकुंज भूषण प्रसाद के अनुसार दोनों बाइकों को जब्त कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। हादसे की खबर मिलते ही तुंबा और ढेलाबाद गांव में मातम छा गया। मृतकों के स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। रौनक सिंह अपने माता पिता के इकलौते बेटे थे। कुछ वर्ष पूर्व ही उनके बड़े भाई की भी सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। रौनक के पिता की भी मृत्यु हो गई है। ऐसे में वह परिवार चलाने वाला इकलौता बचे थे। उनकी मौत के बाद स्वजनों पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। वहीं बबलू प्रजापति के घर में भी उनकी पत्नी पुष्पा देवी एवं स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बबलू की शादी 2021 में हुई थी। उनके दो छोटे बच्चे भी हैं। एक बेटी काजल कुमारी ढाई वर्ष व एक वर्ष का बेटा है। दोनों युवकों की असमय मौत से गांव में सन्नाटा पसर गया है। लोगों ने बताया कि बबलू रसूलपुर से बाइक पर सब्जी लेकर वापस लौट रहे था जबकि रौनक बाइक से रोहतास की ओर जा रहे थे। बबलू प्रजापति की बाइक पर दो व रौनक सिंह की बाइक पर तीन लोग सवार थे। वहीं डिहरी नगर थाना क्षेत्र के डिहरी-तिलौथू मार्ग के तारबंगला अंधा मोड़ पर एक मोटर साइकिल सवार व्यक्ति की अज्ञात वाहन की टक्कर से घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

# पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन ने रेल कर्मचारियों को सम्मानित करने के लिए कार्यक्रम का किया आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल की ओर से बाकले अधिकारी क्लब, डी0डी0यू0 में संगठन की विभिन्न कल्याणकारी गतिविधियों का समय-समय पर सफल आयोजन करने के लिए रेल कर्मचारियों के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के कुल 36 रेल कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान इन रेल कर्मचारियों की कड़ी मेहनत एवं समर्पण की सराहना की गई। कार्यक्रम की सराहना करते हुए संगठन की अध्यक्षा चित्रा सिंह ने कहा कि रेल कर्मचारियों के पेशेवर कर्त्तव्यों से परे, सामुदायिक सेवा और सहयोग की सच्ची भावना इस संगठन को समय-समय पर देखने को मिली। कर्त्तव्य के प्रति यही समर्पण और अतिरिक्त प्रयास करने की इच्छाशक्ति ही वास्तव में हमारे रेलवे परिवार की पहचान है। इस अवसर पर संगठन की सचिव शालीनी भूषण, कोषाध्यक्ष प्रियांशु यादव, संयुक्त सचिव श्रीमती वैष्णवी, मीता नारी, स्कूल सचिव श्रीमती दीपिका, श्रीमती अस्वती, सोमा चटर्जी आदि सदस्याएं उपस्थित रहे।

# मोदी-नीतीश की जोड़ी पर जनता का भरोसा अटूट : अमित कुमार पटेल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक जीत पर भाजपा युवा नेता अमित कुमार पटेल ने 'नवबिहार टाइम्स' से बातचीत में कहा कि यह परिणाम बिहार की जनता के विश्वास, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि बिहार के इतिहास में पहली बार भाजपा इतने बड़े अंतर से रिकॉर्ड जीत हासिल करने में सफल रही है। भाजपा की स्थापना के 45 वर्ष बाद यह परिणाम पार्टी के संगठनात्मक मजबूती, कार्यकर्ताओं के समर्पण और नेतृत्व की दूरदर्शिता को दर्शाता है। अमित कुमार पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ताबड़तोड़ चुनावी सभाओं ने इस चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाई। उन्होंने दावा किया कि जहां-जहां प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जनसभाएं कीं, उन क्षेत्रों में मतदाताओं का झुकाव स्पष्ट रूप से एनडीए के पक्ष में दिखा और परिणामस्वरूप उन अधिकांश सीटों पर एनडीए प्रत्याशी प्रचंड बहुमत से विजयी हुए। उन्होंने कहा कि बिहार ने एक बार फिर साबित किया है कि मोदी-नीतीश की जोड़ी पर जनता का भरोसा अटूट है। दोनों नेताओं की लोकप्रियता, भाजपा संगठन की मजबूत रणनीति और एनडीए की जमीनी पकड़ का संयुक्त असर ही रहा कि बिहार की जनता ने इस बार भी एनडीए को भारी बहुमत से सत्ता सौंपी। अमित कुमार पटेल ने कहा कि यह जीत जनता की उम्मीदों, विश्वास और विकास की राजनीति की जीत है जो आने वाले समय में बिहार को नई दिशा देने का काम करेगी।

# डिहरी से नवनिर्वाचित विधायक राजीव रंजन उर्फ सोनू सिंह का भव्य स्वागत, विकास को दी प्राथमिकता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी विधानसभा चुनाव में एनडीए समर्थित लोजपा (राम विलास) प्रत्याशी राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह की विजय के बाद देर शाम डिहरी बाजार में आयोजित विजय जुलूस में कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। शहर में जुलूस के दौरान एनडीए कार्यकर्ताओं में उत्साह और जश्न का माहौल दिखाई दिया। नवनिर्वाचित विधायक ने इस अवसर पर वीर कुंवर सिंह, महात्मा गांधी तथा जननायक कर्पूरी ठाकुर की आदमकद प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इसके बाद 'नवबिहार टाइम्स' से बातचीत में उन्होंने अपने प्राथमिकताओं को स्पष्ट करते हुए कहा कि डिहरी विधानसभा क्षेत्र का समग्र विकास उनकी पहली जिम्मेदारी होगी। उन्होंने बताया कि बेहतर चिकित्सा एवं शिक्षा व्यवस्था, डिहरी को जिला का दर्जा दिलाने, रोहतास इंडस्ट्रीज को पुनर्जीवित कराने, पाली पुल की मरम्मती, वेंडर जोन निर्माण, सड़क चौड़ीकरण, शहर को स्वच्छ व जाम मुक्त बनाने तथा भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन जैसे मुद्दे उनकी शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल होंगे। राजीव रंजन सिंह ने विशेष रूप से कहा कि डालमियानगर में रेल कारखाना लगाना उनका मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि कारखाना स्वीकृत है और वह शीघ्र ही लोजपा (आर) सुप्रीमो एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान से मिलकर प्रधानमंत्री स्तर पर पहल कराने का आग्रह करेंगे। उन्होंने कहा कि अनुमंडल की एकमात्र महिला कॉलेज में विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय की पढ़ाई शुरू कराना, सोन नहरों का आधुनिकीकरण और हर खेत तक पानी पहुंचाना भी उनके कार्यकाल के प्रमुख लक्ष्य होंगे। पाली पुल की मरम्मती में हो रही देरी पर उन्होंने चिंता जताई और जल्द ही रेल अधिकारियों से मिलकर कार्य को तेजी से पूरा कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि खेल सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए स्टेडियम निर्माण तथा युवाओं और छात्रों के लिए विद्यालयों का उन्नयन भी उनकी प्राथमिकता होगी। नवनिर्वाचित विधायक ने जनता को आश्वस्त किया कि उनका पूरा फोकस डिहरी के सर्वांगीण विकास पर रहेगा और वे क्षेत्र की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# आरपीएफ डिहरी ने दो नाबालिग बच्चियों को चाइल्ड हेल्पलाइन के किया सुपुर्द

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट निरीक्षक राम विलास राम ने बताया कि उप निरीक्षक कुमार गौरव, सहायक उप निरीक्षक राजेंद्र कुमार दास साथ स्टाफ गश्त के दौरान रेलवे स्टेशन डिहरी ऑन-सोन प्लेटफार्म संख्या 03 के पश्चिम ऊपरी गामी पुल के नीचे दो नाबालिग बच्ची डरी और सहमी हालत में मिली जिसे महिला आरक्षी प्रीति कुमारी को बुलाकर दोनों नाबालिग बच्चियों से पूछताछ किया तो अपना-अपना काल्पनिक नाम मेघा कुमारी, उम्र करीब 16 वर्ष, सावित्री कुमारी, उम्र करीब-15 वर्ष बतायी एवं बतायी कि मां के डांटने से गुस्सा होकर हम लोग अपने-अपने घर से भाग कर डिहरी स्टेशन आई हूं। मामला नाबालिग बच्ची होने के कारण इनके परिजन को सूचित किया गया। साथ ही साथ चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर सूचित करते हुए उक्त दोनों नाबालिग लड़की को पोस्ट पर महिला आरक्षी प्रीति कुमारी के देखरेख में रखा गया। सूचना पर चाइल्ड हेल्पलाइन सासाराम के सुपरवाइजर रंजू कुमारी रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट पर उपस्थित होकर दोनों बच्ची का काउंसलिंग किए तो दोनों ने उपरोक्त बातें पुनः बतायी। बाद में उक्त बरामद बच्ची को सुरक्षित उसके घर पहुंचाने एवं मां-बाप से मिलाने हेतु सुपुर्दगीनामा तैयार कर अग्रिम कार्रवाई वास्ते चाइल्ड हेल्पलाइन सासाराम के सुपरवाइजर रंजू कुमारी को सही सलामत फोटोग्राफी करते हुए सुपुर्द किया गया।

# जीएनएसयू में राष्ट्रीय शिक्षा नीति जागरूकता फैलाने के लिए नुक्कड़ नाटक आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** बाल दिवस को गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय की एनएसएस और एनसीसी इकाइयों ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए परिसर में एक जीवंत और जानकारी पूर्ण नुक्कड़ नाटक का संयुक्त रूप से आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य छात्रों और आसपास के समुदाय को एनइपी 2020 के प्रमुख सुधारों और दीर्घकालिक दृष्टिकोण के बारे में शिक्षित करना था। कार्यक्रम का संयोजन जीएनएसयू के राष्ट्रीय शिक्षा नीति समन्वयक प्रो. डॉ. आशुतोष द्विवेदी ने किया जिनके मार्गदर्शन ने कार्यक्रम की दिशा और प्रभाव को आकार देने में मदद की। नुक्कड़ नाटक का समन्वय एनएसएस समन्वयक वेदांत प्रजापति और एनसीसी समन्वयक डॉ. मयंक कुमार राय ने संयुक्त रूप से किया।

वरिष्ठ संकाय सदस्यों में डॉ. बी.एस.गुप्ता, टी.पी.सी. प्रमुख डॉ. विशाल कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर, डॉ. मनीष कुमार उपाध्याय, एसोसिएट प्रोफेसर और रौशन सिंह, पी.आई., एनसीसी का सक्रिय सहयोग रहा जिन्होंने कार्यक्रम में भाग लिया और छात्रों की भागीदारी को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में 102 छात्रों और 5 संकाय सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उनकी सामूहिक भागीदारी ने सुनिश्चित किया कि एनईपी 2020 का संदेश व्यापक और विविध दर्शकों तक पहुंचे। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने व्यंग्य, नाटक और रोजमर्रा के परिदृश्यों का उपयोग करके राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की मुख्य विशेषताओं बहु-विषयक शिक्षा, कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा, पाठ्यक्रम में लचीलापन और शिक्षार्थी-केंद्रित दृष्टिकोण को उजागर किया। नाटक जटिल नीतिगत तत्वों को दर्शकों के लिए आसानी से समझने योग्य बनाने में सफल रहा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. जगदीश सिंह ने समन्वयक एवं प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की और रचनात्मक एवं समुदाय-उन्मुख गतिविधियों के माध्यम से राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बारे में जागरूकता फैलाने की आवश्यकता पर बल दिया।

# कायस्थ विकास परिषद न्यास के पदाधिकारी ने एनडीए की प्रचंड जीत पर विधायकों को दी बधाइयां

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** कायस्थ विकास परिषद न्यास के कार्यकारणी अध्यक्ष राकेश चंद्र सिन्हा उर्फ सीपू के नेतृत्व में परिषद के पूर्व अध्यक्ष अश्वनी कुमार सिन्हा उर्फ चंदन जी, भाजपा विधि प्रकोष्ठ के अधिवक्ता कमलेश सिन्हा, लोजपा रा जिला प्रवक्ता उमेश प्रसाद श्रीवास्तव, जदयू प्रवक्ता अलख निरंजन श्रीवास्तव, डॉक्टर प्रवीण सिन्हा, रिंकू सिन्हा, अजय सिन्हा, पिंकू श्रीवास्तव, शेखर सिन्हा सहित दर्जनों प्रतिनिधि ने राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा को गुलदस्ता देकर बधाइयां दी। वही करगहर विधानसभा विधायक वशिष्ठ सिंह को फूल की मालाओं से सम्मानित कर बधाइयां दी गई। नोखा विधायक नरेंद्र चंद्रवंशी को गुलदस्ता देकर बधाइयां दी। वहीं डिहरी ऑन सोन में विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू जी को सम्मानित किया गया।

# नीट की परीक्षा में सफलता हासिल करने पर छात्राओं को किया गया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**सासाराम।** आज प्रज्ञा निकेतन विद्यालय के प्रांगण में कक्षा 12 की दो छात्राएं जागृति नंदा और आकृति नंदा को नीट- 2025 की परीक्षा में शानदार सफलता हासिल करने के लिए उनका अभिनंदन किया गया। सम्मानित करते हुए विद्यालय की तरफ से उनको स्मृति चिह्न भेंट किया गया। इस अवसर पर उनके माता-पिता को भी शॉल भेंट करके सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक ई संजय त्रिपाठी ने कहा कि 'जागृति और आकृति की सफलता सभी के लिए प्रेरणा है। उनके मेहनत और प्रतिबद्धता ने उन्हें यहां तक पहुंचाया है। हम सभी छात्र/छात्राओं को उनका उदाहरण लेने, ध्यान केंद्रित करने और अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।' वहीं अपने संदेश में जागृति और आकृति ने कहा कि 'सफलता के लिए नियमितता और निरंतरता आवश्यक है। एक योजना बनाएं, मेहनत करें और अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन में अपने लक्ष्यों को प्राप्त करें। खुद पर विश्वास करें और उत्कृष्टता के लिए प्रयास करें।'

# सफाई मजदूर आयोग का गठन किया जाए : गोपाल अम्बेडकर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए के प्रचंड जीत पर अखिल भारतीय संपूर्ण क्रांति दल व आल इण्डिया सफाई कामगार यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल अंबेडकर ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तथा बिहार के विकास के शिल्पी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बधाई दिया है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने दोनों नेताओं के नाम पर जबरदस्त मतदान किया है। इस विधानसभा चुनाव की जीत से देश के महादलित समाज का मनोबल बढ़ा है। देश और बिहार में अंतिम पायदान पर रहने वाले महादलित मतदाता एनडीए सरकार बनने पर खुशी से झूम रहे हैं। उन्होंने सबसे अंतिम पायदान पर रहने वाले मतदाताओं को विकास को सफाई मजदूर आयोग के गठन का आग्रह किया है।

# एनडीए की जीत पर महादलित परिवार में बटी मिठाइयां

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** जनता दल यूनाइटेड के प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने बिहार विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत होने की खुशी में महादलित बस्ती के लोगों के बीच जाकर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। प्रखंड अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि यह जीत नीतीश कुमार के विकास की जीत है जो उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, महिलाओं के सशक्तिकरण, जीविका जैसी स्वयंसेवी संस्था को सशक्त करना, किसानों, छात्र-छात्राओं, दलित महादलित को पंचायती चुनाव में आरक्षण, सरकारी नौकरी में महिलाओं को आरक्षण, वृद्धा पेंशन योजना की राशि बढ़ोतरी, सवा सौ यूनिट बिजली फ्री, बेरोजगारों युवाओं के लिए किया गए कार्य का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह जीत नरेंद्र मोदी की कल्याणकारी योजना भारत को विकसित भारत बनाने की परिकल्पना चिराग पासवान, उपेंद्र कुशवाहा, जीतन राम मांझी के दूरदर्शी सामाजिक और राजनीतिक सोच का परिणाम है। बिहार की गठबंधन द्वारा जनता ने उनके झूठे वादे और प्रलोभन पर विश्वास नहीं किया। उन्होंने नीतीश कुमार के विकास और सामाजिक समरसता की सोच में विश्वास किया और नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन को पूर्ण बहुमत सरकार बनाने का मौका दिया। मौके पर पार्टी के सरोज सिंह, गोलू कुमार, बबलू कुमार, बलजीत सिंह, शंभू कुमार, मोहन रावत, कृष्ण कुमार रावत, संजय कुमार रावत, मनोज राम, मालती देवी आदि मौजूद थे।

# परिवार नियोजन पहल तेज, 15 महिलाओं का बंध्याकरण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोचस (रोहतास)।** शनिवार को प्रखंड क्षेत्र के सीएचसी कोचस में परिवार नियोजन अभियान के तहत 15 महिलाओं का सुरक्षित बंध्याकरण कराया गया। यह कार्यक्रम सरकार द्वारा संचालित परिवार कल्याण योजना के अंतर्गत आयोजित किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. तुषार कुमार ने बताया कि परिवार नियोजन को बढ़ावा देने तथा मातृ-स्वास्थ्य संरक्षण को सुनिश्चित करने के लिए लगातार जागरूकता गतिविधियां चलाई जा रही हैं। स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर लोगों को स्थायी विधि के लाभ, प्रक्रिया और सुरक्षा के बारे में जागरूक कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की यह योजना क्षेत्र की सभी योग्य महिलाओं के लिए उपलब्ध है और इसका उद्देश्य परिवारों को स्वास्थ्य और सुरक्षित भविष्य की दिशा में प्रोत्साहित करना है। मौके पर स्वास्थ्य विभाग के कर्मी, आशा और एएनएम सहित सभी आवश्यक स्टाफ मौजूद रहे। चिकित्सकों और पैरामेडिकल टीम की देखरेख में सभी 15 महिलाओं का बंध्याकरण सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया।

# 'राष्ट्र के विकास में बच्चों की भूमिका' विषय पर परिसंवाद कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**डिहरी ऑन-सोन।** जन अधिकार फाउंडेशन, कम्पेन अगेंस्ट चाइल्ड लेबर एवं राइट टू एजुकेशन फोरम के संयुक्त तत्वावधान में बाल दिवस के अवसर पर जन अधिकार फाउंडेशन सभागार अकोढ़ी गोला में 'राष्ट्र के विकास में बच्चों की भूमिका' विषय पर परिसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुशल युवा कार्यक्रम के छात्र-छात्राओं के साथ जीविका प्रखंड परियोजना प्रबंधक सुबोध कुमार विश्वास, जीविका एरिया कोर्डिनेटर रचना कुमारी, जीविका कम्युनिटी कोआडिनेर सत्यजीत कुमार एवं जन अधिकार फाउंडेशन के डायरेक्टर सुजीत कुमार ने संयुक्त रूप से केक काटकर बाल दिवस खुशियां जाहिर की। प्रखंड परियोजना प्रबंधक ने कहा कि कोई परिणाम जो आप हासिल करना चाहते हैं, स्वयं प्रयास केन्द्रित करना होगा। दूरगामी लक्ष्य तक पहुंचने के लिए इच्छुक बच्चे को छोटे-छोटे साकारात्मक कदम उठाने होंगे। बच्चों द्वारा जल जीवन हरियाली के प्रतीक वृक्ष का पौधा भेंट कर अतिथियों का सम्मान बढ़ाया गया। कुशल युवा कार्यक्रम में नियमित पढ़ाई एवं अन्य बच्चों को पढ़ने के लिए प्रेरित करने वाले लर्नर को बैग देकर सम्मानित किया गया। सभी छात्र-छात्राओं को कलम कापी भेंट कर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर लर्नर फैसिलिटेटर प्रेम प्रकाश, सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर प्रीतिश राज, राधारानी कुमारी, राजु कुमार, अंशु कुमार सहित कई छात्र छात्राएं ने अपना विचार रखा।

# हरिनारायण सिंह ने दसवीं बार विधायक बनकर रचा इतिहास



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** एनडीए की प्रचंड जीत के बाद हरनौत में शनिवार को स्थानीय बाजार स्थित चुनाव कार्यालय में उत्सव का माहौल रहा। एनडीए कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को अबीर लगाकर खुशी का इज़हार किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व को बिहार के विकास की नई दिशा बताया। हरनौत से दसवीं बार विजयी हुए विधायक हरीनारायण सिंह के बाजार पहुंचने पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष रविकांत कुमार, जदयू प्रखंड प्रवक्ता रौशन कुमार समेत अनेक कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया। पूरे बाजार में जीत की गूंज दिखाई दी। विधायक हरीनारायण सिंह ने कहा कि बिहार की जनता ने विकास, सुशासन और नीतीश कुमार के नेतृत्व पर एक बार फिर भरोसा जताया है। यह जीत देश की राजनीति में सकारात्मक परिवर्तन का संदेश है। उन्होंने कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के समर्थन को इस जीत का असली आधार बताया। जदयू प्रखंड अध्यक्ष रविकांत ने कहा कि **हरिनारायण सिंह ने 10वीं बार विधायक बनकर इतिहास रचा है।** 1952 से अब तक बिहार में कोई भी नेता इतनी बार विधानसभा की दहलीज तक नहीं पहुंचा है। उनका राजनीतिक सफर चार दशकों से अधिक का रहा है और उनकी पहचान अनुभवी, लोकप्रिय और प्रभावशाली नेता के रूप में है। उन्होंने बताया कि 1977 में जनता पार्टी से पहली बार चंडी से विधायक बने थे। 1980 में हार के बाद भी उन्होंने लगातार संघर्ष जारी रखा और 1983, 2000, फरवरी 2005, अक्टूबर 2005 में जीत दर्ज की। 2010 में परिसीमन के बाद हरनौत सीट बनने पर वहां से लगातार चौथी बार जीत हासिल की है। वहीं जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार सहित अन्य नेताओं ने भी जीत की खुशी में रंग-अबीर लगाकर जश्न मनाया और एक-दूसरे को बधाई दी। उन्होंने भरोसा जताया कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और कानून-व्यवस्था के क्षेत्र में और तेजी से विकास होगा तथा बिहार पूर्ण रूप से विकसित राज्यों की सूची में शामिल होगा। मौके पर भाजपा नगर अध्यक्ष मुकेश कुमार, जदयू नगर अध्यक्ष श्याम बालक साव, पाकड़ मुखिया हरिनारायण सिंह, गोनावां मुखिया अमरेश उपाध्याय, रविशंकर, टुनटुन, पवन, बंटी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अस्मिता खेलो इंडिया महिला रोड साइक्लिंग सिटी लीग आज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिला साइक्लिंग एसोसिएशन द्वारा कल्याण विगहा में 16 नवम्बर को आयोजित होने वाली अस्मिता खेलो इंडिया महिला रोड साइक्लिंग सिटी लीग की सभी तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं। इस बारे में जानकारी देते हुए एसोसिएशन के सचिव प्रमोद कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य बालिकाओं में खेल के प्रति जागरूकता बढ़ाना और साइक्लिंग को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने बताया कि यह लीग दो आयु वर्ग—अंडर-14 और अंडर-18 में आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रतिभागियों को 5 किलोमीटर मास स्टार्ट रेस में अपनी क्षमता दिखाने का मौका मिलेगा। दोनों श्रेणियों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभागी साइकिलिस्टों को मंच पर सम्मानित किया जाएगा तथा उन्हें प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। महिला सिटी लीग का विधिवत उद्घाटन सुबह 9 बजे किया जाएगा। उद्घाटन कार्यक्रम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (SDPO) संजय जायसवाल तथा बिहार राज्य साइक्लिंग एसोसिएशन के सचिव डॉ. कौशल किशोर संयुक्त रूप से उपस्थित रहेंगे। एसोसिएशन के सदस्यों व स्थानीय खेल प्रेमियों की सक्रिय भूमिका से तैयारी को अंतिम रूप दिया गया है।

## जीत के बाद देर रात विजेताओं को मिला प्रमाण पत्र



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** बिहार विधानसभा चुनाव के मतगणना के उपरांत नवादा जिले के सभी पांच विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित प्रत्याशियों को जीत का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। शुक्रवार की देर शाम तक चली मतगणना के बाद देर रात तक प्रमाण पत्र देने का सिलसिला जारी रहा। सबसे पहले मतगणना का कार्य गोविंदपुर विधानसभा क्षेत्र में संपन्न हुआ, जहां से निर्वाचित लोजपा आर की प्रत्याशी विनीता मेहता को गोविंदपुर विधानसभा क्षेत्र के आरओ ने ऑब्जर्वर की उपस्थिति में जीत का निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया। इसके उपरांत रजौली सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र से लोजपा आर के प्रत्याशी विमल राजवंशी को रजौली के आर ओ सह अनुमंडल पदाधिकारी ने जीत का प्रमाण पत्र प्रदान किया। इसके उपरांत मतगणना वारसलीगंज विधानसभा क्षेत्र में संपन्न हुई और वहां आरओ ने ऑब्जर्वर एवं जिलाधिकारी की उपस्थिति में विजय प्रत्याशी अनीता को जीत का प्रमाण पत्र प्रदान किया। हिसुआ विधानसभा क्षेत्र में निर्वाचन का कार्य और मतगणना का कार्य पूरा होने के बाद वहां से विजयी भाजपा प्रत्याशी अनिल सिंह को जीत का प्रमाण पत्र आरो ने प्रदान किया।

सबसे आखरी में नवादा विधानसभा क्षेत्र का मतगणना का कार्य पूरा हुआ। इसके बाद देर रात लगभग 10 बजे जदयू के प्रत्याशी विभा देवी को निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। निर्वाचन प्रमाण पत्र मिलने के दौरान विजय हुए प्रत्याशियों के समर्थक मौजूद रहे और उनके चेहरे पर काफी खुशी देखी गई।

## टी.एस. कॉलेज, हिसुआ में जनजातीय गौरव दिवस पर बिरसा मुंडा जयंती समारोह सम्पन्न




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हिसुआ (नवादा)।** टी.एस. कॉलेज, हिसुआ की रा.से.यो. (NSS) इकाई के तत्वावधान में बुधवार को जनजातीय गौरव दिवस अवसर पर महान स्वतंत्रता सेनानी एवं जननायक बिरसा मुंडा की जयंती पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पवन कुमार शर्मा ने दीप प्रज्वलन कर की। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं आयोजन एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार चौहान ने किया। इस अवसर पर बिरसा मुंडा के जीवन-संघर्ष, जनजातीय समाज के उत्थान हेतु उनके प्रयास और स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका पर आधारित भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। निर्णायक मंडल ने मूल्यांकन के बाद शीर्ष तीन प्रतिभागियों का चयन किया—

प्रथम स्थानः ऐलिसा राज

द्वितीय स्थान : लक्ष्मी कुमारी

तृतीय स्थान : मधु कुमारी

विजेताओं सहित सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. मिथिलेश पासवान ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। समारोह के बाद कॉलेज परिसर में पौधारोपण किया गया, जिसे बिरसा मुंडा के प्रकृति-प्रेम, पर्यावरण संरक्षण तथा सामाजिक जागरूकता के संदेश को आगे बढ़ाने की पहल बताया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के सभी शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मी तथा छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। टी.एस. कॉलेज परिवार ने इस अवसर को न केवल बिरसा मुंडा के अमर योगदान को स्मरण करने, बल्कि छात्रों में जनजातीय गौरव, राष्ट्रभक्ति और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने का सार्थक प्रयास बताया।

## एनडीए की जीत पर कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाई



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** शनिवार को बिहार में एनडीए गठबंधन का प्रचंड जीत की खुशी में एनडीए के सैकड़ों कार्यकर्ता नवादा प्रजातंत्र चौक पर निवर्तमान भाजपा जिला अध्यक्ष संजय कुमार मुन्ना की अध्यक्षता एवं भाजपा जिला महामंत्री अरविंद कुमार गुप्ता के संचालन में कार्यकर्ताओं को एवं जनता जनार्दन को मिठाई बांट कर एवं नारेबाजी कर खुशी का जश्न मनाया गया। जमकर नारेबाजी की और एक दूसरे को जीत बधाई देते हुए मिठाई खिलाया। जदयू जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी ने कहा कि बिहार की जनता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विकास साथ में खड़ा रहा और पूरे बिहार में प्रचंड जीत हुआ, आगे भी बिहार में विकास का गति बरकरार रहेगा। निवर्तमान जिला अध्यक्ष संजय कुमार मुन्ना ने कहा कि नवादा में हम इस बार पांच विधानसभा में चार जीते है नवादा के जनता को हार्दिक धन्यवाद करता हूं। भाजपा जिला महांत्री अरविंद कुमार ने कहा कि बिहार में यह जीत विकास का है। हमारा एम वाई का मतलब महिला और युवा है यह दोनों ने हमारे एनडीए के पक्ष में जमकर मतदान किया है। युवा मोर्चा अजित शंकर नर कहा कि नवादा के एनडीए के तमाम कार्यकर्ताओं का मेहनत और नवादा के विकास पुरुष सांसद विवेक ठाकुर का रणनीति एवं उनके द्वारा किया गया विकास का परिणति है कि हम नवादा जिला में चार सीट जीते है। निश्चित ही बिहार में अब तेजी से और विकास होगा। कार्यक्रम में निवर्तमान भाजपा जिला अध्यक्ष संजय कुमार मुन्ना, जदयू जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी, आरएलएम जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुशवाहा, भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष प्रो विजय कुमार सिन्हा, वीरेंद्र सिंह, शशिभूषण बब्लू, भाजपा जिला महामंत्री अरविंद गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष रामानुज कुमार, विनोद कुमार भोली, मुकेश महतो, जय शंकर चंद्रवंशी, शशि कुमार शेष, नवीन केशरी, प्रताप रंजन, गौरी रानी, खुशबू सिन्हा, किरण भारती, मंशा सिंह, प्रमिला प्रजापति, अफसाना खातून, सुधीर सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष अजीत शंकर, विशुदेव पासवान, विनय कुशवाह, इत्यादि अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कैरियर पब्लिक व सीताशरण मेमोरियल स्कूल में मना बाल दिवस




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** रांची रोड स्थित कैरियर पब्लिक स्कूल और भतहर स्थित सीताशरण मेमोरियल स्कूल में शुक्रवार को पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के अवसर पर बाल दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निदेशक डॉ. संजय कुमार, प्राचार्य ई. संदीप कुमार और उपप्राचार्या अणुप्रिया भारती द्वारा नेहरू जी के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। निदेशक डॉ. संजय कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि 14 नवंबर देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिन है, जिनके प्रति बच्चों का प्रेम इतना गहरा था कि वे उन्हें चाचा नेहरू कहकर पुकारते थे। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं, इसलिए हमें उनके विकास और संस्कारों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। प्राचार्य ई. संदीप कुमार और उपप्राचार्या अणुप्रिया भारती ने संयुक्त रूप से कहा कि आज के बच्चे कल के जिम्मेदार नागरिक हैं और राष्ट्र की मजबूती इन्हीं बच्चों पर निर्भर करती है। कार्यक्रम में पंचम-'अ' वर्ग के छात्र धीरेन्द्र कुमार ने चाचा नेहरू की वेशभूषा धारण कर उनके व्यक्तित्व को बच्चों के सामने जीवंत किया। उनके अभिनय में बच्चों के प्रति नेहरू जी के स्नेह और प्रेम की झलक साफ दिखाई दी। बाल दिवस के मौके पर विद्यालय परिसर में जलेबी रेस, म्यूजिकल चेयर, दौड़ प्रतियोगिता सहित कई खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी बच्चों के बीच केक, मिठाई और टॉफी का वितरण किया गया। उपहार प्राप्त कर बच्चे बेहद प्रफुल्लित और उत्साहित नजर आए।

## गोइठवा नदी से बुजुर्ग का शव बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** दीपनगर थाना क्षेत्र के गोइठवा नदी से शनिवार सुबह एक बुजुर्ग का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान समस्ती गांव निवासी रविंद्र राउत (75) के रूप में हुई है, जो तीन दिनों से रहस्यमय तरीके से लापता थे। परिजनों ने बताया कि बुधवार की शाम वे शौच के लिए घर से निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। देर रात तक खोजबीन की गई, पर कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद परिवार ने गुरुवार को दीपनगर थाना में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। ग्रामीणों की लगातार तलाश के बावजूद उनका कोई पता नहीं चल पा रहा था। शनिवार सुबह गांव के एक व्यक्ति ने नदी में एक शव को तैरते देखा। इसकी जानकारी मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने शव को बाहर निकाला, जहां उसकी पहचान रविंद्र राउत के रूप में हुई।

## वंदे मातरम समापन सप्ताह पर महाविद्यालय में पुरस्कार वितरण




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दनियावां(पटना)।** दनियावां-हिलसा मार्ग पर अवस्तिथ समीपवर्ती एस.यू. कॉलेज, हिलसा में "वंदे मातरम" के 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 7 से 14 नवंबर तक आयोजित वंदे मातरम सप्ताह (फेज-1) का भव्य समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह शुक्रवार को गरिमापूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विभिन्न विभागों के सहयोग से किया गया।

समापन समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अनिल कुमार सिंह ने की, जबकि मंच संचालन रसायन विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. संदीपा इंद्रा ने किया। प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की आत्मा है, जिसने देशभक्ति और त्याग की भावना को जागृत किया। उन्होंने इसके रचयिता बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय को नमन करते हुए कहा कि उनकी यह अमर रचना उनकी कृति 'आनंदमठ' में संकलित है। यह देश की सांस्कृतिक चेतना को एक सूत्र में पिरोती है। समापन समारोह के अवसर पर देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती भी बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। विद्यार्थियों ने नेहरू के विचारों, बाल विकास के प्रति उनकी संवेदना तथा आधुनिक भारत के निर्माण में उनके योगदान पर अपने विचार प्रस्तुत किए। बाल दिवस पर बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला, जिससे पूरा आयोजन ऊर्जा और उमंग से भर उठा।पूरे सप्ताह विद्यार्थियों की सहभागिता उत्साहजनक रही। क्विज, भाषण, विवाद, सांस्कृतिक कार्यक्रम, देशभक्ति गीत-नृत्य एवं नाटक प्रतियोगिताओं में छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। महाविद्यालय परिसर पूरे सप्ताह एक उत्सव स्थल में बदल गया। सभी विभागों के सहयोग से आयोजन और अधिक सशक्त एवं सफल रहा। समारोह में महाविद्यालय के डॉ. पीसी चौरसिया, प्रो. अरविंद कुमार, डॉ. घनश्याम कुमार, डॉ. पिंकी कुमारी, डॉ. प्रभात कुमार, डॉ. रविन्द्र साह, डॉ. शिव प्रसाद ठाकुर, डॉ. भुवनेश्वर कुमार मंडल,, डॉ. सम्राट सरकार, डॉ. संदीपा इंद्रा, डॉ.अश्विनी कुमार झा, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. कुमारी लुसी,बीसीए के शिक्षक राजमणि कुमार, प्रधान सहायिका सुभद्रा सिन्हा, आलोक कुमार सिंह, कुमार पवन,लेखापाल रोनित रॉय, शैलेश कुमार, मधुसूदन कुमार,नवीन, सुजीत और गुड्डू व अन्य उपस्थित रहे। सप्ताह भर आयोजित सभी प्रतियोगिताओं के विजेता छात्रों को समापन समारोह में सम्मानित किया गया। अंत में प्राचार्य ने सभी विभागों, शिक्षकों, एनएसएस स्वयंसेवकों एवं छात्रों को कार्यक्रम की सफलता के लिए बधाई दी तथा ऐसे आयोजन आगे भी जारी रखने की बात कही।

## उर्वरक विक्रेताओं के लिए समेकित पोषक तत्व प्रबंधन प्रशिक्षण शुरू




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** प्रखण्ड के सोखोदेवरा जेपी आश्रम परिसर अवस्थित राजेन्द्र भवन में शनिवार को उर्वरक विक्रेताओं के लिए समेकित पोषक तत्व प्रबंधन विषय पर 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ शुरू हुआ। जिसका उदघाटन ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार, कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह-प्रधान डॉ जयवंत कुमार सिंह व विषय वस्तु विशेषज्ञ रविकांत चौबे, रौशन कुमार,अंगद कुमार, कोर्स कॉर्डिनेटर डॉ. शशांक शेखर सिंह, सुमिताप रंजन एवं अनिल कुमार ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। कृषि विज्ञान केंद्र, ग्राम निर्माण मण्डल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा के बैनर तले शुरू हुए इस प्रशिक्षण में बिहार राज्य के गया, लखीसराय नवादा, शेखपुरा, जमुई समेत विभिन्न जिलों के 70 प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं। उदघाटन सत्र के दौरान अपने संबोधन में ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार ने कहा कि उर्वरक विक्रेताओं को केवल विक्रेता नहीं, बल्कि कृषि तकनीकी सलाहकार की भूमिका में सक्रिय होना चाहिए। उन्होंने वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समेकित पोषक तत्व प्रबंधन के महत्व को रेखांकित किया और प्रतिभागियों से अनुरोध किया कि वे इस प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को किसानों तक पहुंचाएं और टिकाऊ कृषि की दिशा में सहयोग करें। कृषि वैज्ञानिकों ने प्रशिक्षण के उद्देश्यों और उपयोगिताओं पर प्रकाश डालते हुए प्रतिभागियों को वैज्ञानिक उर्वरक प्रबंधन के महत्व को समझने और उसे खेत स्तर पर लागू करने हेतु प्रोत्साहित किया। वैज्ञानिकों ने कहा कि उर्वरक विक्रेता किसानों के सबसे पहले संपर्क बिंदु होते है। अतः उनका तकनीकी रूप से दक्ष होना अत्यंत आवश्यक है। मौके पर सहयोगी पिंटू पासवान,श्रवण कुमार आदि मौजूद थे।

## नीतीश मॉडल पर जनता की मुहर : जदयू



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिला जनता दल यूनाइटेड के प्रवक्ता डॉ धनंजय कुमार के द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि नीतीश मॉडल को जनता की मुहर लग चुकी है बिहार की आवाम नीतीश कुमार के चेहरे पर भरोसा और विश्वास करती है। पूरे बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए को प्रचंड बहुमत प्राप्त हुआ है जनता ने जो जनादेश दिया है उसका एनडीए परिवार सम्मान करता है। नालंदा जिला के सात विधानसभा में रिकॉर्ड बहुमत से सभी प्रत्याशियों की जीत हुई है ये जीत आम जनमानस की जीत है असत्य पर सत्य की जीत है। महागठबंधन के लोग समाज को तोड़ने भ्रम जाल फैलाकर समाज को ठगने बांटने का प्रयास कर रहे थे जिसे जनता ने ने कर दिया है नीतीश सरकार के नेतृत्व में बिहार में हुए विकास कार्यों का देश में डंका बजा है अकल्पनीय परिवर्तन बिहार ने देखा है। आजाद भारत में बिहार के गांवों और शहरों तस्वीर नीतीश सरकार ने बदली है अब बिहारी कहना सम्मान और गौरव की बात है देश में सबसे ज्यादा पर्यटक बिहार की धरती पर आ रहे हैं। ऐतिहासिक धरती नालंदा के गौरव को पुनर्जीवित करने का काम हमारी सरकार ने किया है आज नालंदा विश्वविद्यालय में 21 देशों के छात्र-छात्राएं अध्ययन कर रही है। देश का पहले ग्लास ब्रिज और दूसरा सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम का गौरव नालंदा को प्राप्त हुआ है। नालंदा जिला के सभी मतदाताओं का जनता दल यूनाइटेड एवं एनडीए परिवार को ओर से हृदय की गहराइयों से आभार प्रकट करता है धन्यवाद देता है वंदन करता है अभिनंदन करता है आपने नालंदा के गौरव नीतीश कुमार को पुनः मुख्यमंत्री बनने के लिए नालंदा के सभी सीटों पर अपना बहुमूल्य मत देकर जीत की लगाया। नीतीश सरकार बिहार में न्याय के साथ गरीबों शोषितों वंचितों के विकास को 2005 से ही कृतसंल्पित थी है और रहेगा। गरीबों की सेवा करना ही सरकार का प्राथमिक लक्ष्य रहा है। गांवों के साथ साथ हर शहरों को स्मार्ट बनाया जा चुका है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राष्ट्र पिता महात्मा गांधी बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जेपी लोहिया जननायक कर्पूरी ठाकुर के सपनों को बिहार की धरती पर मुर्त रूप देने का काम किया है।

## विधायक विभा देवी की जीत पर कार्यकर्ताओं में खुशी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** नवादा विधानसभा का चुनाव में एनडीए उम्मीदवार विधायक विभा देवी की जीत पर नारदीगंज प्रखंड क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में खुशी है। वही शुभकामनाएं देने वाले का सिलसिला जारी है। इस दौरान भाजपा पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सह पूर्व जिला पार्षद कृष्णदेव सिंह, भाजपा नेता सह ओड़ो निवासी राजेन्द्र प्रसाद सिंह, राजाराम सिंह, वीपीन कुमार, विजय कुमार, चुन्नी सिंह समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर व मिठाइयां को बांट कर शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा एनडीए विधायक विभा देवी ने चुनाव के दौरान वायदा किये हैं। उसे पूरा करने की उम्मीद भी है। क्षेत्र का चहुमुंखी विकास की भी संभावना है। कार्यकर्ताओं ने पीएम मोदी और नीतीश कुमार के प्रति आभार जताया है। कार्यकर्ताओं ने कहा इस चुनाव में एनडीए गठबंधन को प्रचंड बहुमत मिला है। यह ऐतिहासिक जीत है। कहा कि इस बार भी पीएम नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार के नेतृत्व में सरकार बनेगी।

## पराली जलाने से तीन बीघा धान की फसल जलकर राख

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** पराली जलाने की लापरवाही एक बार फिर भारी पड़ गई। रहुई थाना क्षेत्र के सोसंदी गांव के डगर पर स्थित तेलियाइन खंधा में शनिवार को भीषण आग ने पट्टाधारी किसान मिथिलेश प्रसाद की तीन बीघा से अधिक में खड़ी धान की पूरी फसल को चंद मिनटों में राख में बदल दिया। घटना के बाद किसान सदमे में है और परिवार पर आर्थिक संकट गहरा गया है। किसान ने बताया कि पट्टे पर खेती कर वे अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। धान की यह फसल ही उनके लिए सालभर की आजीविका का मुख्य आधार थी।

## हिसुआ और नवादा के विजयी प्रत्याशियों को बधाई देने पहुंचे मोहम्मद कामरान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** विधानसभा चुनाव का परिणाम आने के बाद सब कुछ उलट-पुलट देखने को मिल रहा है। एक और जहां नवादा जिले के सभी पांच विधानसभा सीट में से चार पर एनडीए ने कब्जा जमाया है, तो पहले से जहां एनडीए का कब्जा था वहां महागठबंधन ने कब्जा जमाया है। गोविंदपुर विधानसभा क्षेत्र में त्रिकोणात्मक संघर्ष के बीच एनडीए उम्मीदवार लोजपा आर की विनीता मेहता ने कब्जा जमाया। और वहां से तीसरे नंबर पर रहे पूर्व विधायक निर्दलीय प्रत्याशी मो कामरान शनिवार को फिर से चर्चा में आ गए। नवादा एवं हिसुआ से निर्वाचित एनडीए विधायक से मिलकर गुलदस्ता देने के बाद शहर में एक बार चर्चा का बाजार गर्म हो गया है। ऐसे तो अनिल सिंह हिसुआ विधायक से मो कामरान की पुरानी दोस्ती है और इसी दोस्ती के नाते वे हिसुआ से निर्वाचित भाजपा विधायक अनिल सिंह को गुलदस्ता देने उनके हिसुआ स्थित आवास पर पहुंच गए। इससे पूर्व मो कामरान नवादा से निर्वाचित जदयू विधायक विभा देवी के आवास पर भी पहुंचकर उन्हें जीत की मुबारकबाद दी। गौरतलब हो कि जेल से छूटकर नवादा आने पर पूर्व राज्य मंत्री राजबल्लव प्रसाद का स्वागत करने के बाद तस्वीर वायरल होने पर विरोधियों द्वारा फ़ोटो राजद के तेजस्वी यादव के पास भेजी गई थी और टिकट काटने का एक बहाना भी मिल गया था। अब फिर से निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले मो कामरान ने एनडीए के दो विधायकों को उनके आवास पर पहुंचकर बधाई देकर चर्चा में आ गए हैं।

# एमयू जंतु विज्ञान विभाग में नवागंतुकों का दीक्षारंभ और साइबर सुरक्षा पर व्याख्यान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**गयाजी।** बोधगया में मगध विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर जंतु विज्ञान विभाग में एमएससी सत्र 2025-27 के नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का दीक्षारंभ समारोह और साइबर सुरक्षा पर विशेष व्याख्यान विभागाध्यक्ष सह बायोटेक्नोलॉजी निदेशक दिलीप कुमार केशरी की अध्यक्षता तथा कुलपति एस.पी. शाही के संरक्षण में विभागीय सभागार में आयोजित किया गया जिसमें कार्यक्रम की शुरुआत दिलीप कुमार केशरी, कुमारी अदिति, पूनम सिंह, आभा कुमारी और साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ आदित्य भारती द्वारा संयुक्त दीप प्रज्ज्वलन से हुई; अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा गया कि छात्र-छात्राओं को नियमित उपस्थिति, चरित्र निर्माण, अध्ययन के साथ खेलकूद और सामाजिक गतिविधियों में उत्कृष्टता के लिए प्रेरित होना चाहिए और नई शिक्षा नीति-2020 के तहत अध्ययन व मूल्यांकन प्रणाली की जानकारी भी दी गई, वहीं कुमारी अदिति, पूनम सिंह और आभा कुमारी ने नए पाठ्यक्रम की संरचना, विषयवस्तु और परीक्षा पद्धति पर विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की तथा बायोटेक्नोलॉजी विभाग के एल.के. तरुण और सरफराज अली ने विद्यार्थियों को शिक्षकों से सतत संपर्क में रहने और शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय बने रहने की सलाह दी; कार्यक्रम के दूसरे सत्र में साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ आदित्य भारती ने साइबर सुरक्षा और डिजिटल सावधानी विषय पर व्याख्यान देते हुए मजबूत पासवर्ड निर्माण, मालवेयर से बचाव, सोशल इंजीनियरिंग, फिशिंग, सोशल मीडिया अपराध और हानिकारक ऐप्स की पहचान जैसे बिंदुओं पर जानकारी दी और विद्यार्थियों ने साइबर अपराधों से बचाव के व्यावहारिक उपाय सीखे; कार्यक्रम में जंतु विज्ञान और बायोटेक्नोलॉजी विभाग के विद्यार्थी, शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे, संचालन पूनम सिंह ने और धन्यवाद ज्ञापन कुमारी अदिति ने किया।

# मगध विश्वविद्यालय में बिरसा मुंडा जयंती पर पोस्टर प्रतियोगिता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**गयाजी।** मगध विश्वविद्यालय बोधगया के स्नातकोत्तर समाजशास्त्र विभाग में महान स्वतंत्रता सेनानी और समाज सुधारक बिरसा मुंडा की जयंती (जनजातीय गौरव दिवस) पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें विभाग द्वारा उनकी जीवनी पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता हुई और कुल 13 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रो. दीपक कुमार, प्रो. प्रमोद कुमार चौधरी और विभाग के अन्य शिक्षकों ने दीप प्रज्वलन एवं बिरसा मुंडा की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया तथा उनके संघर्षों और योगदान को याद किया। बताया गया कि उन्नीसवीं सदी में बिरसा मुंडा ने ब्रिटिश दमनकारी नीतियों के विरुद्ध आदिवासी एकता का नेतृत्व किया था, पारंपरिक भूमि स्वामित्व की रक्षा के लिए जनजागरण किया था और उन्हें धरती का पिता कहा जाता है जिन्होंने अपना देश, अपना राज का संदेश दिया था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता तथा प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. रवि भारती रहे जबकि अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. दीपक कुमार ने की जिन्होंने छात्र-छात्राओं को अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने और अपनी सांस्कृतिक पहचान से जुड़े रहने की प्रेरणा दी। सहायक प्राध्यापिका डॉ. अनन्या स्वराज ने मंच संचालन किया और अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. कविता कुमारी ने किया। इस अवसर पर डॉ. प्रियम शर्मा, डॉ. वंदना कुमारी, डॉ. चांदनी रोशन और राहुल सिंह उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मनीका कुमारी, द्वितीय स्थान रिया कुमारी और तृतीय स्थान मीरा सिंह तथा निशा कुमारी को मिला जबकि स्नातकोत्तर चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा स्वाति कुमारी ने बिरसा मुंडा पर कविता प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में सुविना कुमारी, सुरभि कुमारी, निशा कुमारी, सुप्रिया कुमारी, विश्वजीत कुमार, निर्जला कुमारी, अनुराधा सिन्हा, नितु कुमारी और कुमारी रशिम सिन्हा सहित अन्य छात्र-छात्राओं ने भी सहभागिता दर्ज कराई।

# बेलागंज में विजय जुलूस में हिंसक झड़प, पहुंचे डीएम व एसएसपी, चार गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बेलागंज।** विधानसभा चुनाव के मतगणना के उपरांत बेलागंज थाना क्षेत्र के दादपुर टोला फरीदपुर में विजय जुलूस के दौरान हुए विवाद में दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प हो गयी। इस दौरान हुए पथराव में एक धार्मिक स्थल का आंशिक क्षति हुई। घटना की सूचना के बाद स्थानीय पुलिस के साथ जिला से पहुंच वरीय अधिकारियों ने स्थिति को नियंत्रित किया। एनडीए प्रत्याशी मनोरमा देवी के विजय के उपरांत दादपुर गांव के उनके समर्थकों द्वारा डीजे की धुन के साथ जीत का विजय जुलूस निकाला गया जो गांव होते हुए पास के गांव सुंदरपुर की ओर जा रहा था। उसी दौरान बीच रस्ते में एक विशेष समुदाय के गांव फरीदपुर के समीप जुलूस में रहे लोगों व फरीदपुर गांव के लोगों के बीच झड़प हो गयी। देखते ही देखते यह हिसंक रूप में तब्दील हो गया। इस दौरान दोनों ओर से पथराव शुरू हो गया। घटना की सूचना के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच स्थिति को नियंत्रण में किया। वहीं, स्थिति के नजाकत को देखते हुए डीएम शशांक शुभंकर, एसएसपी आनंद कुमार व डीएसपी विधि-व्यवस्था रविप्रकाश सिंह घटनास्थल पहुंचे और मौके का मुआयना किया। घटना को लेकर फरीदपुर निवासी मो औरंगजेब द्वारा बेलागंज थाने में दादपुर गांव के 14 नामजद सहित 50 अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए देर रात चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि स्थिति नियंत्रण में है। सशस्त्र पुलिस बल घटनास्थल पर कैंप कर रही है। शेष आरोपियों के गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

# इतिहास विभाग में बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गयाजी।** मगध विश्वविद्यालय बोध गया के स्नातकोत्तर इतिहास विभाग में भारत के जनजातीय नायकों, उनकी परंपराओं, सांस्कृतिक विरासत और स्वतंत्रता संग्राम में उनके अद्वितीय योगदान के सम्मान में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में पंद्रह नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. मुकेश कुमार ने की। कार्यक्रम में रीवा विश्वविद्यालय मध्य प्रदेश के सेवा निवृत इतिहासकार प्रो. राजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव ने विशिष्ट व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए बिरसा मुंडा के बाल्यकाल, सामाजिक परिवेश, ब्रिटिश शासन के विरुद्ध उनके आंदोलन, 'उलगुलान' की भावना और जनजातीय समाज को एकजुट करने में उनकी भूमिका को विस्तार से रेखांकित किया। उन्होंने यह भी बताया कि बिरसा मुंडा का संघर्ष केवल औपनिवेशिक सत्ता के खिलाफ नहीं था बल्कि सांस्कृतिक अस्मिता, पारंपरिक भूमि अधिकारों और जीवन-मूल्यों की रक्षा के लिए भी था। विभागाध्यक्ष प्रो. मुकेश कुमार ने जनजातीय आंदोलन की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और उसके विकासक्रम की चर्चा करते हुए कहा कि बिरसा मुंडा का योगदान आज भी जनजातीय समाज के आत्मसम्मान, स्वचेतना और हक-अधिकारों की लड़ाई में प्रेरणा का स्रोत है और समकालीन भारत में उनके विचार सामाजिक न्याय की दिशा को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण पक्ष यह रहा कि विशिष्ट वक्ता प्रो. राजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव, जो विभाग में पूर्व में कार्यरत स्वर्गीय डॉ. मृगांक शेखर श्रीवास्तव के पिता हैं। उन्होंने अपनी धर्मपत्नी के साथ मिलकर स्वर्गीय डॉ. मृगांक की स्मृति में विभाग को लगभग दो सौ बहुमूल्य ऐतिहासिक और शोधपरक पुस्तकों से भरी एक आलमारी भेंट की। विभाग की ओर से बताया गया कि ये पुस्तकें विद्यार्थियों और शोधार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी होंगी और विभागीय पुस्तकालय को समृद्ध करेंगी। इससे कार्यक्रम न केवल एक शैक्षणिक आयोजन रहा बल्कि एक यादगार भावनात्मक क्षण भी बना। कार्यक्रम में प्रो. पीयूष कमल सिन्हा, प्रो. मनीष सिन्हा, प्रो. नृपेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, डॉ. हरि बाबू बोडो, डॉ. अस्मिता खलखो, मैसी चरण, डॉ. रामाश्रय सिंह यादव, डॉ. शंकर चौधरी, डॉ. संजय कुमार के साथ बड़ी संख्या में विद्यार्थी और शोधार्थी उपस्थित रहे और बिरसा मुंडा की जयंती से जुड़े विचार-विमर्श में सक्रिय रूप से शामिल हुए। पूरा कार्यक्रम सहायक प्राध्यापक रवि शंकर कुमार के मंच संचालन में संपन्न हुआ जिन्होंने कार्यक्रम को सुव्यवस्थित ढंग से आगे बढ़ाते हुए जनजातीय गौरव दिवस के महत्व को भी रेखांकित किया।

# महाबोधि मंदिर के स्वर्ण शिखर को किया गया चकाचक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बोधगया।** महाबोधि मंदिर में स्वर्ण शिखर परियोजना की 12वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में शनिवार को समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 300 से अधिक प्रतिभागियों की गरिमामयी उपस्थिति रही जिनमें अंतरराष्ट्रीय बौद्ध संघों के प्रतिनिधि, स्वर्ण शिखर समिति का एक विशाल प्रतिनिधिमंडल व कई प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति शामिल थे। थाईलैंड के उप संघराजा सोमदत, थाईलैंड के सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व निदेशक, एक मंत्री व कोलकाता स्थित थाईलैंड के महावाणिज्य दूतावास के कंसुलेट जनरल सिरीपोर्न तान्याथेप, महाबोधि महाविहार के मुख्य भिक्षु चालिंदा, केयर टेकर भिक्खु डॉ दीनानंद, भंते डॉ मनोज, बीटीएमसी के सदस्य डॉ अरविंद सिंह सहित विभिन्न बौद्ध देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले विभिन्न मठों के प्रमुख भिक्षु शामिल थे। बोधगया मंदिर प्रबंधन समिति (बीटीएमसी) की सचिव डॉ महाश्वेता महारथी ने अपने संबोधन में थाईलैंड की गोल्डन स्पायर समिति का हार्दिक स्वागत किया व उनके दीर्घकालिक योगदान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने 2014 में इस परियोजना की शुरुआत को याद किया जिसमें पवित्र मंदिर के मौजूदा तांबे के शिखर को सोने की चादरों से मढ़ने का काम शुरू किया गया था। यह प्रयास थाईलैंड सहित भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के समर्पण, सटीकता और विशेषज्ञ मार्गदर्शन के साथ किया गया था। सचिव ने शिखर के रखरखाव, मौसम से प्रभावित हिस्सों की सफाई और इस वर्ष जीर्णोद्धार कार्य के चौथे चरण को पूरा करने में गोल्डन स्पायर टीम के निरंतर समर्पण की भी सराहना की। उन्होंने उन इंजीनियरों, शिल्पकारों और स्वयंसेवकों का विशेष आभार व्यक्त किया जिनके सावधानीपूर्वक मचान निर्माण प्रयासों से दक्षिणी अग्रभाग और ऊपरी स्तूप की सफल सफाई संभव हो पायी। उन्होंने इस पवित्र कार्य को सफलतापूर्वक पूरा करने में सहयोग और समर्थन के लिए बोधगया स्थित मेत्ता बुद्धा मंदिर के संचालक का भी हार्दिक आभार व्यक्त किया। समारोह का समापन शांति और कल्याण की प्रार्थना व गोल्डन स्पायर परियोजना की पूरी टीम के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त करने के साथ हुआ। सचिव ने कहा कि महाबोधि महाविहार के प्रति उनकी समर्पण भावना से जुड़े ये कार्य सभी संबंधित लोगों को असीम पुण्य और आशीर्वाद प्रदान करते रहेंगे। उल्लेखनीय है कि 289 किलो से ज्यादा वजन के सोने के पत्तर से मंदिर के गुंबद को लपेटा गया है व इसकी साफ-सफाई थाइलैंड के कारीगरों द्वारा हर तीन साल पर किया जाता है

## शराब के साथ बोलेरो वाहन जब्त, एक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डोभी/गयाजी।** बेहरा थाना क्षेत्र के डोभी चतरा मार्ग में धीरजापुल नहर के पास से पुलिस ने गश्ती के दौरान एक बोलेरो वाहन से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की है। जानकारी के अनुसार वाहन के पिछले सीट एवं डिक्की में छिपाकर 25 कार्टून कुल 540 बोतलें 270 लीटर विदेशी शराब को बरामद की गई है। घटना में पुलिस ने एक आरोपी प्रदीप कुमार सिंह (31 वर्ष), पिता राजदेव सिंह, ग्राम दूल्हा, थाना-राजपुर, जिला-चतरा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी शराब की खेप को सप्लाई करने की फिराक में था। पुलिस के अनुसार पूछताछ के बाद यह स्पष्ट हुआ कि शराब की यह खेप रांची से पटना ले जाया जा रहा था। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। गिरफ्तार किये गए व्यक्ति को आगे की कार्रवाई हेतु न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# दो शराब कारोबारी गिरफ्तार, 30 लीटर देसी शराब बरामद



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** आंती थाना पुलिस ने शनिवार सुबह अभियान चलाकर दो शराब कारोबारियों को गिरफ्तार किया। इनके पास से 30 लीटर देसी महुआ शराब बरामद किया गया। यह गिरफ्तारी भाम गांव के पास हुई। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी मोटरसाइकिल से देसी महुआ शराब की आपूर्ति करने जा रहे थे। भाम गांव के पास संदेह के आधार पर उन्हें रोका गया और तलाशी के दौरान शराब बरामद हुई। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान सोनू कुमार (25 वर्ष), पिता स्व.विगन यादव और राजेश कुमार (37 वर्ष), पिता रामस्वरूप ठाकुर के रूप में हुई है। दोनों गया जिले के कोंच थाना अंतर्गत डीहुरी गांव के निवासी हैं। जांच में यह भी सामने आया है कि जिस मोटरसाइकिल से वे यात्रा कर रहे थे वह चोरी की थी। आंती थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में कांड संख्या दर्ज कर ली गई है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। थानाध्यक्ष ने यह भी स्पष्ट किया कि अवैध शराब के कारोबार पर पुलिस की सख्त निगरानी लगातार जारी रहेगी।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**इमामगंज।** इमामगंज थाना क्षेत्र के कुजेसर गांव के रहने वाले 65 वर्षीय रामकेश्वर ठाकुर की सड़क दुर्घटना मौत हो गयी। प्रभारी थानाध्यक्ष पवन कुमार ने बताया कि कुजेसर गांव के रहने वाले रामकेश्वर ठाकुर किसी कार्य से अपने घर से दूसरे गांव जा रहे थे। तभी अज्ञात वाहन ने उन्हें धक्का मार दिया जिससे उनकी मौत घटना स्थल पर ही हो गयी। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस दल बल के साथ गांव पहुंच कर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया है।

## पीएचसी डोभी में कार्यरत ममता का निधन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डोभी/गयाजी।** पीएचसी डोभी में कार्यरत ममता रेखा कुमारी, उम्र 32 वर्ष, पति अमित कुमार, निवासी अंगरा का आकस्मिक निधन हो गया। जानकारी के अनुसार रेखा कुमारी पिछले कई महीनों से बीमार चल रही थीं। स्वास्थ्य में लगातार गिरावट के कारण उनकी स्थिति गंभीर हो गई जिसके बाद शनिवार को उनका निधन हो गया।

## नशा मुक्त भारत अभियान पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** गया जिला के सभी आमजन को सूचित करना है कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, भारत सरकार द्वारा यह सूचित किया गया है कि नशीली दवाओं की मांग में कमी के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना अंतर्गत नशा मुक्त भारत अभियान के 5वें वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 18 नवंबर 2025 को गुरूनानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर, पंजाब में एक जन-जगरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य एनएमबीए अभियान की उपलब्धियों की ओर ध्यान आकृष्ट करना, सामुदायिक भागीदारी को बढ़ाना तथा नशा मुक्त समाज के निर्माण की दिशा में सामूहिक प्रयासों को सुदृढ़ करना है। इस दिवस के अवसर पर जिला के सभी स्कूल और कॉलेज स्तर पर प्रतियोगिता जैसे कई गतिविधियां आयोजित की जायेगी। साथ ही सभी आमजनो से अनुरोध है कि इस विशेष दिवस पर सामूहिक रूप से शपथ ग्रहण जरूर करें। शपथ ग्रहण का प्रारूप निम्नवत है। युवा किसी भी राष्ट्र की शक्ति होते हैं जिनका समाज एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान होता है। इसलिए, यह अत्यन्त महत्वपूर्ण हो जाता है कि अधिक से अधिक युवा नशा मुक्त भारत अभियान से जुड़ें। देश के सामने मौजूद इस चुनौती को स्वीकार करते हुए आज हम सब नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एकजुट होकर संकल्प लेते हैं कि न केवल हमारा समाज, परिवार, मित्र बल्कि हम स्वयं भी नशामुक्त रहेंगे क्योंकि बदलाव की शुरूआत खुद से होती है। इसलिए आइए हम सब मिलकर अपने जिले, राज्य बिहार को नशा मुक्त बनाने का दृढ़ संकल्प करें।

## दुर्घटना में चार पुलिसकर्मियों की मौत, मृतकों में एक संडा ग्राम के

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** टिकारी के मउ थाना क्षेत्र के संडा ग्राम के रहने वाले रॉबिन्स कुमार झारखंड के रांची स्थित धुर्वा डैम में दुर्घटना होकर गिरी कार में सवार चार पुलिसकर्मी की मौत हो गई। मृतकों में एक शामिल है। जानकारी के अनुसार संडा ग्राम निवासी स्व. नवल शर्मा के 40 वर्षीय पुत्र रॉबिन्स कुमार झारखंड राज्य पुलिस में सेवारत थे। वर्तमान में जमशेदपुर जिला सत्र न्यायाधीश के अंगरक्षक के रूप में तैनात थे। शनिवार को रांची से जमशेदपुर जाने के क्रम में कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। रॉबिन्स की मौत की खबर गांव पहुंचते ही स्वजनों में कोहराम मच गया। ज्ञात हो कि रॉबिन्स दो बच्चों के पिता हैं। ग्रामीण कुंदन ने बताया कि घटना की सूचना पर स्वजन रांची पहुंच गये हैं व शव देर रात गांव आने की संभावना है।

# कचरा उठाने के कुछ ही देर बाद सड़क किनारे दोबारा फेंक देते हैं गंदगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया जी।** नगर निगम की ओर से शहर में साफ-सफाई के लिए खुद के कर्मचारी व एजेंसी के माध्यम से करायी जा रही है। निगम की ओर से एक एजेंसी को शहर के महत्वपूर्ण 18 सड़कों की सफाई की जिम्मेदारी दी गयी है। तीन बार शहर के इन सड़कों पर कचरा का उठाव कराया जाता है। इसके बाद भी सड़क किनारे जगह-जगह कचरा जमा रहता है। वार्ड के अंदर निगम के कर्मचारी साफ-सफाई की जिम्मेदारी संभालते हैं। निगम व एजेंसी के तत्पर रहने के बाद भी लोगों का सहयोग कम ही जगहों पर इन्हें मिल रहा है। एजेंसी के कर्मचारी ने बताया कि कचरा उठाने के तुरंत बाद ही घरों से निकाल कर लोग कचरा दोबारा सड़क किनारे ही फेंक देते हैं। इतना ही नहीं वार्डों में भी घर-घर से कचरा कलेक्शन करने पहुंचने के बाद भी गंदगी घरों से निकाल कर सड़क किनारे ही फेंक दिया जाता है। स्वच्छता पदाधिकारी ने बताया कि लोगों के जागरूक हुए बिना किसी तरह का बदलाव शहर में नहीं हो सकता है। अब लोगों के कचरा यत्र-तत्र फेंकने पर फाइन का प्रावधान किया जायेगा। शायद इसके बाद ही स्थिति में कुछ सुधार आये। दिनभर गाड़ियों व कर्मचारियों के सक्रियता के बाद भी लोगों के लापरवाही के चलते गंदगी जमा ही रहता है।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

ई. निविदा सूचना संख्या : पूमरे–मुप्रअ–आरजीडी–ई.टी.ई.एन.–03–25–26.

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई. निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. ई. निविदा सं. : पूमरे–मुप्रअ–आरजीडी–ई.टी.ई.एन.–03–25–26 (दो पैकेट प्रणाली)। 2. कार्य का नाम : सरसू और ओरो स्टेशन के बीच किमी 33.087 पर ढाढर नदी पर नए वृहत पुल संख्या 47 (18x18.3 मीटर कम्पोजिट गर्डर) का निर्माण एवं राजगीर–तिलैया खंड में मौजूदा ट्रैक को जोड़ने के लिए वृहत पुल के दोनों पहुंच मार्गों पर छोटे पुल, आरयूबी, रिटेनिंग वॉल का निर्माण एवं मिट्टी भराई, ब्लैकेटिंग और ट्रैक लिंकिंग कार्य। 3. अंकलित मूल्य (रू) : ₹78,18,39,188.46, 4. बेली प्रतिभूति (रू) : ₹4059200.00, 5. कार्य पूर्ण करने की अवधि : 15 माह। 6. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय 03.12.2025, 12:30 बजे।

ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित ही संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। द्रष्टव्य : निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा की बोली प्रारंभ तिथि से कम से कम पन्द्रह दिन पहले वेबसाईट http://www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।

उपमुख्य अभियंता/निर्माण/पूमरे/राजगीर

पीआर/1290/आरजीडी/निर्माण/टी/25–26/48

संपादकीय

# सफेदपोश आतंक ज्यादा घातक

देश की राजधानी दिल्ली में लाल किले के पास 10 नवंबर को हुए आतंकी हमले की पर्तें जैसे खुलती जा रही हैं, उसमें आतंक का जो नया सफेदपोश चेहरा उभर कर आ रहा है, वह बहुत ज्यादा चौंकाने वाला, अत्यंत गंभीर और घातक है। इसे 'व्हाइट कॉलर टेरर' नाम दिया गया है। इस साजिश के उजागर होने के पहले तक यह यकीन करना भी मुश्किल था कि लोगों की जान बचाने वाले डॉक्टर इस तरह लोगों की जान लेने के घृणित खेल में इस कदर शामिल हो सकते हैं। इसका सीधा मतलब यह है कि आंतकी संगठनों ने अब पढ़े लिखे मुस्लिम युवाओं के बीच भी अपनी गहरी पैठ बना ली है और अपने हिंसक इरादों को उनके माध्यम से अंजाम देने की साजिश की जा रही है। शुरू में दिल्ली में लाल किले के पास एक कार में विस्फोट को लेकर संदेह था कि यह हादसा भी हो सकता है, लेकिन जल्द ही साफ हो गया कि यह एक फिदायीन हमला था और इस तरह की घटनाएं पूरे देश में अंजाम देने का व्यापक षड्यंत्र था। भारत सरकार ने भी इसे आतंकी हमला करार देते हुए मामले की जांच एनआईए को सौंप दी है। हैरानी की बात यही है कि चिकित्सा जैसे पवित्र पेशे को अपनाने वाले युवा डॉक्टर इस साजिश का हिस्सा कैसे बन गए? कैसे उनका धार्मिक कट्टरता के आधार पर ब्रेन वॉश किया गया? कैसे वो अपना काम काज छोड़कर, अपने परिवार को भुलाकर इस आतंकी नेटवर्क का क्रूर हिस्सा बन गए? इस हमले में 13 निरापराध लोग मारे गए, जिनमें दो मुस्लिम भी हैं। बताया जाता है कि फरीदाबाद में पकड़े गए आतंकी नेटवर्क का दिल्ली हमले का मुख्य आरोपी डॉ.उमर अहम कड़ी था। लेकिन उसके तीन साथियों और उनसे भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद होने के बाद वो परेशान था और उसने जल्दबाजी में दिल्ली के लालकिले के पास ही चलती गाड़ी में फिदायीन हमला कर कई लोगों की जानें ले लीं। अब जो जानकारी सामने आ रही है, उसके मुताबिक इन डॉक्टरों का मास्टर माइंड कश्मीर का मौलाना इरफान है, जिसने इन युवा डॉक्टरों का पूरी तरह ब्रेन वॉश कर उन्हें कट्टर जेहादी बना दिया। आतंक के इस जाल की एक और अहम कड़ी कश्मीर का ही एक डॉक्टर निसार भी है, जो वहां मेडिकल एसोसिएशन का अध्यक्ष भी है। डॉ.निसार को जम्मू कश्मीर सरकार ने नौकरी से बर्खास्त कर दिया है। अब तक जो जानकारी सामने आई है, उसके मुताबिक भारत में इन आतंकी हमलों की तैयारी पिछले एक साल से चल रही थी और देश में 6 दिसंबर और 26 जनवरी को बड़े पैमाने पर आंतकी हमले कर अधिकाधिक लोगों की जानें लेकर उसे अंतरराष्ट्रीय सुर्खी बनाना था। इस पूरे षड्यंत्र के पीछे आतंकी संगठन जैश ए मोहम्मद और पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई का हाथ बताया जा रहा है। इस घटना के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साफ शब्दों में कहा है कि आतंकी हमलों को अंजाम देने वालों, उनको प्रश्रय और निर्देश देने वालों को नहीं बख्शा जाएगा। ऐसे में माना जा रहा है कि भारतीय सेना भी ऑपरेशन सिंदूर जैसा कोई दूसरा ऑपरेशन अंजाम दे सकती है। इस पूरे घटनाक्रम का एक और चौंकाने और चिंतित करने वाला पहलू भारतीय मुस्लिम महिलाओं का आंतकी नेटवर्क से जुड़ना है। लखनऊ की डॉ.शाहीन को आतंकी मसूद अजहर की बहन ने पाकिस्तान से भारत में मुस्लिम महिला जेहादी तैयार करने का खतरनाक काम सौंपा था।

# दिल्ली आतंकी घटना से सबक लेने की जरूरत

**हमारे देश में इस घटना के बाद रेड अलर्ट किया गया। तमाम एजेंसीज सक्रिय हैं, ऐसा दावा किया जा रहा है। धर-पकड़, पूछताछ, खोजबीन और छापेमारी शुरू हुईं लेकिन सवाल यह है कि इस घटना के पहले ये एजेंसीज कहाँ थी? क्या जो इस घटना में मारे गए, उनके जान की कीमत कुछ भी नहीं? कहा जा रहा है कि जिस लाल किले के पास यह घटना हुई, वहीं एक मस्जिद है उसके सामने ही कार घंटों पार्क रही। जब पार्किंग से उसे कहीं ओर ले जाया जा रहा था, वहीं इसमें लिक्विड विस्फोटक में विस्फोट हुआ और इस कार के साथ अन्य कार भी जल गईं। अफरातफरी मच गई और वहां पहले से खड़े युटयूबर व सामान्य स्ट्रिंगर अपने कैमरे में जो कुछ शूट कर रहे थे, वे हिल गए। जिन्हें जान गंवानी पड़ी वे इतने बुरी अवस्था में मिले कि उनकी शिनाख्त भी कर पाना मुश्किल हो गया अगर एकाध लोगों की बात न की जाए तो सभी मृत लोगों को पहचान करना कठिन हो गया।**




भारत की राजधानी दिल्ली में आतंकवादी घटना ने भारतीय सुरक्षा पर प्रश्नचिन्ह खड़ा कर दिया है। लाल किले के पास जिस कार में धमाका हुआ वह एक सामान्य घटना नहीं है। देश की राजधानी में जहाँ खुफिया तंत्र की सघनता है, वहाँ पर ऐसी वारदात को अंजाम देना आसान बात नहीं है। किंतु आतंकवादियों ने शाम के समय में जब लाल किले के पास सच में बहुत भीड़ होती है, उस समय इतना बड़ा दुस्साहस किया। इसे दुस्साहस नहीं समझा जाना चाहिए बल्कि सच तो यह है कि सरकार को ललकारा। सरकार इसे जो भी समझे। मीडिया इसे चाहे जिस प्रकार प्रस्तुत करे। हमारे देश में इस घटना के बाद रेड अलर्ट किया गया। तमाम एजेंसीज सक्रिय हैं, ऐसा दावा किया जा रहा है। धर-पकड़, पूछताछ, खोजबीन और छापेमारी शुरू हुईं लेकिन सवाल यह है कि इस घटना के पहले ये एजेंसीज कहाँ थी? क्या जो इस घटना में मारे गए, उनके जान की कीमत कुछ भी नहीं? कहा जा रहा है कि जिस लाल किले के पास यह घटना हुई, वहीं एक मस्जिद है उसके सामने ही कार घंटों पार्क रही। जब पार्किंग से उसे कहीं और ले जाया जा रहा था, वहीं इसमें लिक्विड विस्फोटक में विस्फोट हुआ और इस कार के साथ अन्य कार भी जल गईं। अफरातफरी मच गई और वहां पहले से खड़े युट्यूबर व सामान्य स्ट्रिंगर अपने कैमरे में जो कुछ शूट कर रहे थे, वे हिल गए। जिन्हें जान गंवानी पड़ी वे इतने बुरी अवस्था में मिले कि उनकी शिनाख्त भी कर पाना मुश्किल हो गया अगर एकाध लोगों की बात न की जाए तो सभी मृत लोगों को पहचान करना कठिन हो गया। सबसे अहम बात यह है कि यह दिल्ली है। दिल्ली के इस भीड़भाड़ वाली जगह पर आते हैं वे सामान्य लोग है और वे मेहनत करके अपने परिजनों के जीवन चलाने के लिए रेड़ी लगाते हैं। कुछ बेचकर उससे इकट्ठा धन से अपने भविष्य के लिए जीने की चाह रखते हैं। यदि उनको ऐसी घटनाओं का सामना दिल्ली में करना पड़ा तो निःसंदेह यह बहुत बड़ी बात है। किसी भी देश में नागरिक अपनी सरकार की वजह से सुरक्षित महसूस करते हैं और यदि उनकी सुरक्षा ही खतरे में आ जाए तो फिर वे बहुत निराश होते हैं। देश में इस घटना के बाद आम जनता का विश्वास टूटा है। उन्हें भय यह सताने लगा है कि यदि दिल्ली ही सुरक्षित नहीं है तो फिर कोई भी सुरक्षित नहीं है। उस दिन मैं दिल्ली में ही था जब यह घटना घटी। मेरा बेटा मेरे पास पहुँच चुका था, जहाँ मैं ठहरा हुआ था। टीवी पर जब यह न्यूज आने लगी कि दिल्ली में लाल क़िले के पास आतंकवादी गतिविधियां हुई हैं, तो मेरे बेटे ने कहा कि मैं कुछ समय पहले इस स्थान से 200 मीटर पर था। मुझे यह राहत थी कि वह मेरे पास आ चुका था और मेरे साथ चाय पी रहा था लेकिन जो लोग इस घटना में मारे गए और जो घायल हुए या पैनिक हुए, वे किस न किसी के बेटे होंगे या किसी न किसी रिश्ते में होंगे, उनके दिलों से पूछा जाए तो उनके दहशत का अंदाज़ा लगा पाना भी किसी के वश की बात नहीं होगी। एक बार फिर से भारत में लाल किले में हुए आतंकवादी कार्रवाई के लिए जो लोग पकड़े जा रहे हैं वे यह सब क्यों कर रहे हैं, पता नहीं लेकिन वे जो कुछ कह रहे हैं वह हमारे देश के लिए और हमारी संप्रभुता के लिए बहुत बड़ा गुनाह है। वे देश के लिए ख़तरा हैं। वे देश के ही लोगों को मार देने और सरकार को अस्थिर कर देने की कोशिश कर रहे हैं जिस देश में वह रहते हैं और खाते-पीते हैं, खुली हवा में जिस देश में साँसे लेते हैं। मोहम्मद शाहीन, मोहम्मद मुजम्मिल और मोहम्मद उम्र ये सब पेशे से डॉक्टर हैं और उन्हें खुदा ने इतना सब गुण या तालीम के साथ बख्सा है कि वे दूसरों की जान की रक्षा कर सकें। लेकिन नहीं ये लोग तो भारतीय जन की जान लेने पर लगे हुए हैं। कल जब मैं अपने असिस्टेंट प्रोफ़ेसर के साथ दिल्ली से विशाखापत्तनम रवाना हो रहा था तो जिस कैब से मैं अपने डेस्टिनेशन पर जा रहा था उस कैब का चालक मुस्लिम था। उसने कहा कि वैसे भी मुसलमान बदनाम थे और ये लोग मुसलामानों को और बदनाम करने पर उतारू हैं। यानि इसका अर्थ यह है कि आम मुसलमान जो कि मेहनतकश है वह तो इस प्रकार का दंगा या आतंकवादी कार्रवाई नहीं चाहता। वह अपने दीन व ईमान से कमाकर गुजर-बसर करना चाहता है। यह जो फिदायीन हरकतों के लिए आगे आए हैं, वे डॉक्टर हैं, वे वकील हैं या यूनिवर्सिटी में हैं। रेडीकलाइजेशन का यह नशा भारत के लिए ठीक नहीं है। यह हमारे देश में रेडिकल होने का नशा भी देश के लिए ख़तरा बनता जा रहा है। एक नाम इस घटना में मुस्लिम महिला का आया वह और चौंका देने वाला है।

वह भी डॉक्टर है मोहम्मद शाहीन। इन मोहतरमा ने देश में मुस्लिम महिला आतंकवादी संगठन खड़ा करने की जिम्मेदारी ली। यह एक नया बावला है भैया। इसके पहले जैसा मैं सुना था कि जम्मू व कश्मीर की महिलाएं जिनके घर के युवा फिरकापरस्ती ताकतों के साथ मिलकर ऐसे करतूतें करती थीं तो उनकी माएं व बहने उन्हें रोकती थीं। अपने ही बच्चे व पति प्रतिरोध करती वे महिलाएं उनकी हिंसा की शिकार भी हो जाया करती थीं। ये जो शाहीन हैं वह खुद ऐसी महिला विंग बना रही हैं तो सोचने वाली बात है कि देश में क्या हो रहा है और क्या होने वाला है? यदि हमारे देश की करुणा की प्रतिमूर्ति बोली जाने वाली महिलाएं ही अपनी एक आतंकवादी विंग बनायेंगी तो देश कभी भी उबार सकता ही नहीं। अब ये मुस्लिम महिलाओं को क्या हो गया है, यह बात समझ से परे है।

भारत के लिए और भारतीय संस्कृति के लिए जीने वाली महिलाओं को अपने ऐसे कृत्य पर लगाम लगाना चाहिए। सबसे बड़ी बात यह है कि देश की सुरक्षा व्यवस्थाएं इतनी हाथी नींद में सो रही हैं कि उन्हें यह पता ही नहीं है कि देश में क्या हो रहा है और कहाँ बज्रपात होने वाला है। सरकार को ऐसी हाथी नींद सोने वाली सुरक्षा व खूफिया एजेंसीज को एक बार नए तरीके से समझने की आवश्यकता है क्योंकि लाल किला की घटना में कोई ज्यादा लोग नहीं मरे। लेकिन आने वाले समय में क्या पता कि देश में ऐसी फिदयानिं ताकतें किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में हों और देश में बहुत ज्यादा समस्याओं का सामना करना पड़ जाए। ऐसे में सरकार का अब बड़ा दायित्व है कि वे देश हित में जितने कारगर ढंग से निर्णय लिए जा सकें लेना चाहिए और देश के नागरिकों को विश्वास दिलाना चाहिए कि पूरा देश सुरक्षित है। लेकिन यह सब तभी होगा जब दो स्तर पर काम तेज होगा पहला देश की सुरक्षा व ख़ुफ़िया तंत्र चुस्त-दुरुस्त हो दूसरा जो इस दिशा में गलत कदम उठा रहे हैं उन्हें बैठाकर बातें करे सरकार कि आखिर वे किस मनोदशा में आकर देश में इतनी बड़ी आतंकी घटना को अंजाम दे रहे हैं और विदेशों में बैठे भारत विरोधी ताकतों को अपने लक्ष्य हासिल करने में मदद कर रहे हैं और फिर उनकी बातचीत से जो बातें सामने आए उस पर नियंत्रण कैसे लग सकता है इस पर सरकार सक्रिय हो। इस आतंकी घटना से सबक लेने की आवश्यकता है इसे पहले समझ लेगी सरकार तो आगे निश्चय ही देश सुरक्षित रूप से तरक्की कर सकेगा और दुश्मन हमारे देश का कुछ भी बिगाड़ नहीं सकेंगे।

अध्यात्म

## आलस्य की वजह से सुनहरा अवसर भी हाथ से निकल सकता है

लोक कथा के अनुसार पुराने समय में किसी आश्रम में गुरु अपने एक शिष्य के साथ रहते थे। गुरु बहुत विद्वान थे। आसपास के लोग उनके प्रवचन सुनने आते थे। उनका शिष्य बहुत आलसी था। इस वजह से गुरु को शिष्य के भविष्य को लेकर चिंता रहती थी।

शिष्य की शिक्षा पूरी होने वाली थी, लेकिन वह अभी तक समय का मूल्य नहीं समझ सका था। वह किसी भी काम को टालते रहता था। गुरु ने सोचा कि शिष्य को समय का महत्व नहीं समझाया तो इसका जीवन बर्बाद हो सकता है।

एक दिन गुरु ने आलसी शिष्य को एक पत्थर देते हुए कहा कि ये पारस पत्थर है। इससे तुम जितना चाहो, उतना सोना बना सकते हो, लेकिन तुम्हारे पास सिर्फ दो ही दिन हैं। इससे तुम्हारा भविष्य सुधर सकता है। मैं दूसरे गांव जा रहा हूं, दो दिन बाद आश्रम लौट आऊंगा, तब मैं तुमसे ये पत्थर मैं वापस ले लूंगा। इस पत्थर से तुम लोहे की जिस चीज से स्पर्श करोगे, वह सोने की हो जाएगी।

चमत्कारी पत्थर देकर संत आश्रम से निकल गए। आलसी शिष्य बहुत खुश था। उसने सोचा कि मैं इस पत्थर से इतना सोना बना लूंगा कि मेरा पूरा जीवन ऐश और आराम से व्यतीत हो जाएगा।

उसने विचार किया कि अभी तो मेरे पास दो दिन हैं, एक दिन आराम कर लेता हूं। अगले दिन सोना बना लूंगा। ये सोचकर वह सो गया। पूरा दिन और पूरी रात सोने के बाद जब वह उठा तो उसने योजना बनाई कि आज बहुत सारा लोहा लेकर आना है और उसे सोना बनाना है।

आश्रम से बाहर जाने से पहले वह खाना खाने बैठ गया। पेटभर खाना खाया तो उसे नींद आने लगी। अब वह सोचने लगा कि कुछ देर सो लेता हूं, सोना बनाने का काम तो छोटा है, शाम को कर लूंगा। लेटते ही उसे नींद आ गई। वह गहरी नींद में था। उसे मालूम भी चला और सूर्यास्त हो गया।

दिन खत्म होते ही गुरु आश्रम में लौट आए। गुरु ने शिष्य से वह पत्थर वापस ले लिया। अब शिष्य को इस बात अहसास हो गया कि आलस्य की वजह से उसने सुनहरा अवसर खो दिया है। शिष्य ने गुरु के सामने संकल्प लिया कि अब से वह कभी भी समय को बर्बाद नहीं करेगा और आलस्य को त्याग देगा। इसके बाद शिष्य का जीवन बदल चुका था। वह मेहनत करने लगा था और जल्दी ही उसने अपनी मेहनत से धन कमाना भी शुरू कर दिया।

# पहाड़ों के भविष्य पर टिका है जलस्रोतों का भविष्य

**जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और अस्थिर मानव हस्तक्षेप ने पर्वतीय जलस्रोतों के अस्तित्व को डगमगा दिया है। संयुक्त राष्ट्र की विश्व जल विकास रिपोर्ट 2025 गहरी चिंता जताती है कि धरती के वे पर्वत, जिन्हें अब तक केवल प्राकृतिक सौंदर्य के प्रतीक के रूप में देखा जाता था, वास्तव में हमारे जीवन के सबसे बड़े जल भंडार हैं, और अब वे पिघल रहे हैं। रिपोर्ट का पहला वाक्य ही चेतावनी बनकर उभरता है - पर्वतीय जलस्रोत, जो दुनिया के ताजे पानी का 60 फीसदी तक उपलब्ध कराते हैं, हमारी आंखों के सामने पिघल रहे हैं। यह केवल एक वैज्ञानिक कथन नहीं, बल्कि उन करोड़ों लोगों के भविष्य का सवाल है, जिनकी आजीविका और अस्तित्व इसी जल पर निर्भर है।**

संयुक्त राष्ट्र की यह रिपोर्ट हमें उस सच से रूबरू कराती है, जो अक्सर नजरों से ओझल रहता है। विश्व की जल सुरक्षा, पारिस्थितिकी और खाद्य आपूर्ति का बड़ा हिस्सा उन ऊँचे इलाकों पर निर्भर है, जिन्हें हम आमतौर पर हिमालय या आल्प्स जैसे नामों से जानते हैं। इन्हीं को वैज्ञानिक अब 'वाटर टावर्स' कहते हैं, ऐसे जलस्तंभ जो पृथ्वी को जीवन देते हैं। यह कोई रूपक नहीं, बल्कि ठोस वैज्ञानिक सच्चाई है। ऊँचाई पर जमा बर्फ और ग्लेशियर केवल पहाड़ों की शोभा नहीं, बल्कि नदियों, झरनों और भूजल के रूप में जीवन की धारा बहाने वाले स्रोत हैं। रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2000 से 2021 के बीच विश्व में ताजे पानी की खपत में 14 फीसदी की वृद्धि हुई है। कृषि क्षेत्र सबसे बड़ा उपभोक्ता बना हुआ है, जो कुल खपत का लगभग 72 फीसदी पानी इस्तेमाल करता है। उद्योगों की हिस्सेदारी 15 फीसदी और घरेलू उपयोग की 13 फीसदी है। विकसित देशों में औद्योगिक खपत अपेक्षाकृत अधिक है, जबकि गरीब देशों में 90 फीसदी तक पानी खेती के काम आता है। इस बढ़ती मांग के बीच असली चिंता यह है कि आपूर्ति के स्रोत सिकुड़ रहे हैं। आल्प्स, एंडीज, किलिमंजारो से लेकर हिमालय तक, लगभग हर प्रमुख पर्वतीय क्षेत्र के ग्लेशियर तेज़ी से पीछे हट रहे हैं। एंडीज में 1980 के दशक से अब तक 30 से 50 फीसदी तक हिमनद घट चुके हैं। अफ्रीका के माउंट केन्या, रुवेनज़ोरी और किलिमंजारो पर 2040 तक बर्फ पूरी तरह समाप्त हो जाने की आशंका जताई गई है। हिंदूकुश-कराकोरम-हिमालय, जिसे 'थर्ड पोल' कहा जाता है, में सदी के अंत तक बर्फ की मात्रा आधी रह जाने की संभावना है। यही वह क्षेत्र है जिससे दक्षिण एशिया की गंगा, ब्रह्मपुत्र, सिंधु और सतलुज जैसी महान नदियां जन्म लेती हैं, और जो लगभग 1.65 अरब लोगों को पानी उपलब्ध कराती हैं। इन नदियों का प्रवाह अस्थिर हुआ तो आधी से अधिक एशिया की जनसंख्या सीधे प्रभावित होगी। भारत के संदर्भ में यह संकट और भी गंभीर है। भारतीय हिमालय में 9,500 से अधिक ग्लेशियर हैं। वाडिया इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन जियोलॉजी और आईआईटी कानपुर के अध्ययन बताते हैं कि पिछले तीन दशकों में इन ग्लेशियरों का औसत पीछे हटना सालाना 15 से 20 मीटर तक रहा है। गंगोत्री ग्लेशियर, जो गंगा नदी का स्रोत है, 1935 से अब तक लगभग तीन किलोमीटर पीछे हट चुका है। रिपोर्ट चेतावनी देती है कि निकट भविष्य में नदियों का प्रवाह कुछ वर्षों के लिए तो बढ़ सकता है, लेकिन दीर्घकाल में उसमें भारी कमी आएगी। यह स्थिति सिंचाई, पीने के पानी, जलविद्युत उत्पादन और नदी आधारित पारिस्थितिकी तंत्र सभी पर गहरा असर डालेगी। ग्लेशियरों के पिघलने के साथ एक नई चुनौती भी तेजी से बढ़ रही है, ग्लेशियर झील फटने से आने वाली अचानक बाढ़। नेपाल, सिक्किम, अरुणाचल और लद्दाख जैसे क्षेत्रों में यह चिंता गंभीर रूप ले रही है। 2023 में सिक्किम की दक्षिण लोनक झील फटने से आई बाढ़ ने कई गांवों और हाइड्रो प्रोजेक्टों को तबाह कर दिया था। रिपोर्ट सुझाव देती है कि इस तरह की आपदाओं की निगरानी, प्रारंभिक चेतावनी व्यवस्था और आपदा पूर्व तैयारी को पर्वतीय नीति का अनिवार्य हिस्सा बनाया जाना चाहिए। पर्वतीय जलस्रोतों में हो रहे परिवर्तनों का असर केवल पानी तक सीमित नहीं है। कृषि उत्पादन, खाद्य सुरक्षा, जलविद्युत परियोजनाएं, मत्स्य पालन, वनों का स्वास्थ्य और जैव विविधता, सब इनसे जुड़ी हैं। जब नदियों का प्रवाह असंतुलित होता है, तो कभी बहुत अधिक, कभी बहुत कम पानी की स्थिति बनती है, जिससे फसलें नष्ट होती हैं, मृदा कटाव बढ़ता है और जीविकोपार्जन पर प्रतिकूल असर पड़ता है। भारत के गंगा-ब्रह्मपुत्र बेसिन में 40 प्रतिशत से अधिक कृषि क्षेत्र है, जहां धान, गेहूं और गन्ने जैसी जल-गहन फसलें उगाई जाती हैं। ग्लेशियर पिघलाव में बदलाव से इन फसलों की उत्पादकता पर सीधा असर पड़ना तय है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट यह भी रेखांकित करती है कि जल संकट से निपटने के लिए केवल तकनीकी समाधानों पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं होगा। स्थानीय और पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों को भी समान महत्व देना होगा। भारत के उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में 'खाल', 'गुल' और 'कुल्ह' जैसी पारंपरिक जलसिंचन व्यवस्थाएं सदियों से पानी के संरक्षण और संतुलन का उदाहरण रही हैं।

इसी तरह उत्तर-पूर्व के अरुणाचल प्रदेश में अपाटानी जनजाति की सीढ़ीदार खेती जल उपयोग की दक्षता का एक आदर्श मॉडल है। यदि इन पारंपरिक प्रणालियों को आधुनिक विज्ञान के साथ जोड़ा जाए, तो जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना अधिक प्रभावी ढंग से किया जा सकता है। भारत ने राष्ट्रीय जल नीति, हिमालयन ग्लेशियर मॉनिटरिंग प्रोग्राम और जलवायु अनुकूलन योजनाओं में पर्वतीय जलस्रोतों के संरक्षण पर बल दिया है। लेकिन रिपोर्ट का निष्कर्ष साफ है कि ये प्रयास अभी सीमित हैं और इन्हें अधिक व्यापक, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के स्तर पर विस्तारित करने की आवश्यकता है। ब्रह्मपुत्र और सिंधु बेसिन जैसे साझा जलस्रोतों के संदर्भ में भारत, नेपाल, भूटान, चीन और बांग्लादेश को डेटा साझा करने, संयुक्त निगरानी और साझा अनुकूलन रणनीतियों पर मिलकर काम करना होगा। यह केवल पर्यावरणीय मुद्दा नहीं, बल्कि क्षेत्रीय स्थिरता और शांति से जुड़ा हुआ प्रश्न भी है। रिपोर्ट इस पूरी चुनौती को सतत विकास लक्ष्य 6 से जोड़ती है, जिसका उद्देश्य है, सभी के लिए जल और स्वच्छता की गारंटी। इसके लिए नीति-निर्माताओं को पर्याप्त डेटा, विश्लेषण और मार्गदर्शन की जरूरत है ताकि जल संसाधनों के संरक्षण और न्यायसंगत वितरण के लिए ठोस कदम उठाए जा सकें। रिपोर्ट का अंतिम वाक्य जैसे एक गूंज की तरह सुनाई देता है 'जो कुछ पहाड़ों में होता है, वह यहीं नहीं रुकता; उसका असर हम सब पर पड़ता है।' भारत जैसे देश के लिए, जहां आधी से अधिक आबादी हिमालय और उसके जल पर प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से निर्भर है, यह चेतावनी भविष्य की नीति और आज के निर्णय दोनों को तय करने वाली होनी चाहिए। हकीकत यह है कि पर्वतों और हिमनदों का संरक्षण केवल हिमालयी राज्यों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र की प्राथमिकता होना चाहिए। यदि हमने समय रहते इस चेतावनी पर ध्यान नहीं दिया, तो आने वाले दशकों में नदियों का प्रवाह और जीवन का संतुलन, दोनों अस्थिर हो जाएंगे। तब शायद हमारी आने वाली पीढ़ियां न तो बर्फ से ढकी चोटियों को वैसे देख पाएंगी जैसे हम देखते हैं, और न ही उन नदियों का मीठा पानी पी पाएंगी जिनसे हमारी सभ्यता ने जन्म लिया था। यह चेतावनी अब केवल वैज्ञानिक रिपोर्टों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि नीति, समाज और जनचेतना का हिस्सा बननी चाहिए क्योंकि पहाड़ों का भविष्य ही हमारे जीवन का भविष्य है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**

नया व्यवसाय आरम्भ कर सकते हैं। गले में इन्फेक्शन और जुकाम की समस्या हो सकती है। किसी दीर्घकालिक लक्ष्य को लेकर आप योजना बना सकते हैं।

**वृषभ**

आप आज काफी ज्यादा व्यस्त रहेंगे। कारोबार में आपको अपेक्षाकृत लाभ प्राप्त होगा। उलझे हुये मामलों को आप सुलझाने का प्रयास करें।

**मिथुन**

आर्थिक मामलों में लापरवाही न करें। तनाव आपके ऊपर हावी हो सकता है। धन उधार देने से आपको बचना चाहिये। पेट खराब होने की सम्भावना है।

**कर्क**

नयी सम्पत्ति की खरीदारी कर सकते हैं। पुराने मित्रों से अपेक्षित सहायता मिलेगी। पति-पत्नी के मध्य आपसी सामंजस्य बहुत अच्छा रहेगा।

**सिंह**

मानसिक अशान्ति के कारण एकाग्रता में कमी रहेगी।बच्चों के ऊपर गर्व की अनुभूति होगी। दोस्तों पर आँख-मूँदकर विश्वास न करें।

**कन्या**

दाम्पत्य जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा। आपको नयी जिम्मेदारियाँ मिल सकती हैं। जोखिम भरे निवेश लाभकारी सिद्ध हो सकते हैं।

**तुला**

व्यापार में कुछ कमी महसूस होगी। दाम्पत्य सम्बन्धों में निकटता बढ़ेगी। आपको सहकर्मियों से सहायता मिल सकती है।

**वृश्चिक**

आपको दूसरो पर अधिक निर्भर होने से बचना चाहिये। अपनी आवश्यकताओं से अधिक धन खर्च न करें। आपके भीतर नयी ऊर्जा का संचार होगा।

**धनु**

आपको अपनी वाणी पर नियन्त्रण रखने की आवश्यकता है। गलत कार्यों में आप रुचि ले सकते हैं। बच्चों की परवरिश पर ध्यान अवश्य दें। ऑनलाइन पेमेन्ट आदि के दौरान विशेष सावधानी रखें।

**मकर**

नयी वस्तुओं को खरीद सकते हैं। पुराने ऋणों को चुकाने के लिये दिन बहुत अच्छा है। घर के अनुभवी सदस्यों से राय अवश्य लें। व्यापारियों के लिये दिन बहुत ही अच्छा है।

**कुंभ**

वरिष्ठ अधिकारियों से बहसबाजी न करें। नयी व्यापारिक साझेदारी होने के योग बन रहे हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को सावधानी पूर्वक बयानबाजी करनी चाहिये।

**मीन**

आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। तकनीकी विषयों के अध्ययन में आप रुचि ले सकते हैं। पारिवारिक सदस्यों के साथ हँसी-मजाक भरा समय बितायेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### अग्निवीर भर्तीः 18 नवंबर तक आ सकता है रिजल्ट

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय सेना में अग्निवीर बनने के लिए अगस्त माह में शारीरिक परीक्षा का 18 नवंबर को परीक्षा परिणाम आने की संभावना है. मेरिट लिस्ट जारी होने के बाद दिसंबर के प्रथम सप्ताह में चयनित अग्निवीरों को ट्रेनिंग के लिए विभिन्न सेना ट्रेनिंग सेंटर में भेजा जायेगा. सेना भर्ती अधिकारी ने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों से शैक्षिक प्रमाण पत्र और मार्कशीट, सरपंच द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र और डीएम व एसडीओ द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र, एसपी द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र , सरपंच द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र , स्कूल के प्राचार्य द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र ,एनसीसी प्रमाण पत्र, खेल प्रमाण पत्र ,स्वयं आधार कार्ड व पैन कार्ड, परिवार का आधार कार्ड का फोटोकॉपी, रद्द किया गया बैक चेक , 25 पासपोर्ट फोटो, प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेड द्वारा हस्ताक्षरित शपथ पत्र लेकर आयेंगे. अग्निवीर भर्ती परीक्षा का परिणाम 18 नवंबर तक आ सकता है. इसके बाद दस्तावेज परीक्षण होगा, फिर ट्रेनिंग सेंटर पर भेजा जाएगा.

### दानापुर में अज्ञात युवक का शव बरामद

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शाहपुर थाना क्षेत्र के छितनावां व आनंद बाजार नया रोड में सडक किनारे गड्डे से शनिवार को अज्ञात 25 वर्षीय युवक का शव बरामद किया गया. पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेजा गया है. मृतक का शिनाख्त अभी तक नही हुआ है. मृतक के शरीर पर जख्म का निशान है. थानाध्यक्ष मनीष कुमार आनंद ने बताया कि सडक किनारे एक अज्ञात युवक का सडक दुर्घटना में मौत हो गई है. मृतक का अभी तक पहचान नही हो सका है. मामले की छानबीन किया जा रहा है.

### एनटीपीसी नाइट्रोड्रम स्कूल में कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी काआयोजन

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल के बाढ स्थित एनटीपीसी के नेट्रोडेम एकेडमी मे बच्चों के द्वारा आर्ट एंड क्राफ्ट साइंस एक्जीबिशन का आयोजन स्कूल में किया गया।स्कूल के बच्चों ने एक से बढ़ कर एक साइंस फ्रिक्रेशन का प्रदर्शन कर मौजूद अभिभावकों का मन मोह लिया।क्लास 6 की छात्राओं ने जहां एक और हड़प्पा संस्कृति को दशार्या वही बुद्ध की नगरी बिहार को भी प्रदर्शित किया गया ।बच्चों की इस प्रदर्शन को देख कर शिक्षक भी गर्व महसूस कर रहे थे ।स्कूल की प्राचार्य सिस्टर मैरी सुनीता ने बताया कि इस तरह के आयोजन से बच्चों का ज्ञान के साथ साथ मानसिक विकास भी होता है,जो इनके पठन पाठन में काफी सहयोगी होता है।स्कूल के बच्चों की उज्वल भविष्य की कामना किया।इस दौरान सिस्टर नम्रता, सपना, प्रियंका,सीजा, बच्चो के मनोबल को बढ़ाती रही।छात्र छात्राओं में अदिरा पांडे,रचिता सिंह ,विशाखा सिंह, अभिज्ञा सिंह सहित अन्य छात्रों ने हिस्सा लिया।



### नगर परिषद की लापरवाही के चलते उच्च पथ 31 पर जल जमाव की स्थिति

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद की लापरवाही के चलते काजीचक चौक के पास राष्ट्रीय उच्च पथ 31 पर जल जमाव की स्थिति होने के चलते धीरे-धीरे सड़क बर्बाद होने लगा है। जिसके चलते भारी वाहनों को आने जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दूसरी तरफ लगातार जल जमाव के चलते लोगों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है और कभी-कभी तो पैदल चल रहे यात्रियों पर भारी वाहन के पहिए का पानी का छिटा पडने से कपड़ा भी बर्बाद हो जाता है। स्थानीय लोगों के द्वारा कई बार इसकी शिकायत नगर परिषद से की गई है लेकिन चुनाव में व्यस्त रहने के चलते नगर परिषद आज तक कोई पहल नहीं की है। हालांकि हाल के दिनों में इन इलाकों में पीसीसी ढलाई का काम कराया गया था लेकिन लेवल ऊंचा कर देने से आसपास के घरों का पानी सीधा नाली में ना जाकर सड़क पर आ जाता है। जिसके चलते उच्च पद को भारी छती हो रही है वहीं आसपास के दुकानदार भी इससे प्रभावित हैं।



### अतिक्रमण के कारण लगे जाम से लोग रहे परेशान

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शनिवार को मनेर नगर परिषद क्षेत्र के पड़ावपर, भगतसिंह स्मारक मोड़, रामनगीना सिंह मोड़, मनेर थाना के पास अतिक्रमण के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर घंटो जाम की समस्या बनी रही। जिसके कारण सुबह से लेकर देर शाम तक लगातार सड़क पर जाम लगने की वजह से गाड़ियों की लंबी कतार सड़क पर लगी रही। हालांकि स्थानीय पुलिस और प्रशासन लोगों को जाम से निजात दिलाने के लिए दूर-दूर तक नहीं दिखी। जिसे लेकर लोगों को काफी कठिनाइयों और परेशानियों का सामना करते हुए देखा गया। वहीं लोगों ने बताया कि अतिक्रमण और अवैध ऑटो स्टैंड के वजह से विशेष रूप से जाम की समस्या राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर सुबह से लेकर देर शाम तक लगी रहती है। नगर प्रशासन से लेकर स्थानीय पुलिस प्रशासन तक शिकायत बेअसर है।

# खानकाह मुजीबिया पहुंचे पूर्व मंत्री श्याम रजक

## नीतीश कुमार के बिना सरकार गठन की कल्पना नहीं: श्याम रजक



**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में प्रचंड विजय के अगले दिन एनडीए प्रत्याशी एवं फुलवारी शरीफ के सातवीं बार निर्वाचित विधायक, पूर्व मंत्री श्याम रजक ने धार्मिक स्थलों पर जाकर आशीर्वाद लिया. उन्होंने सबसे पहले खानकाह मुजीबिया पहुंचकर गद्दीनशीं हजरत मौलाना अयातुल्लाह कादरी से मुलाकात की और दुआ-आशीर्वाद प्राप्त किया.विजय के बाद पूर्व मंत्री श्याम रजक ने फुलवारी शरीफ के चुनौती कुआं स्थित नवदुर्गा मंदिर समेत कई मंदिरों, संगत पर स्थित गुरुद्वारा उदासीन नानक शाही में पहुंचकर मत्था टेका और क्षेत्र की शांति-समृद्धि की कामना की.साथ ही ऑल इंडिया मिली काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अनिसुर्र रहमान कासमी से भी भेंट की और उन्हें अपनी जीत की जानकारी देते हुए बातचीत की. इस दौरान श्याम रजक ने कहा, ह्वएनडीए ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के चेहरे पर चुनाव लड़ा और महागठबंधन का सफाया कर दिया. बिहार में नीतीश कुमार के बिना सरकार गठन की कल्पना ही नहीं की जा सकती.ह्व उन्होंने बताया कि सुबह मुख्यमंत्री आवास जाकर उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से भेंट की और उनका आशीर्वाद लिया.श्याम रजक ने फुलवारी शरीफ की जनता के प्रति आभार जताते हुए कहा कि लोगों ने एक बार फिर उन पर भरोसा किया, जिसके लिए वे सभी मतदाताओं का दिल से धन्यवाद करते हैं. खानकाह मुजीबिया पहुंचने पर प्रबंधक हजरत मौलाना मोहम्मद मिनहाजुद्दीन कादरी मुजीबी ने उनका स्वागत किया. मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष आफताब आलम, वार्ड पार्षद मोहम्मद शाहबाज हुसैन, पप्पू, चंद, गुड्डू रजक सहित एनडीए कार्यकताओं ने फूल-मालाओं के साथ गर्मजोशी से बधाई दी. बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में फुलवारी शरीफ सीट पर एक बार फिर श्याम रजक का दबदबा कायम रहा. एनडीए उम्मीदवार श्याम रजक ने विपक्षी महागठबंधन प्रत्याशी गोपाल रविदास को भारी अंतर से पराजित करते हुए सातवीं बार प्रचंड बहुमत से जीत हासिल की.

वैज्ञानिक प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र

## रोगों का सही उपचार सही जांच पर निर्भरः न्यायमूर्ति

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विश्व पैथोलॉजी दिवस पर इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ एजुकेशन ऐंड रिसर्च में आयोजित हुआ भव्य समारोह. वैज्ञानिक प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र बनी.रोगों का सही उपचार तभी संभव है जब उनकी सही जाँच हो. बिना कारण जाने उपचार असंभव हो जाता है. इसी वजह से आधुनिक चिकित्सा-विज्ञान में पैथोलॉजी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है. विश्व पैथोलॉजी दिवस के अवसर पर बेउर स्थित इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ एजुकेशन ऐंड रिसर्च में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति संजय कुमार ने यह बातें कही. उन्होंने कहा कि कई रोगों के लक्षण एक जैसे होते हैं और केवल लक्षणों के आधार पर उपचार करना जोखिम भरा हो सकता है.

## चिराग पासवान ने अपने परिवार व चुनाव में जीते विधायक के साथ बाबा योगेश्वरनाथ धाम में की पूजा-अर्चना



**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शनिवार को लोजपा (रा) पार्टी के अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान अपने परिवार व चुनाव में जीते अपने 19 विधायक के साथ खगौल स्थित बाबा योगेश्वरनाथ धाम में विधवत पूजा-अर्चना किया. लोजपा (रा) पार्टी की प्रचंड जीत के बाद 19 विधायक के चेहरे पर मुस्कान दिख रहा था. जिसमें नवनिर्वाचित 19 विधायक सुगौली से राजेश कुमार उर्फ बब्लू गुप्ता, गोविंदगंज राजू तिवारी, बेलसंड से अमित कुमार, कसबा से नीतेश कुमार सिंह, बलरामपुर से संगीता देवी, सिमरी बख्तियारपुर से संजय कुमार सिंह, बोचहां से बेबी कुमारी, दरौली से विष्णु देव पासवान, महुआ से संजय कुमार सिंह, बखरी से संजय कुमार, परबत्ता से बाबूलाल शौर्य, नाथनगर से मिथुन कुमार, बख्तियारपुर से अरुण कुमार, चेनारी से मुरारी प्रसाद गौतम, डेहरी से राजीव रंजन सिंह, ओबरा से प्रकाश चंद्र, शेरघाटी से उदय कुमार सिंह, रजौली से विमल राजबंशी, और गोविंदपुर से बनीता मेहता ने चुनाव जीता है. चिराग पासवान अपने परिवार व पार्टी के विधायक के साथ मंदिर परिसर में पहुंचे. सबसे पहले विजय बाबा का पैर छूकर आशीर्वाद लिया. विजय बाबा ने पार्टी के सभी विधायकों को कंधे पर माता भवानी की चुनरी रखकर सम्मानित किया. इसके बाद बाबा योगेश्वरनाथ व माता भवानी की पूजा अर्चना करते हुए पार्टी की प्रचंड जीत के लिए धन्यवाद दिया. मंदिर परिसर में 'हर हर महादेव' व 'जय माता दी' के नारों से सारा माहौल भक्तिमय से गूंज उठा.

# आईआईटी पटना और गंगा देवी महिला महाविद्यालय में एआई पर 12 दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स 17 नवंबर से

## विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को गति देने की पहल



**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गंगा देवी महिला महाविद्यालय, पटना में एमएमटीटीसी (मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर) आईआईटी पटना और गंगा देवी महिला महाविद्यालय, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में 17 नवंबर से 29 नवंबर 2025 तक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर 12 दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स का आयोजन किया जा रहा है. यह कार्यक्रम हाइब्रिड मोड में आयोजित होगा और कुल 72 घंटे का होगा. यूजीसी द्वारा प्रायोजित यह रिफ्रेशर कोर्स पूरी तरह निःशुल्क है. इसमें विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, मानविकी, वाणिज्य—सभी संकायों के शिक्षक, शोधार्थी और पीएच.डी. धारक भाग ले सकते हैं. एमएमटीटीसी, आईआईटी पटना के कार्यक्रम निदेशक डॉ. संजय कुमार परीदा और गंगा देवी महिला महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. (डॉ.) विजय लक्ष्मी ने कहा कि विकसित भारत 2047 की परिकल्पना को साकार करने में इस प्रकार के उन्नत प्रशिक्षण कार्यक्रम महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे. कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए आईआईटी पटना के संयोजक डॉ. अभिनव सिंह और गंगा देवी महिला महाविद्यालय की संयोजक डॉ. रेणु कुमारी (मनोविज्ञान विभाग) ने कहा कि एआई आधारित यह रिफ्रेशर कोर्स सभी विषयों के शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी है. एआई की समझ और उपयोगिता के जरिए 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में यह कार्यक्रम प्रभावी योगदान देगा.

# मोना स्कूल ऑफ नर्सिंग में बच्चों का जश्न चिल्ड्रन्स डे पर छात्रों ने मचाया धमाल

चेयरमैन डॉ. डी. के. सिंह ने दी शुभकामनाएँ



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मोना स्कूल ऑफ नर्सिंग, अगमकुआँ, पटना में चिल्ड्रन्स डे बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्कूल परिसर सुबह से ही रंग-बिरंगी सजावट, उत्साह से भरे छात्रों और शिक्षकों की मधुर मुस्कान से गुलजार रहा। इस विशेष अवसर पर छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य, गीत, नाटक और खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पूरे कार्यक्रम में बच्चों की रचनात्मकता और ऊर्जा देखते ही बनती थी। मोना स्कूल ऑफ नर्सिंग के चेयरमैन, डॉ. डी. के. सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और शिक्षकों को बाल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनका सर्वांगीण विकास ही हमारे समाज की प्रगति का आधार है। उन्होंने छात्रों को मेहनत, अनुशासन और मानवीय मूल्यों के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। स्कूल की प्राचार्या और फैकल्टी सदस्यों ने भी बच्चों को प्रोत्साहित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए और मिठाइयाँ बाँटी गईं। मोना स्कूल ऑफ नर्सिंग में मनाया गया चिल्ड्रन्स डे बच्चों के लिए यादगार बन गया।

## एनएसएसआई का 35वां शैक्षणिक कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न

**फुलवारीशरीफ/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एम्स पटना के न्यूरोसर्जरी विभाग ने न्यूरोसर्जिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया (एनएसएसआई) के 35वें राष्ट्रीय शैक्षणिक कार्यक्रम की प्रतिष्ठित मेजबानी की. दो दिवसीय इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में देशभर से लगभग 50 न्यूरोसर्जनों ने भाग लिया और नवीनतम तकनीकों एवं नैदानिक पद्धतियों पर विस्तृत चर्चा की. कार्यक्रम का उद्घाटन एम्स पटना के निदेशक प्रोफेसर (ब्रिगेडियर) डॉ. राजू अग्रवाल ने किया. इस अवसर पर देश के वरिष्ठ न्यूरोसर्जन एवं राष्ट्रीय संकाय सदस्य मौजूद थे, जिनमें प्रोफेसर आर.एस. मित्तल, प्रोफेसर एम.के. तिवारी, प्रोफेसर शरद पांडे, प्रोफेसर विकास चंद्र झा, प्रोफेसर पार्थसारथी दत्ता, डॉ. समरेंद्र कुमार सिंह, डॉ. आनंद कुमार दास शामिल थे.

## दानापुर शनिदेव मंदिर ट्रस्ट की नई कमेटी गठन करने की मांग

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर के सुलतानपुर शनिचरा स्थान स्थित प्राचीन शनि देव मंदिर ट्रस्ट के नई कमिटी गठन करने के लिए जदयू पटना महानगर उपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह व लोजपा जिलाध्यक्ष चंदन यादव ने डीएम व बिहार राज्य धार्मिक न्याय पर्षद के अध्यक्ष से मांग किया है. उन्होंने ने बताया कि बिहार राज्य धार्मिक न्याय पर्षद द्वारा एसडीओ को पत्र भेजकर मंदिर ट्रस्ट के नई कमिटी गठन करने के सारी प्रक्रिया पूरी करने को कहा गया था. उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों द्वारा कई बार डीएम, एसडीओ , तत्कालीन डिप्टी सीएम व पूर्व सांसद से लिखित शिकायत किया गया है. पिछले 10 वर्षो से मंदिर का दाव व चढ़ाव का राशि बैजू साव , उनके पुत्र सियाराम व दशरथ साव द्वारा एक फर्जी कमिटी बनाकर मंदिर के दान व चढ़ाव का राशि का गबन करके अपना उपार्जन कर रहे है, जबकि मंदिर सार्वजनिक है. उक्त लोगो मंदिर पर अपना कब्जे जमाया हुए है .बता दे कि तत्कालीन एसडीओ तरणजोत सिंह ने तत्कालीन सीओ महेंद्र प्रसाद गुप्ता को मंदिर का जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए निर्देश दिया था. सीओ महेंद्र प्रसाद गुप्ता ने मंदिर के नई कमिटी गठित करने व मंदिर का दान व चढ़ाव का लेखा-जोखा की जांच कर रिपोर्ट एसडीओ को प्रस्तुत किया गया था. जांच रिपोर्ट में सीओ ने बताया था कि पिछले तीन साल का मंदिर का दान की राशि की जांच में बैंक में जमा व निकासी करने का कोई हिसाब किताब सही ढंग से प्रस्तुत नही किया गया था. जांच के दौरान पता चला कि बैजू साव अपने नाम से बैंक खाता खुलवाया है और बैंक में जमा व निकासी का कोई लेखा-जोखा प्रस्तुत नही किया गया. तत्कालीन एसडीओ तरणजोत सिंह का स्थानांतरण होने के बाद मामला फाइल में दबकर रह गया. पूर्व सांसद रामकृपाल यादव के फोन पर तत्कालीन एसडीओ विनोद दूहन को शनि मंदिर ट्रस्ट के नई कमिटी गठन के लिए कहा. जिसपर एसडीओ विनोद दूहन ने पर्षद के पत्र के आलोक पर चार सदस्यीय टीम गठित किया गया. जिसमें तत्कालीन बीडीओ डा राघवेंद्र कुमार शर्मा , तत्कालीन सीओ स्व विद्यानंद राय , तत्कालीन थानाध्यक्ष अजीत कुमार साहा व मंदिर के पुजारी उमेशकांत मिश्रा को जांच करने के लिए गठित टीम में शामिल किया गया. गठित टीम में मंदिर के पुजारी उमेशकांत मिश्रा को शामिल नही किया गया. जबकि 2009 से मंदिर का पुजारी उमेश कांत मिश्र, उनके पुत्र पंकज मिश्र व सुजीत मिश्रा है. तथाकथित रूप से बैजू साव द्वारा फर्जी तरीके से अपने आपको मंदिर के पुजारी बताकर गठित टीम के सदस्यों को गुमराह किया गया. साथ ही मंदिर के दान व चढ़ाव का लेखा-जोखा भी प्रस्तुत नही किया गया था. इसका रिपोर्ट बनाकर तत्कालीन सीओ स्व विद्यानंद राय ने तत्कालीन एसडीओ को प्रस्तुत किया गया था. मंदिर को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए स्वच्छ छवि के 11 लोगों का चयन कर नई कमिटी का गठन करने की मांग किया गया है.

# प्रेम लोक मिशन स्कूल में बाल दिवस पर रंगारंग कार्यक्रमों से गूंजा परिसर





**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना के संपतचक बैरिया स्थित प्रेम लोक मिशन स्कूल में बाल दिवस बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया. विद्यालय परिसर दिनभर बच्चों की हंसी, गीत-संगीत और विविध प्रतियोगिताओं से सराबोर रहा. कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय निदेशक गुरुदेव श्री प्रेम ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया. उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि ह्वबच्चे देश का भविष्य हैं। बाल दिवस का उद्देश्य बच्चों में छिपी प्रतिभाओं को उजागर करना और उन्हें सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करना है। शिक्षा के साथ संस्कार और चरित्र निर्माण पर विशेष ध्यान देना ही हमारा लक्ष्य है।ह्व बाल दिवस के अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों व शिक्षिकाओं ने मंच पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिससे कार्यक्रम में उत्साह और उमंग का संचार हुआ. बच्चों ने लैमन रेस, चेयर रेस, वन मिनट गेम, वॉल डांस, पेयर डांस जैसे कई खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. नन्हें-मुन्ने छात्रों ने चाचा नेहरू के वेश में रैंप वॉक कर सबका मन मोह लिया. विद्यालय के कई प्रतिभाशाली छात्रों ने अपने नृत्य, कविता, गीत और लघु-नाटिका के माध्यम से बाल दिवस का महत्व बताया. खास तौर पर प्रस्तुत की गई एकांकी में बच्चों ने ऑनलाइन पढ़ाई के दौरान आने वाली चुनौतियों को रोचक तरीके से मंचित किया, जिसे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा.

## एसडीभी पब्लिक स्कूल में रंगारंग फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित



**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एसडीभी पब्लिक स्कूल में शनिवार को फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया. प्रतियोगिता में नर्सरी से लेकर यू.के.जी. तक के बच्चों ने विभिन्न चरित्रों और थीम पर आकर्षक व सुसज्जित परिधानों में अपनी अद्भुत प्रस्तुतियाँ दीं. यू.के.जी. (खंड-ए) में रूद्रप्रताप सिंह ने ट्रैफिक लाइट का रूप धरकर प्रथम स्थान प्राप्त किया. अंतरिक्ष की शान रॉकेट पर जानकारी प्रस्तुत करते हुए अयांश कुमार सिंह द्वितीय तथा पेंसिल बॉक्स का महत्व बताकर अक्षत पांडेय तृतीय स्थान पर रहे. यू.के.जी. (खंड-बी) में अथर्व सिंह पॉपकॉर्न बनकर प्रथम, मोबाइल फोन पर प्रस्तुति देती हुई पीहू कुमारी द्वितीय और प्लास्टिक बैग के महत्व को दशार्ते हुए अनुभव सिंह तृतीय स्थान पर रहे. नर्सरी वर्ग में आर्यन कुमार ने भगवान श्रीराम का रूप धारण कर प्रथम स्थान हासिल किया. प्रियांशी कुमारी ने रानी लक्ष्मीबाई बनकर द्वितीय तथा अक्षिता सिंह ने भारत माता बनकर तृतीय स्थान प्राप्त किया. एल.के.जी. में अन्वी रंजन ने जल संरक्षण पर मनमोहक प्रस्तुति देकर प्रथम, अमायरा कुमारी ने ट्रैफिक सिग्नल का महत्व समझाकर द्वितीय और प्रिंसी कुमारी ने भारत माता बनकर तृतीय स्थान प्राप्त किया.

# इस्लामिया बी.एड. कॉलेज में व्यक्तित्व विकास पर प्रेरक व्याख्यान शिक्षक प्रशिक्षुओं ने उत्साह से लिया भाग






**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इस्लामिया बी.एड. कॉलेज में आज व्यक्तित्व विकास विषय पर विशेष गेस्ट लेक्चर का सफल आयोजन किया गया. कार्यक्रम में कॉलेज के दोनों सत्रों के शिक्षक प्रशिक्षुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. सत्र का शुभारंभ प्राचार्य श्री आर. के. अरुण द्वारा मुख्य वक्ता डॉ. अजय कुमार सिंह को पौधा भेंट कर किया गया. कार्यक्रम के विशेष वक्ता डॉ. अजय कुमार सिंह, पूर्व डीन, फैकल्टी ऑफ एजुकेशन, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना रहे. उन्होंने 'पर्सनैलिटी डेवलपमेंट' विषय पर प्रेरणादायक व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए व्यक्तित्व विकास के विभिन्न आयामों को विस्तार से समझाया. डॉ. सिंह ने कहा कि एक शिक्षक का व्यक्तित्व उसकी कार्यकुशलता और शैक्षिक उपलब्धियों का आधार होता है. उन्होंने आत्मविश्वास, प्रभावी संप्रेषण कौशल और सकारात्मक दृष्टिकोण को एक आदर्श शिक्षक के मूल तत्व बताया. कॉलेज के प्राचार्य आर. के. अरुण ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे शैक्षिक और प्रेरणादायक सत्र शिक्षकों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. उन्होंने भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया. इस अवसर पर डॉ. मंजुला और समन्वयक डॉ. अली इमाम ने भी अपना मार्गदर्शन दिया. उन्होंने कॉलेज में गुणवत्ता सुधार और शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए द्वारा किए जा रहे सार्थक प्रयासों की जानकारी दी. कार्यक्रम के अंत में कॉलेज प्रबंधन ने मुख्य वक्ता डॉ. अजय कुमार सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इस प्रकार के उपयोगी व ज्ञानवर्धक सत्र आयोजित करने की घोषणा की.

## होली मिशन की माही गुप्ता को मिला स्वर्ण पदक



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** खेल विभाग बिहार एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना के संयुक्त तत्वावधान में तथा जिला प्रशासन मधुबनी के सहयोग से आयोजित राज्य स्तरीय विद्यालय अंतर प्रखंड टेबल टेनिस प्रतियोगिता 2025 का सफल आयोजन बी.पी. मंडल इंडोर स्टेडियम में शुक्रवार को संपन्न हुआ। 12 से 14 नवंबर तक आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्घाटन मधेपुरा के जिलाध्यक्ष श्री तरनजीत सिंह द्वारा किया गया। तीन दिनों तक चले इस रोमांचक मुकाबले में प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने भाग लिया। बालिका अंडर-19 वर्ग में होली मिशन सेकेंडरी स्कूल की छात्रा माही गुप्ता ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया और प्रतियोगिता की स्टेट चैंपियन बनीं। पूरे टूनार्मेंट के दौरान माही ने अपने शानदार फुटवर्क, तीक्ष्ण सर्व और बेहतरीन रिफ्लेक्स से दर्शकों और निर्णायकों को प्रभावित किया। खेलो इंडिया के कोच श्री राहुल कुमार एवं बिहार टेबल टेनिस संघ के कोच श्री सोमनाथ राय ने माही की जीत को अत्यंत सराहनीय बताया। उन्होंने कहा कि माही एक अत्यंत प्रतिभाशाली और अनुशासित खिलाड़ी हैं, जिनमें राष्ट्रीय स्तर पर बिहार का नाम रोशन करने की पूरी क्षमता है। कोचों के अनुसार यदि माही इसी लगन और मेहनत से खेलती रहीं, तो वे आने वाले वर्षों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना सकती हैं। प्रतियोगिता स्थल पर उपस्थित दर्शकों और खेल प्रेमियों ने भी माही के प्रदर्शन की सराहना की। उनकी जीत से पूरे विद्यालय और क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री मुकेश कुमार श्रीवास्तव ने माही को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी और कहा कि विद्यालय को उनकी इस उपलब्धि पर गर्व है। उन्होंने उम्मीद जताई कि माही भविष्य में भी नई ऊँचाइयों को छूती रहेंगी और समाज व राज्य का नाम गौरवान्वित करेंगी।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### बॉर्डर से देशी कट्टा एंव लाखों की चरस जब्त

**नरकटियागंज/मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारत नेपाल बार्डर पर तैनात 44 बटालियन के नगरदेही एसएसबी ने बॉर्डर से एक देसी कट्टा व 3.39 ग्राम चरस को जब्त किया। हालांकि जवानों को देख तस्कर झोला फेंक फरार हो गया। सेनानायक बलवंत सिंह नेगी ने बताया कि शुक्रवार की शाम गुप्त सुचना मिली कि पीलर संख्या 423/6 के समिप से मादक पर्दाथ की खेप भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने वाला है। सूचना मिलते ही जवान अलर्ट हो गए। इसी दौरान सडकिया भंगहा गांव के पास एक व्यक्ति नेपाल की ओर से आता दिखाई दिया। जैसे ही उसने बॉर्डर पार किया जवान उसे पकड़ने की कोशिश की। लेकिन जवान को देख उक्त संदिग्ध झोला फेंक फरार हो गया। जब्त की गई झूला की तलाशी के दौरान एक देसी कट्टा समेत सात पैकेट में 3 किलो 39 ग्राम चरस बरामद किया गया। जब्त चरस कि किमत लगभग 68 लाख रूपए आंकि गई है।



### समृद्ध वर्मा की जीत पर भाजपाइयों ने मनाई खुशी

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की प्रचंड जीत पर भारतीय जनता पार्टी और जानता दल यूनाइटेड पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर हर्ष जताया। शुक्रवार की रात को मैनाटांड, इनरवा, भंगहा और डामरापुर आदि गांवों में स्थित अतिथि गृह पहुंचे कार्यकताओं ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर जमकर नृत्य किया। कार्यकताओं ने आतिशबाजी करने के साथ ही मिष्ठान वितरण भी किया। इधर जेडीयू से विधायक प्रत्याशी समृद्ध वर्मा ने कहा कि यह विजय जनता के विश्वास का परिणाम है। जनता ने एक बार स्थिर सरकार व विकास के पक्ष में मतदान किया है। मौके पर धर्मेश कुशवाहा, राजन कुमार कुशवाहा, विकास कुमार, प्रशांत यादव, कृष्णाधन दास, मुन्ना यादव, संतोष यादव, मुन्ना कुमार, दीपक कुमार, मुन्ना सिंह, अरुण विक्रम शाह, नीरज कुमार, अमरेंद्र यादव आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।



### चुनाव कार्य मे लगे वाहनों का जमा करे लॉग बुक

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विधानसभा चुनाव संपन्न होने के पश्चात चुनाव कार्य में लगे वाहनों का लॉग बुक प्रखंड कार्यालय में जमा करवाया जा रहा है। ताकि वाहन मालिकों का ससमय भुगतान किया जा सके। प्रखंड के प्रधान लिपिक प्रदीप कुमार पासवान ने बताया कि वाहनों के लॉग बुक जमा कराने का समय सोमवार तक रखा गया है। सोमवार तक लॉग बुक जमा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए रविवार को भी कार्यालय खुला रहेगा। प्रधान लिपिक ने बताया कि सेक्टर पदाधिकारियों को दिए गए वाहनों में से अब तक करीब 22 वाहनों का लॉग बुक जमा किया जा चुका है। चुनाव में लगे पुलिस पदाधिकारियों का भी कुछ लॉग बुक यहां जमा हो रहा है। सभी लॉग बुक की इंट्री करवाई जा रही है। वही पोलिंग पार्टियो का लॉग बुक जिला मुख्यालय में ही जमा करवाया गया है। इधर बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने बताया कि चुनाव कार्य मे लगे सभी वाहनों का लॉग बुक की इंट्री कर उसे बंद कराया जा रहा है। ताकि वाहन मालिकों का समय से भुगतान किया जा सके।

### कुआं जीर्णोद्धार को लेकर ग्रामीणों ने उठायी मांग

**सड़क के किनारे है कुआं हमेशा खतरा का रहता है डर**

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड अंतर्गत भसुरारी पंचायत के वार्ड संख्या छह लक्ष्मीपुर टोला में मुख्य सड़क के किनारे स्थित एक सार्वजनिक कुएं का जीर्णोद्धार अभी तक नहीं हो पाया है। कुआं का जीर्णोद्धार नही होने से ग्रामीण चिंतित है। सड़क के किनारे कुआं होने से हमेशा बच्चों के इसमें गिरने का डर बना रहता है। ग्रामीण सुरेन चौधरी, पारस चौधरी, जीता चौधरी, गेना चौधरी,वकील चौधरी समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि सभी जगहों पर पुराने कुआं का जीर्णोद्धार कराया गया है। लेकिन इस जर्जर कुआं का जीर्णोद्धार को लेकर अब तक किसी ने ध्यान नही दिया है। ग्रामीणों ने तत्काल इसके जीर्णोद्धार की मांग की है। बता दें कि प्रखंड में जल जीवन हरियाली अभियान के तहत करीब 72 कुओं का जीर्णोद्धार कार्य पूरा हो चुका है। इधर प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी विवेक आर्या ने बताया कि कुआं का जीर्णोद्धार जल जीवन हरियाली के तहत कराया गया है। इस कुआं के जीर्णोद्धार को लेकर पंचायत सचिव को निर्देशित किया जा रहा है।

### आग से झुलसी महिला की इलाज के दौरान मौत

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक के दुरगौली गांव में बीते सप्ताह गैस सिलेंडर से लगी आग में झुलसी महिला की शुक्रवार को पटना के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। शव गांव लाए जाने पर परिवार में मातम छा गया। मृतका पूजा देवी (23), बहरौली गांव निवासी छठू राय की पत्नी थीं। वह दुरगौली निवासी स्व. विधा राय की पुत्री थीं। छठ पूजा के खरना के दिन चाय बनाते समय गैस सिलेंडर में आग लगने से पाँच लोग झुलस गए थे। सभी को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक लाया गया, जहाँ से गंभीर स्थिति के कारण सदर अस्पताल छपरा रेफर किया गया। पूजा देवी की हालत बेहद गंभीर होने के कारण उन्हें पटना के निजी क्लिनिक में भर्ती कराया गया था, जहाँ इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। मृतका एक पुत्र और एक पुत्री की मां थीं। परिवार का रोझरोकर बुरा हाल है।



### डाक लेकर जा रहा चौकीदार सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक थाना में कार्यरत चौकीदार छपरा डाक लेकर जाते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल चौकीदार राम एकबाल राय, 50 वर्ष, हनुमानगंज गांव निवासी हैं। घटना के बाद उन्हें सदर अस्पताल छपरा में भर्ती कराया गया, जहाँ से बेहतर इलाज के लिए पटना के निजी क्लिनिक में रेफर किया गया। उनकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है। चौकीदार मशरक थाना से डाक लेकर छपरा गए थे, उसी दौरान दुर्घटना हुई।



# पूर्वी चम्पारण में 11 विधानसभा सीटों पर एनडीए का कब्जा

**एक विधानसभा सीट ढाका में राजद की हुई जीत ● सुगौली विधानसभा सीट पर राजेश कुमार की सर्वाधिक वोट 58191 से हुई जीत**




**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार विधानसभा निर्वाचन में पूर्वी चम्पारण में 11 विधानसभा सीटों पर एनडीए का रहा जलवा ' वहीं सभी विधानसभा सीटों में सुगौली विधानसभा सीट से राजेश कुमार (उर्फ) बब्लु गुप्ता ने रिकॉर्ड तोड़ वोट 58191वोट से विजेता घोषित हुये ' साथ हीं मोतिहारी विधानसभा से प्रमोद कुमार 13563 वोट से जीत हासिल कर छठी बार अपना विधायकी कायम रखे। रक्सौल विधानसभा सीट से प्रमोद सिन्हा 17878 वोट से हुये विजयी ' नरकटिया विधानसभा सीट से विशाल कुमार 1443 वोट से हुये विजयी। हरसिद्धि विधानसभा सीट से कृष्णनंदन पासवान 7095 वोट से हुये विजयी ' गोविन्दगंज विधानसभा से राजू तिवारी 32683 वोट से हुये विजयी ' वहीं पूर्वी चम्पारण में सबसे पहले विजेता केसरिया विधानसभा सीट से शालिनी मिश्रा 16340 वोट से विजयी घोषित की गई। कल्याणपुर विधानसभा सीट से सचिन्द्र सिंह 15568 वोट से जीत हासिल कर फिर से विधायिकी कायम रखे। पिपरा विधानसभा सीट से श्यामबाबू यादव 10745 वोट से हुये विजयी। वहीं मधुबन विधानसभा सीट से राणा रणधीर ने भी 5492 वोट से विजयी होकर अपना विधायिकी कायम रखे ' चिरैया विधानसभा सीट से लालबाबू गुप्ता भी 39360 वोट से विजयी होकर विधायक बने।

## यह जीत मेरी नहीं मोतिहारी की जनता की है : प्रमोद कुमार



**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एनडीए की प्रचंड जीत के बाद शनिवार को गाँधी कॉम्प्लेक्स स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए मोतिहारी के नव निर्वाचित विधायक प्रमोद कुमार ने कहा कि यह जीत मेरी जीत नहीं है। यह जीत अपराधी के खिलाफ मोतिहारी की जनता की जीत है। यहां की जनता ने बता दिया कि सत्य-अहिंसा की इस धरती पर अपराधी स्वीकार नहीं है। श्री कुमार ने कहा कि इस चुनाव की खासियत यह रही कि जनता ने जाति और धर्म से ऊपर उठ कर शांति,सुरक्षा और विकास को चुना है। मोतिहारी के सात पंचायतों अमर छतौनी,रामसिंह छतौनी,बरियारपुर,चंद्रहिया, रुलही,पतौरा एवं गोढ़वा में जहाँ विपक्षी द्वारा बड़े पैमाने पर धन बल और बाहु बल का प्रयोग किया गया । वहां एनडीए प्रत्याशी को आठ हजार से अधिक मतों से और मोतिहारी नगर के दक्षिणी मण्डल में 6 हजार मतों से जीत मिली। उन्होंने ने कहा कि यदि राजद के माई समीकरण की बात करें तो मुस्लिम और यादव बाहुल्य क्षेत्रों में भी राजद उम्मीदवार को स्वीकार नहीं किया गया। वहां भी लगभग तीन हजार मतों की ही बढ़त राजद उम्मीदवार को मिली। इस जीत के लिए श्री कुमार ने मोतिहारी की जनता के प्रति आभार व्यक्त किया। उक्त अवसर पर सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह, जिलाध्यक्ष पवन राज, मछुआरा आयोग के अध्यक्ष ललन चौधरी, उप महापौर डॉ० लालबाबू प्रसाद, एनडीए के संयोजक प्रकाश अस्थाना, पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अखिलेश सिंह, जिला प्रभारी वरूण सिंह, महामंत्री योगेन्द्र प्रसाद एवं मार्तण्ड नारायण सिंह, महामंत्री संजय चौधरी, प्रवक्ता साजिद रजा एवं मीडिया प्रभारी गुलरेज शहजाद मौजूद थे।

## एनडीए की प्रचंड जीत पर अखिल भारतीय हिंदू महासभा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ई. आदित्य सिंह की बधाई

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की प्रचंड जीत पर अखिल भारतीय हिंदू महासभा (युवा मोर्चा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा (युवा मोर्चा) के प्रवक्ता व सारण जिले के अमनौर प्रखंड के धरहरा कला गांव निवासी ई. आदित्य सिंह ने हर्ष व्यक्त करते हुए एनडीए नेतृत्व व कार्यकताओं को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि सारण जिले की 10 में से 7 सीटों पर एनडीए की जीत यह दशार्ती है कि जनता ने विकास, सुशासन व स्थिर नेतृत्व पर एक बार फिर भरोसा जताया है। ई. आदित्य सिंह ने एनडीए एवं भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह ऐतिहासिक जनादेश प्रदेश की बुनियादी प्रगति और सकारात्मक बदलाव का संकेत है। उन्होंने कहा कि जनता के सहयोग और समर्थन ने पूरे संगठन में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया है। ई. सिंह ने कहा कि यह जीत जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने की जिम्मेदारी को और मजबूत करती है। हम इस जनसमर्थन को यादगार बनाते हुए बिहार के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि आने वाले वर्षों में बिहार विकास, रोजगार व सुशासन के नए मानकों को स्थापित करेगा।



## बिहार जीता अब प.बंगाल की बारी

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार की जनता ऐतिहासिक रिजल्ट दी है और पूरा विश्वास जताई है। मोदी और नीतीश की जोड़ी सुपर डुपर रही। सभी वर्गों के लिए कल्याणकारी योजना बनाकर सभी वर्गों के एक साथ विकास करने की योजना बनाकर जो काम किया है इससे पूरे बिहार की जनता जनमानस अपनी विश्वास जताया है। उक्त बातें केंद्रीय कोयला एवं खनन राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने कही। वे शनिवार को भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार की विकास योजना बनाकर काम कर रही है और आगे भी कार्य करेगा।पहले हमने दिल्ली जीता बिहार जीत अब पश्चिम बंगाल की बारी है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल के बाद उत्तर प्रदेश, असम, तमिलनाडु में भी एनडीए जीतेगी। निश्चित रूप से आने वाले दिनों में इन प्रदेशों में भी सरकार बनेगी और 2047 तक विकसित भारत का जो सपना प्रधानमंत्री ने सपना देखा है वह पूरा होगा।

## मोतिहारी विधानसभा क्षेत्र में एक सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाने के लिए तैयार : देवा गुप्ता

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लोकतंत्र में जनता का जनादेश ही सर्वोपरी होता है। मोतिहारी की जनता ने जो जनादेश दिया है हम उसे स्वीकार करते है। चुनावी राजनीति में हार-जीत सिक्का के दो पहलू है। हम चुनाव जरूर हारे है लेकिन इससे हमारे हौसला में थोड़ी भी कमी नहीं आयेगी। हम एक सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाते रहेंगे। अब तक मोतिहारी में एक स्थायी विपक्ष नहीं रहा है। कभी बाहर से तो कभी दूसरे विधानसभा से तो कभी यहाँ के उम्मीदवार को दूसरे विधानसभा भेज दिया जाता था। हम मोतिहारी के बेटा एवं भाई है और मोतिहारी में ही टिके रहेंगे और विपक्ष की भूमिका में रहेंगे। मेरी यह हार जनता द्वारा दी गयी हार नहीं है। हम सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग से हारे है। पिछले कई महीनों से जिस तरह से मुझें, मेरे परिवार और मेरे अपनों को सरकारी मशीनरी के जरिये केस-मुकदमा करके परेशान किया जा रहा था उस से इस तरह का परिणाम अपेक्षित था। मेरे सहयोगियों और मित्रों को झूठा मुकदमा में फँसा कर जेल भेज दिया गया। हमारे नामांकन के बाद चुनाव का कार्य देख रहे हमारे बहुत सारे मेरे अपनों के घर पर छापा पर छापा कराया गया और नोटिस भेजकर, डरा धमका कर शहर से बाहर जाने पर मजबूर किया गया। चुनाव के समय हमारे ऊपर अन्य झूठे मुकदमा कराया गया। जिस वजह से जनसंपर्क करने में दिक़्कत हुई और हम सभी लोगों तक नहीं पहुँच सके। खैर मुझें मोतिहारी की लगभग 92,517 जनता का अटूट आशीर्वाद और प्यार मिला जिसके लिए आजीवन ऋणी रहेंगे। जनता जनार्दन के लिए देवा गुप्ता का दरवाजा हमेशा खुला रहेगा। पराजय से बहुत कुछ सीखने का अवसर मिलता है। हम दोगुनी ऊर्जा के साथ पाँच वर्ष जनता की सेवा करेंगे। हम हारे जरूर है पर हार नहीं मानेंगे, हम मोतिहारी के जनता के लिए और बदहाल व्यवस्था को बदलने के लिए चुनाव लड़े थे और लड़ते रहेंगे।



## आदिवासी समाज ने भारतीय सभ्यता की मूल भावना को आज भी जीवित रखा है : प्रो. संजय श्रीवास्तव

**महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय में जनजातीय गौरव दिवस पर शैक्षणिक विमर्श का कार्यक्रम आयोजित**



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनजातीय नायकों के योगदान को स्मरण करना तथा उनके सामाजिक-सांस्कृतिक विचारों को समकालीन संदर्भों में समझना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने की, जिन्होंने वर्चुअल माध्यम से अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में गांधी परिसर के निदेशक एवं चीफ प्रॉक्टर प्रो. प्रसून दत्त सिंह, स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज के डीन प्रो. सुजीत कुमार चौधरी, समाजशास्त्र विभाग की सहायक आचार्या डॉ. स्वेता, हिंदी विभाग की डॉ. गरिमा तिवारी और डॉ. अल्पिका त्रिपाठी की महत्वपूर्ण भूमिका थी। कार्यक्रम में विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक (म.प्र.) के अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. रक्षादेवी सिंह तथा सिदो-कान्हू-बिरसा विश्वविद्यालय, पुरुलिया (प.ब.) के डॉ. सुदीप भुई, एसोसिएट प्रोफेसर, मानवशास्त्र एवं जनजातीय अध्ययन विभाग शामिल थे।अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने कहा कि आदिवासी समाजों ने भारतीय सभ्यता की मूल भावना सादगी, साझेदारी और प्रकृति संरक्षणको आज भी जीवित रखा है। भगवान बिरसा मुंडा द्वारा उत्पन्न राजनीतिक चेतना ने स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्रवाद की धारा को नई दिशा दी। उन्होंने समाजशास्त्र एवं सामाजिक कार्य विभाग से आग्रह किया कि वे जनजातीय समुदायों की कॉस्मोलॉजी, जीवन-दृष्टि, ज्ञान-परंपराओं और स्थानीय संसाधन प्रबंधन तकनीकों का दस्तावेजीकरण करें। पश्चिमी प्रतिमानों के बजाय भारतीय समाज-आधारित कार्यप्रणाली विकसित करने पर उन्होंने बल दिया। मुख्य अतिथि प्रो. रक्षा देवी सिंह ने भगवान बिरसा मुंडा के युवा नेतृत्व को आज के भारत के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि उलगुलान किसी सत्ता, धन या प्रतिष्ठा के लिए नहीं, बल्कि जल - जंगल-जमीन की रक्षा के लिए था। उनके अनुसार यह आंदोलन पर्यावरणीय न्याय, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक था। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि जनजातीय इतिहास में अनेक महिलाएँ महत्वपूर्ण योगदान देती रही हैं, जिनमें पद्मश्री राजमोनी देवी (छत्तीसगढ़, गोंड समुदाय) और झुनकी देवी (झारखंड) जैसी नामी व्यक्तित्वों को सामने लाना आवश्यक है। एक शिक्षाविद् के रूप में उन्होंने सुझाव दिया कि विश्वविद्यालयों में जनजातीय अध्ययन के लिए फील्ड-वर्क आधारित शोध, मौखिक इतिहास और सांस्कृतिक अभिलेखागारों का निर्माण समय की माँग है। विशिष्ट अतिथि डॉ. सुदीप भुई ने कहा कि बिरसा मुंडा केवल एक प्रतिरोध के प्रतीक नहीं थे, बल्कि वे आध्यात्मिक नेतृत्व के धनी थे। उनके 'सन्डे स्कूल्स' जंगलों में सामाजिक चेतना और सामूहिक नैतिक शक्ति के विकास का माध्यम बने। उन्होंने जनजातीय समाज में धर्म सुधार, सामुदायिक एकता और औपनिवेशिक-मिशनरी हस्तक्षेप के प्रतिरोध को संगठित किया।उन्होंने कहा कि प्रकृति उपासना, सामुदायिक आत्मविश्वास और सांस्कृतिक पुनर्स्थापन आज के सामाजिक अध्ययनों में विशेष महत्व रखते हैं। प्रो. प्रसून दत्त सिंह ने कहा कि प्रकृति पूजा और जनजातीय सांस्कृतिक परंपराएँ भले आधुनिक विकासवाद की धारणाओं से दूर प्रतीत हों, किंतु वे मानव मूल्यों और पर्यावरणीय स्थिरता की मजबूत नींव हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बिरसा मुंडा की परंपराएँ राष्ट्रीय शिक्षा नीति के मूल भाव भारतीय ज्ञान प्रणाली से गहरे रूप से जुड़ी हैं। प्रो. सुजीत कुमार चौधरी ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे जनजातीय नेताओं के जीवन, संघर्ष और समुदायों की जीवन-दुनिया को गहराई से समझें, क्योंकि वे आज के वैश्वीकरण काल में वैकल्पिक ज्ञान प्रणालियों का महत्वपूर्ण स्रोत हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. स्वेता ने की। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन तथा राष्ट्रगान के साथ हुआ। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा जनजातीय गौरव दिवस पर आयोजित यह संवाद अकादमिक और सामाजिक दृष्टि से अत्यंत सार्थक रहा।

## जनता ने बढ़ायी जिम्मेदारी : सतीश चंद्र दुबे

**नवनिर्वाचित विधायक संजय कुमार पांडेय के साथ संयुक्त प्रेसवार्ता कर विधानसभा की जनता के प्रति आभार व्यक्त किया**

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर के एक होटल में केंद्रीय राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने शनिवार को नवनिर्वाचित विधायक संजय कुमार पांडेय के साथ संयुक्त प्रेसवार्ता कर विधानसभा की जनता के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि जनता ने अपना भरोसा जताकर जिम्मेदारी और भी बढ़ा दी है, जिसे पार्टी पूरी निष्ठा के साथ निभाएगी। मंत्री ने नवनिर्वाचित विधायक संजय कुमार पांडेय को मिठाई खिलाकर जीत की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि संजय पांडेय की जीत जनता की आस्था और विश्वास का परिणाम है, और आने वाले दिनों में क्षेत्र के विकास कार्यों को और तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा।



जनता ने एक बार फिर विकास और सुशासन के पक्ष में अपना बहुमूल्य मत देकर भाजपा पर भरोसा जताया है। वही कार्यकताओं ने मंत्री और विधायक दोनों का गर्मजोशी से स्वागत किया और जीत को ऐतिहासिक बताते हुए खुशी का इजहार किया। इससे पहले शहर के सोनारपट्टी चौक पर केंद्रीय राज्य मंत्री का कार्यकर्ताओ ने भव्य स्वागत किया और उन्हें लड्डू से तौला गया। कार्यकर्ताओ ने कहा कि चंपारण में एनडीए की जीत में मंत्री संतीश चंद्र दुबे की रणनीति और नेतृत्व की अहम भूमिका रही। इसपर मंत्री श्री दुबे ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान कार्यकर्ताओ की मेहनत और जनता के विश्वास के बदौलत हासिल हुआ है।इस दौरान कार्यकताओं की भारी उत्साह देखा गया।

## केंद्रीय विद्यालय में मनाया गया बाल दिवस व दादा-दादी, नाना-नानी दिवस

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय मशरक में बाल दिवस एवं दादा-दादी, नाना-नानी दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को रंगोली, पोस्टर व सजावट से आकर्षक रूप दिया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्या रंजना झा और नेहरू बने विद्यालय के बच्चों ने दीप प्रज्वलन एवं चित्र पर पुष्प अर्पित कर की। प्रार्थना सभा में छात्रों ने चाचा नेहरू के जीवन और बच्चों के प्रति उनके प्रेम पर आधारित प्रेरक भाषण दिया। इसके बाद गीत, नृत्य, कविता और नाटक सहित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। दूसरे चरण में दादा-दादी, नाना-नानी दिवस मनाया गया। बच्चों ने अपने बड़ों के सम्मान में विशेष प्रस्तुतियाँ दीं। संस्कृत शिक्षक राहुल कान्त पांडेय द्वारा लिखित और संगीत शिक्षिका निधि मिश्रा द्वारा गाए गए गीत नानी तेरी मोरनी को मोर ले गया। की पैरोडी प्रस्तुति बच्चों ने देकर सबका मन मोह लिया। बड़ों ने भी अपने अनुभव और प्रेरक सीख बच्चों से साझा की। सेल्फी प्वाइंट बनाया गया था जहां दादा-दादी और नाना-नानी ने बच्चों संग तस्वीरें लीं। सामुदायिक भोज का आयोजन किया गया जहाँ बच्चे एक साथ भोजन करते दिखे। खेल प्रतियोगिता में जीतने वाले प्रतिभागियों को विद्यालय द्वारा सम्मानित किया गया और बच्चों के बीच मिठाई वितरित की गई। प्राचार्या ने बच्चों को नेहरू के आदर्शों का अनुसरण करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन प्राथमिक विभाग के बच्चों ने किया।



## नवजातों की जीवन-रेखा मजबूत करने की मुहिमः 21 नवंबर तक चलेगा 'न्यूबॉर्न वीक' अभियान

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नवजात मृत्यु दर कम करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग 15 से 21 नवंबर तक पूरे जिले में न्यूबॉर्न वीक मना रहा है। राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक सुहर्ष भगत ने इसके आयोजन के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इस अवधि में स्वास्थ्य मंत्रालय और नेशनल हेल्थ मिशन द्वारा भी नवजात सुरक्षा पर विशेष गतिविधियाँ संचालित होंगी। इस वर्ष न्यूबॉर्न वीक की थीम 'न्यूबॉर्न सेफ़्टीः एवरी टच, एवरी टाइम, एवरी बेबी' निर्धारित की गई है। इसका उद्देश्य माताओं और परिवारों को सुरक्षित नवजात देखभाल के प्रति जागरूक करना है।



**जानिए क्यों महत्वपूर्ण है न्यूबॉर्न केयर?**

जन्म के बाद पहले 28 दिन नवजात के लिए सबसे संवेदनशील होते हैं। इस समय संक्रमण, तापमान असंतुलन, प्रीमेच्योर बर्थ, स्तनपान की कमी और रेस्पिरेटरी प्रॉब्लम्स जैसे जोखिम अधिक होते हैं। इसी कारण यह सप्ताह परिवारों को जागरूक करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है।

**लक्ष्यः नीओनेटल मॉर्टैलिटी रेट में कमी**

एसआरएस-2023 के अनुसार राज्य की वर्तमान नीओनेटल मॉर्टैलिटी रेट 18 प्रति 1000 जीवित जन्म है। सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल) के अनुसार इसे 2030 तक 12 प्रति 1000 तक लाना लक्ष्य है। राज्य सरकार व डिस्ट्रिक्ट हेल्थ यूनिट्स इस दिशा में लगातार प्रयासरत हैं। सहयोगी संस्थाओं को भी अभियान से जोड़ा जाएगा ताकि गतिविधियाँ प्रभावी ढंग से लागू हो सकें।

आशा-एएनएम की भूमिकाः फ्रंटलाइन वर्कर्स अभियान के दौरान आशा व एएनएम कार्यकर्ता घरझघर जाकरयह चेक करेंगेः
शिशु का टेम्परेचर, ब्रेस्टफीडिंग की स्थिति, इन्फेक्शन साइन, वजन तथा जच्चा की सेहत की जाँच करेंगी। जरूरत पड़ने पर वे रेफरल एवं तत्काल उपचार की सलाह देंगी।

**परिवार इन बातों का ध्यान रखेंः**

कोल्ड प्रोटेक्शन) झ शिशु को ठंड से बचाएँ।
कमरा साफ-सुथरा और धुएँ से मुक्त हो।
जन्म के 7झ10 दिन तक जच्चा-बच्चा बाहर न निकले।
छोटे बच्चों का नवजात से कम संपर्क हो
जन्म के एक घंटे के भीतर ब्रेस्टफीडिग शुरू करें।
शिशु को छूने से पहले हाथ हैंडवॉश करें।
कपड़े व बिस्तर सूखे और स्वच्छ रखें।
बुखार, तेज साँस, सुस्ती या दूध पीने में कमी दिखे तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

# ढहते-ढहते बचा जहानाबाद जिले में महागठबंधन का पुराना किला

डॉ रंजीत कुमार भारतीय/ नबिटा ब्यूरो

**जहानाबाद**। जिले के सभी तीन विधानसभा सीटों पर शुक्रवार को हुए मतगणना में अंतिम चरण के परिणाम आने तक कांटे का टक्कर देखने को मिला। जहानाबाद के घोसी विधानसभा सीट पर एनडीए की पहली जीत हुई, तो वहीं मखदुमपुर और जहानाबाद विधानसभा सीट पर किसी तरह महागठबंधन अपनी इज्जत बचाने में सफल हुई। मतगणना के अंतिम परिणाम आने तक ऐसा लग रहा था कि इस बार जहानाबाद जिले में महागठबंधन की मजबूत किला ध्वस्त हो जायेगी, लेकिन फिर जिले के दो सीटों पर जीत के साथ महागठबंधन को थोड़ी राहत मिली। हालांकि परिणाम आने तक एनडीए और महागठबंधन दोनों के प्रत्याशियों की सांसे ठहरी हुई थी। मतगणना के रुझान दिन भर उतार-चढ़ाव भरे रहे। जब शाम तक चुनाव के परिणाम आए तो उसमें बहुत अधिक मतों का अंतर हार और जीत के बीच नहीं रहा। जहानाबाद विधानसभा सीट पर तो अंतिम समय तक हाई प्रोफाइल ड्रामा चलता रहा। अंततः पुनर्मतगणना की भी नौबत आई, लेकिन लगभग 9:00 बजे रात के आसपास राष्ट्रीय जनता दल के उम्मीदवार राहुल कुमार को 793 मत से विजय घोषित किया गया। यहां से कुल 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे, जिसमें पहले तीन प्रत्याशी को छोड़ दें तो सबसे अधिक 4577 मत यहां से नोटा को प्राप्त हुआ। राष्ट्रीय जनता दल के प्रत्याशी राहुल कुमार 86402 मत प्राप्त करने में सफल रहे वहीं उनके प्रतिद्वंदी पूर्व सांसद चंदेश्वर प्रसाद को 85609 मत मिले। जन सुराज पार्टी के प्रत्याशी अभिराम सिंह को यह

**नए चेहरों पर लगाए गए पार्टियों के दांव इस बार रहे सफल**

5760 मत प्राप्त हुआ।

जहानाबाद जिले के दूसरे महत्वपूर्ण विधानसभा सीट मखदुमपुर (सुरक्षित) में भी राष्ट्रीय जनता दल के प्रत्याशी सूबेदार दास और लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास की प्रत्याशी रानी कुमारी के बीच कांटे का मुकाबला रहा। इस सीट पर अंतिम क्षणों में राष्ट्रीय जनता दल के प्रत्याशी सूबेदार दास ने 1830 मतों से विजय प्राप्त कर इस सीट को अपने पार्टी के झोली में डाल दिया। इस सीट पर जन सुराज पार्टी के शंकर स्वरूप को 4803 मत प्राप्त हुए, वहीं बहुजन समाज पार्टी के सुधीर चौधरी को 3517 मत हासिल हुआ। इस सीट पर नोटा को 2760 मत मिले। इस विधानसभा सीट से 9 प्रत्याशी चुनाव मैदान में खड़े थे।

जहानाबाद जिले के तीसरे बहुचर्चित सीट घोसी से इस बार पूर्व सांसद डॉक्टर अरुण कुमार के बेटे ऋतुराज कुमार के उम्मीदवार बनाए जाने के बाद से पूर्व सांसद डॉक्टर अरुण कुमार की प्रतिष्ठा दाव पर लगी थी। यह सीट भी पहले से महागठबंधन के खाते में था। देखा जाए तो वर्ष 1977 के बाद यहां पहली बार जगदीश शर्मा और उनके परिवार का कोई सदस्य यहां से चुनाव मैदान में नहीं था। ऋतुराज का चेहरा यहां के लोगों के लिए भले नया हो लेकिन जहानाबाद से दो बार सांसद रहे डॉक्टर अरुण कुमार का भरोसा अंततः मतदाताओं में दिखा और यहां से उनके पुत्र ऋतुराज कुमार को जनता दल यूनाइटेड के प्रत्याशी के रूप में 80740 मत प्राप्त हुए। वहीं उनके प्रतिद्वंदी पूर्व विधायक रामबली सिंह यादव को 68811 मत मिला। इस तरह 11929 वोट से एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी ऋतुराज ने इस सीट पर अपना कब्जा जमाया। इस सीट पर बहुजन समाज पार्टी की ओर से अनुराधा सिन्हा को 3715 मत प्राप्त हुए, वहीं मुस्लिम चेहरा के रूप में निर्दलीय प्रत्याशी वसीम हुसैन को 3493 मत हासिल हुआ। यहां से कुल 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। नोटा को यहां पांचवा स्थान हासिल हुआ, जिसे 3073 मत मिले।

देखा जाए तो पिछले विधानसभा चुनाव में मगध प्रमंडल के अधिकतर सीटों पर महागठबंधन के प्रत्याशियों की जीत हुई थी, वहीं जहानाबाद जिले के सभी तीन सीटों सहित अरवल जिले के भी दो सीटों पर महागठबंधन के प्रत्याशी अपना परचम लहराने में सफल हुए थे, लेकिन इस बार का समीकरण अलग रहा। अरवल जिले के अरवल एवं कुर्था विधानसभा सीट पर इस बार एनडीए प्रत्याशी की जीत हुई। हालांकि इस बार जहानाबाद जिले के मखदुमपुर और जहानाबाद सदर विधानसभा सीट पर महागठबंधन ने जीत दर्ज कर किसी तरह अपने किले को बचाने में सफल रही।

***नए चेहरों पर लगा दाव रहा सफल***

जहानाबाद जिले के सभी तीन विधानसभा सीटों पर महागठबंधन और एनडीए की ओर से नए चेहरे उतारे गए थे। कुछ पुराने चेहरे जिन्हें चुनाव मैदान में इस बार उतारा गया वे इस बार सफल नहीं हो सके। घोसी विधानसभा सीट पर महागठबंधन की ओर से प्रत्याशी यहां के विधायक रहे रामबली सिंह यादव पुराने चेहरे थे, इनके मुकाबले एनडीए की ओर से ऋतुराज का चेहरा नया था, जिसे यहां से जीत हासिल हुई। इसके अलावा मखदुमपुर विधानसभा सीट पर भी विधायक सतीश कुमार का टिकट काटकर राजद ने यहां से पूर्व में विधायक रहे सुबेदार दास पर भरोसा जताया जो सफल भी रहा। जहानाबाद विधानसभा सीट पर राजद के सीटिंग विधायक कुमार कृष्णमोहन उर्फ सुदय यादव को यहां से हटाकर मखदुमपुर के पूर्व विधायक रहे राहुल कुमार पर दाव पार्टी ने खेला जो सफल रहा। वहीं कुर्था विधानसभा सीट के लिए प्रत्याशी बनाए गए सुदय यादव वहां से चुनाव हार गए।

## जहानाबाद में पत्रकारों ने लगाया जिला प्रशासन पर दोहरी नीति का आरोप, मतगणना केंद्र पर एंट्री को लेकर उठा सवाल

**जहानाबाद**। जहानाबाद में मतगणना के दौरान जिला जनसंपर्क कार्यालय की कार्यशैली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। पत्रकारों ने आरोप लगाया है कि पास जारी करने में पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया गया और सभी दस्तावेज़ मौजूद होने के बावजूद कई मीडिया कर्मियों का पास नहीं बनाया गया।इसके उलट, आश्चर्यजनक रूप से ऐसे कई लोग एसएस कॉलेज मतगणना केंद्र के अंदर देखे गए जिनके पास किसी प्रकार का प्रवेश पास ही नहीं था। इससे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

**पत्रकारों के आरोप**

कई पत्रकारों के पूरे कागजात होने के बावजूद पास जारी नहीं किया गया। हालाकि यह पहली बार नहीं है, बल्कि हर चुनाव में ऐसा मामला दोहराया जाता है।जिन पत्रकारों को जिम्मेदारीपूर्वक कवरेज करनी थी, उन्हें बाहर रोक दिया गया।

वहीं, बिना पास वाले लोगों के प्रवेश से सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठे हैं।

**मीडियाकर्मियों का सवाल**

पत्रकारों ने पूछा है कि "जब बिना पास वाले लोग अंदर जा सकते हैं, तो फिर पास सिस्टम का मतलब क्या है? और किन लोगों को विशेष अनुमति दी गई?"

**प्रशासन की चुप्पी से बढ़ी नाराज़गी**

जिला प्रशासन की तरफ से इस पूरे विवाद पर अभी तक कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं आई है।पत्रकारों का कहना है कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को पारदर्शी रखने में मीडिया महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, और इस तरह की दोहरी नीति लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है।

# डॉक्टर की लापरवाही ने ली महिला की जान



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। शहर के राजा बागीचा स्थित सेंट्रल हॉस्पिटल में गया जिला के कोंच थानांतर्गत कोराप पंचायत के डिहुरी गांव निवासी मिथुन शर्मा ने अपने गर्भवती पत्नी 26 वर्षीया पूजा कुमारी को इलाज हेतु भर्ती करवाया। जहां डॉक्टर प्रकाश कुमार द्वारा इलाज प्रारंभ किया गया, पति ने बताया कि मेरी पत्नी चार माह की गर्भवती थी। पेट में दर्द होने के कारण उसे इलाज के लिए यहां लाया गया, डॉक्टर के द्वारा भर्ती कर दो इंजेक्शन तथा पानी चढ़ाया गया, इसी बीच पत्नी की तबीयत बिगड़ने लगी तो इसी क्रम में डॉक्टर ने मुझे जूस लाने के लिए बाजार भेज दिया। जब मैं वापिस आया तो देखा की डॉक्टर एवं कंपाउंडर अस्पताल छोड़कर फरार थे, पत्नी मृत अवस्था में बेड पर पड़ी हुई थी। इसकी सूचना परिजन तथा स्थानीय लोगों ने रफीगंज थाना को दिया। थाना द्वारा एसआई मिथिलेश कुमार, विनोद कुमार एवं एकराम खान दल बल के साथ पहुंचे। कागजी कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया। रात्रि में पोस्टमार्टम हाउस बंद होने के कारण शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया।

रफीगंज में निजी अस्पतालों का जाल बिछा हुआ है, जहां अक्सर दलालों के द्वारा गुमराह कर दूर दराज के मरीजों को भर्ती करवाया जाता है तथा सस्ती इलाज के नाम पर मोटी रकम की उगाही की जाती है, इस क्रम में अक्सर देखने को मिला है कि मरीजों की मौत के बाद दलालों द्वारा मृतक के परिजनों को पैसे देकर मामला रफा दफा करवाने का दबाव बनाया जाता है। ऐसे में अबतक देखा गया है कि अनेकों मामले शांत हो जाते है तथा कुछ ही मामलों में एफआइआर दर्ज कार्रवाई गई है। रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम करा मृतक के परिजनों को सौंप दिया गया। आवेदन मिलने पर पुलिस द्वारा अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस अपने स्तर से जांच पड़ताल में लगी हुई है। मामले में जो भी दोषी होगा उसे पर कार्रवाई की जाएगी।

# जहानाबाद के विभिन्न पैक्सों में एक साथ धान अधिप्राप्ति की हुई शुरुआत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। खरीफ विपणन मौसम 2025-26 में विकेन्द्रीकृत अधिप्राप्ति व्यवस्था अंतर्गत जहानाबाद जिला में 15 नवंबर से अधिप्राप्ति कार्य शुरूआत किये जाने के निदेश के आलोक में शनिवार को विनय कुमार, नोडल पदाधिकारी, अधिप्राप्ति-सह- अपर समाहर्ता (विभागीय जांच), जहानाबाद के द्वारा काको प्रखंडन्तर्गत सुलेमानपुर पैक्स के गोदाम में किसान श्रीमती रजपतिया देवी पति स्व० रामचन्द्र यादव ग्राम सुलेमानपुर से दो क्विंटल धान अधिप्राप्ति का शुरूआत किया गया। इसके अतिरिक्त जहानाबाद प्रखंड अंतर्गत किनारी पैक्स में किसान सुरेश महतो पिता रामदेव महतो ग्राम- किनारी से 84 क्विंटल एवं जामुक पैक्स में किसान रौशन कुमार, पिता-मीता साव, ग्राम- खिदरपुरा से 95 क्विंटल धान की अधिप्राप्ति किया गया। जिसमें श्री नेश गोल्ड, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जहानाबाद, सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, काको, जहानाबाद एवं घोषी उपस्थित रहे। इस वर्ष धान अधिप्राप्ति की अवधि 15 नवंबर से 28 फरवरी 2026 तक निर्धारित किया गया है। बताया गया कि साधारण धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2369 रूपये प्रति क्विंटल एवं धान ग्रेड-ए का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2389 रूपये प्रति क्विंटल तथा 25 रूपये प्रति क्विंटल बोरे की कीमत के साथ किसानों का भुगतान 48 घंटे के अंदर किया जायेगा। रैयती किसान से अधिकतम 250 क्विंटल एवं गैर रैयती किसान से 100 क्विंटल अधिकतम धान की अधिप्राप्ति पैक्स/व्यापार मंडलों द्वारा की जायेगी।

# मखदुमपुर विधानसभा सीट पर आधी आबादी को प्रतिनिधित्व के लिए अगले पांच वर्षों तक करना होगा इंतजार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। जहानाबाद जिले के मखदुमपुर (सुरक्षित) विधानसभा सीट जहां से आजादी के बाद हुए पहले आम चुनाव से आज तक महिलाओं को प्रतिनिधित्व का मौका नहीं मिला है। हालाकि आधी आबादी के प्रतिनिधित्व के लिहाज से देखा जाए तो अब तक जिले के सभी 3 विधानसभा सीटों पर महिलाओं की उपेक्षा साफ-साफ दिखाई देती है। अतीत में हुए चुनाव की बात करें तो जहानाबाद के इन तीनों विधानसभा सीट के चुनाव में महिलाओं का प्रतिनिधित्व लगभग नगण्य रही है। घोसी विधानसभा सीट पर एक बार वर्ष 2009 के उपचुनाव में 1 वर्ष के लिए शांति शर्मा को महिलाओं का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला है। यहां घोसी के विधायक रहे जगदीश शर्मा के सांसद बनने के बाद खाली हुए सीट पर उनकी पत्नी शांति शर्मा ने निर्दलीय चुनाव लड़कर यहां से जीत हासिल की थी। इसके बाद यहां से आज तक कभी भी महिलाओं को प्रतिनिधित्व का मौका नहीं मिला। जहानाबाद विधानसभा सीट की बात करें तो वर्ष 1980 में तारा गुप्ता यहां से एक बार विधायक चुनी गई थी।इसके बाद से कभी भी इस सीट पर महिला उम्मीदवार को जीत हासिल नहीं हुई। हालांकि इसके पहले वर्ष 2020 के चुनाव में लोजपा से इंदु कश्यप यहां से चुनाव लड़कर तीसरे नंबर पर जरूर रही थी। सबसे दिलचस्प स्थिति मखदुमपुर विधानसभा सीट का है, जहां से आजादी के बाद आज तक महिलाओं को प्रतिनिधित्व का मौका नहीं मिला है। कहा जाए तो यहां से कोई भी महिला प्रत्याशी आज तक विजयी नहीं हुई है। हालांकि इस बार के चुनाव में एनडीए के प्रत्याशी के रूप में जिलापरिषद अध्यक्ष रानी कुमारी के मैदान में उतरने के बाद ऐसा लगा था कि इस बार शायद मखदुमपुर विधानसभा सीट पर एक महिला को प्रतिनिधित्व का मौका मिल जाएगा लेकिन रानी कुमारी के चुनाव में हारने के बाद अभी महिलाओं को यहां से प्रतिनिधित्व करने के लिए अगले 5वर्षों तक और इंतजार करना पड़ेगा। वैसे देखा जाए तो जिले के राजनीति में कई महिलाएं अलग-अलग दलों में काफी सक्रिय जरूर रही हैं, लेकिन जब लोकसभा या विधानसभा चुनाव की बात आती है, तो यहां पुरुषों का ही दावेदारी देखने को मिलता है। यही कारण है कि 1952 के आम चुनाव के बाद से घोसी और जहानाबाद विधानसभा से एक- एक बार का छोड़ दें तो जिले से महिला प्रत्याशी को विधानसभा के लिए प्रतिनिधित्व का मौका नहीं मिला है। मतदान में पुरुषों से महिलाएं यहां आगे रहती हों लेकिन चुनाव के दौरान प्रतिनिधित्व करने में पुरुषों का दबदबा ही रहा है। हालांकि देखा जाए तो कानूनी रूप से महिलाओं के लिए संसद और विधानमंडलों के एक तिहाई सीट सुरक्षित की गई है। इसके लिए संसद ने वर्ष 2023 में 128 वें संविधान संशोधन विधेयक लाकर महिलाओं को उचित भागीदारी देने का प्रयास किया है, लेकिन अभी भी विधानसभा चुनाव में महिलाओं की उचित भागीदारी बनती दिख नहीं रही है। महिला प्रतिनिधित्व के हिसाब से देखा जाए तो इस बार के विधानसभा चुनाव में पूरे प्रदेश से 29 महिलाएं विधानसभा सीट पर चुनकर आई है जिसमें से सबसे अधिक 26 महिलाएं एनडीए से चुनकर विधायक बनी हैं। इस बार के विधानसभा चुनाव में महिलाओं का वोटिंग प्रतिशत 71 फ़ीसदी से भी अधिक रहा है इसलिए हो सकता है कि आने वाले वर्षों में महिलाओं को नगर निकायों एवं विधानसभा के चुनाव में भी अधिक मौके दिए जाएं।

# बिहार चुनाव में नोटा का बड़ा असर, 99 सीटों पर जीत हार को कर दिया प्रभावित

**पटना/नबिटा सं**। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 दो चरणों में 6 और 11 नवंबर को संपन्न हुआ। कुल 67 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया, जो 1951 के पहले विधानसभा चुनाव के बाद अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड है। इस बार 3.151 करोड़ से अधिक मतदाताओं ने वोट डालकर लोकतांत्रिक भागीदारी को एक नई ऊंचाई दी। लेकिन इन सबके बीच 910730 मतदाताओं ने नोटा बटन दबा कर बताया कि उनके नजर में कोई योग्य उम्मीदवार नहीं रहे। नोटा की हिस्सेदारी में हल्की बढ़त : इस बार चुनाव में नोटा यानी का प्रतिशत 1.81% दर्ज किया गया। चुनाव आयोग द्वारा जारी अंतिम आंकड़ों के अनुसार कुल 910730 वोट ऐसे मतदाताओं के थे जिन्होंने किसी भी उम्मीदवार को पसंद नहीं किया। यह 2020 की तुलना में मामूली बढ़त को दर्शाता है, लेकिन व्यापक राजनीतिक असंतोष का संकेत देने के लिए यह प्रतिशत अभी भी सीमित माना जा रहा है।

**2020 के मुकाबले बढ़ा, 2015 की तुलना में कम** : 2020 के विधानसभा चुनाव में नोटा की हिस्सेदारी 1. 68% यानी करीब 706252 वोटों की थी। इस बार प्रतिशत बढ़ा जरूर है, लेकिन यह वृद्धि बेहद हल्की है। दूसरी ओर 2015 में नोटा ने बड़ी छलांग लगाई थी जब 2.48% मतदाताओं ने इसे चुना था।

**243 सीटों में से 99 पर प्रभावी रहा नोटा** : चुनाव विश्लेषण में यह दिलचस्प तथ्य सामने आया है कि 243 विधानसभा सीटों में से 99 सीटों पर नोटा तीसरे या चौथे स्थान पर रहा। इनमें 29 सीटों पर नोटा तीसरे स्थान पर और 70 सीटों पर चौथे स्थान पर रहा। यह दर्शाता है कि कई क्षेत्रों में मतदाता मुख्य उम्मीदवारों से असंतुष्ट दिखे और उन्हें पूरी तरह खारिज करने का विकल्प चुना।

# छात्रों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। कासमा रोड स्थित राजकीयकृत रानी ब्रजराज उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं को मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना के अंतर्गत शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक अरुण कुमार और विद्यालय के शिक्षक टीम ने बच्चों को हरी झंडी दिखाकर राजगीर, नालंदा और पावापुरी की ओर भेजा। प्रभारी प्रधानाध्यापक अरुण कुमार ने बताया कि इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्रों को उनके ऐतिहासिक, भौगोलिक और सांस्कृतिक धरोहरों से नजदीक से परिचित कराना है। उन्होंने कहा कि ऐसे शैक्षणिक परिभ्रमण से बच्चों का बौद्धिक और मानसिक विकास होता



है और उन्हें नई चीजें सीखने का अवसर मिलता है। इस यात्रा में छात्रों के साथ विद्यालय की शिक्षिकाएं और अन्य कर्मचारी भी शामिल रहे। बच्चों की सुरक्षा और मार्गदर्शन का विशेष ध्यान रखा गया। प्रभारी प्रधानाध्यापक ने कहा कि ऐसे भ्रमण बच्चों में ज्ञानवर्धन, उत्साह और सामाजिक समझ बढ़ाते हैं। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और मार्गदर्शक शिक्षकों से मार्गदर्शन लेकर विभिन्न स्थलों के बारे में जानकारी ली। इस शैक्षणिक यात्रा से न केवल बच्चों का ज्ञान बढ़ा बल्कि उन्हें सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व के बारे में भी सीखने का मौका मिला।

## उच्च न्यायालयों को अस्पताल की इमरजेंसी सेवाओं की तरह काम करना चाहिए : न्यायमूर्ति सूर्यकांत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली**। भारत के अगले मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने शनिवार को कहा कि न्याय का अर्थ केवल विवादों का समाधान करना नहीं है, बल्कि निर्दोष लोगों को बचाना भी है। उन्होंने अस्पताल की आपातकालीन सेवाओं से तुलना करते हुए कहा कि अदालतों को भी उसी स्तर की तैयारी रखनी चाहिए। न्यायमूर्ति सूर्यकांत रांची में झारखंड उच्च न्यायालय की रजत जयंती समारोह में बोल रहे थे। न्यायमूर्ति सूर्यकांत 24 नवंबर, 2025 को भारत के मुख्य न्यायाधीश का पदभार ग्रहण करेंगे। उन्होंने कहा "मेरा मानना है कि उच्च न्यायालयों को अपने संस्थागत विकास की कल्पना उसी तरह करनी चाहिए।

# इन हाउस प्रशिक्षण से शिक्षकों में कौशल व ज्ञान का होता है विकास : डॉ. एसके सुनील

## पीपीएम स्कूल में दो दिवसीय 'इन हाउस ट्रेनिंग' का किया आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। सीबीएसई बोर्ड के द्वारा मान्यता प्राप्त पीपीएम स्कूल जहानाबाद में सीबीएसई बोर्ड के निर्देशानुसार शिक्षकों के लिए दो दिवसीय इन हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के अध्यक्ष राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित डॉ. एस.के. सुनील ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय में सीबीएसई बोर्ड द्वारा आयोजित आंतरीक प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालय के शिक्षकों में नवाचार, अध्यापन की नवीन शैली




का विकास एवं शिक्षकों के व्यक्तित्व विकास के साथ गतिविधि आधारित शिक्षण के विकास के लिए उन्हें प्रशिक्षित करना है। बताया गया कि यह प्रशिक्षण प्रातः 9:00 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होगा।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का विषय 'हैप्पी क्लास रूम' है जो बच्चों के काफी काफ़ी उपयोगी है तथा इसका उद्देश्य शिक्षकों को ऐसे कौशल और रणनीति प्रदान करना है जो बच्चों को सीखने के प्रतिफल को और अधिक प्राभावी बनता है तथा कक्षा के समग्र माहौल को भी बेहतर बनाता है। कार्यशाला में सीबीएसई बोर्ड द्वारा अधिकृत प्रशिक्षक प्रतीक विल्सन ने हैप्पी क्लास रूम आधारित प्रशिक्षण से स्कूल के शिक्षकों को ज्ञानवर्धन किया तथा कक्षा प्रबंधन एवं शैक्षणिक माहौल को बेहतर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव एवं परामर्श दिए। इस कार्यशाला में विद्यालय में कार्यरत सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# प्रमोद की आंधी में उड़ा गुलाम का आशियाना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। रफीगंज विधानसभा सीट पर जदयू के प्रमोद कुमार सिह ने राजद उम्मीदवार गुलाम शाहिद को 11,956 वोटों से पराजित कर अपना कब्जा जमा लिया। बता दें कि प्रमोद कुमार सिंह तीसरी बार चुनावी मैदान में उतरे थे। रफीगंज में प्रमोद लहर ने महागठबंधन की सारी उम्मीदें पर पानी फेर दिया। प्रमोद सिंह ले 107515 लाएं जबकि इनके प्रतिदंद्वी 95,559 मत लाकर द्वितीय स्थान पर रहे। तृतीय स्थान पर बहुजन समाज



पार्टी के सुमन कुमारी 4432 वोट प्रा' किया। इस तरह प्रमोद सिंह ने 11,956 वोट से महागठबंधन के प्रत्याशी गुलाम शाहिद को पराजित कर दिया। इधर जीत के बाद प्रमोद सिह का सुर बेहद आक्रामक था जो विपक्ष के सीने पर हथौड़े जैसा सुनाई दिया। मोदी की जोड़ी ने महागठबंधन का सूपड़ा साफ कर दिया। प्रमोद सिंह ने कहा कि बिहार अब किसी भी कीमत पर 15 वर्ष की जंगलराज वापस नहीं चाहता है। प्रमोद सिह ने कहा कि आज का मतदाता किसी नेता के भाषण से नहीं बल्कि इंटरनेट से फैसला करता है। कहा कि उनकी सरकार पूरी तरह एक्शन मोड में रहेगी। कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता हर गांव में युवा क्लब सीधे युवा नेतृत्व से समाधान और समस्याएं, हर अधूरा काम पूरा, सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य में फुल स्पीड लाया जाएगा। यहां तक की रफीगंज को मॉडल विधानसभा बनाने का काम करूंगा। बता दें कि रफीगंज सीट का परिणाम सिर्फ एक जीत नहीं बल्कि रफीगंज ने बता दिया कि अब राजनीति सिर्फ नारों से नहीं, काम और ईमानदारी से जीती जाएगी।

## बिहार में होगी बहार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा**। बिहार विधान सभा चुनाव में राजग की ऐतिहासिक विजय ने इस तथ्य को साबित कर दिया है कि मतदाता जाति-पाति, परिवारवाद और कुशासन नहीं, बल्कि विकास और सुशासन को तवज्जो देते हैं। मोदी-नीतीश की हिट जोड़ी के नेतृत्व में हुये इस करिश्माई प्रदर्शन से लोकतंत्र की इस धरती पर विकास की निर्मल गंगा का द्रुत गति से बहते रहना शत-प्रतिशत तय है।

# पीएनबी ने किया मेगा रिटेल अउटरीच शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। पंजाब नेशनल बैंक ने अपने ग्राहकों को विभिन्न तरह के योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए अग्रसर है। उक्त बातें वरीय प्रबंधक धीरज कुमार वर्मा ने शनिवार को रफीगंज शाखा में आयोजित कार्यक्रम में कहा। इन्होंने कहा कि पर्सनल, वाहन, मकान बनाने के लिए, प्रोप्ट्री सहित सम्बंधित ऋण देकर ग्राहकों के सपनों के साकार करने का अवसर इस शिविर के माध्यम से प्रदान किया जा रहा है। ग्राहक सम्बंधित कागजात जमा करें। कागजात जांच उपरांत सही होने तुरन्त ऋण मुहैया करा दिया जायेगा। कियाखाप



प्रबंधक संजीव कुमार निराला ने बताया कि पर्सनल, वाहन, घर बनाने सहित कई ऋण से सम्बंधित121 आवेदन शिविर में प्राप्त हुए हैं। कागजात जांच उपरांत एक सप्ताह के अंदर इन्हें ऋण मुहैया करा दिया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उप प्रबंधक अजीत कुमार, प्रबंधक संजीत कुमार, पीएलपी से प्रबंधक अविनाश कुमार शाही, मंडल कार्यालय से विनोद कुमार, रविंद्र कुमार, मार्केटिंग से सुरभि संझा, सुब्रत सोरेन, सुभांगी लगुड़ी सहित बैंक के अन्य कर्मी शामिल रहे।

# लोजपा के प्रकाश से जगमगा उठा ओबरा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। ओबरा विधानसभा सीट इस बार सही मायनों में राजनीतिक क्रांति का गवाह बनी। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के उम्मीदवार डा. प्रकाश चंद्रा ने ऐसी जीत हासिल किया कि पूरा ओबरा प्रकाश की रोशनी में नहाया हुआ दिखा। राजद की परंपरागत लालटेन न सिर्फ फीकी पड़ी बल्कि 12,013 वोटों के अंतर से पूरी तरह बुझ गई। बता दें एनडीए प्रत्याशी डा. प्रकाश चंद्रा ने 91,638 मत हासिल कर अपने निकटतम प्रतिद्विदी रिषी कुमार को शिकस्त दिया है। बल्कि



ओबरा के मतदाताओं ने इस बार के चुनाव में साफ कर दिया कि पुरानी शैली की राजनीति अब उन्हें स्वीकार नहीं। युवाओं से लेकर महिलाओं तक हर वर्ग ने डा. aप्रकाश चंद्रा के नए नेतृत्व साफ छवि और ग्राउंड कनेक्ट को वोट दिया। यह लड़ाई सिर्फ दो प्रत्याशियों की नहीं थी बल्कि भरोसे की राजनीति बनाम परंपरागत राजनीति की थी और भरोसा जीत गया। बता दें डा. प्रकाश चंद्रा की जमीनी सक्रियता ने जनता का विश्वास जीता। शिक्षा स्वास्थ्य सेवा में वर्षों से किए उनके योगदान को लोग भूले नहीं। युवाओं तक पहुंचने की रणनीति सटीक रही। घर-घर जाकर समर्थन जुटाने का अभियान निर्णायक साबित हुआ। हालांकि स्थानीय असंतोष को राजद समय पर भांप नहीं सकी। संगठन की पकड़ ढीली और कैंपेन रणनीति कमजोर रही। पहली बार वोट करने वाले युवा राजद के नैरेटिव से दूर होते दिखे। लोजपा की टीम बूथ स्तर तक मजबूत और सक्रिय रही। डा. प्रकाश चंद्रा की यह जीत ओबरा के लिए नया राजनीतिक अध्याय खोलती है। जहां पहले लालटेन की रौशनी थी वहां आज लोजपा के प्रकाश से जगमगा उठा है।

# मदनपुर में नहीं होती है स्नातक की पढ़ाई

**औरंगाबाद/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। मदनपुर प्रखंड में स्नातक की पढ़ाई नहीं होती है। जिसके कारण छात्रों को काफी परेशानी हो रही है। बता दें कि मदनपुर प्रखंड कार्यालय और पुलिस अनुमंडल मुख्यालय होने के बावजूद यहां स्नातक की पढ़ाई के लिए एक भी महाविद्यालय नहीं है। इंटरमीडिएट परीक्षा में सफल होने के बाद छात्रों को अबतक की पढ़ाई के लिए 25 किलोमीटर दूर गया जी व औरंगाबाद जाना पड़ता है, जिससे छात्रों की आर्थिक स्थिति और समय दोनों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। शिक्षाविद दीपक प्रियदर्शी, उमेश प्रसाद बताते हैं कि मदनपुर में अबतक की पढ़ाई नहीं होने से छात्रों को काफी परेशानी होती है। अगर स्नातक की पढ़ाई के लिए महाविद्यालय की स्थापना करा दे तो छात्रों को यहीं पर उच्च शिक्षा मिल सकेगा। उनका मानना है कि इससे छात्रों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के अवसर मिलेंगे और समय में बचत होगी। खासकर नक्सल प्रभावित क्षेत्र गांव के छात्रों को दूरियां उच्च शिक्षा में बाधा उत्पन्न करती हैं और इसके कारण स्नातक की पढ़ाई नहीं कर पाते थे। यदि महाविद्यालय की स्थापना होती है तो मदनपुर में ही उच्च शिक्षा की सुविधा हो जाती। शिक्षा विभाग के अधिकारियों को इस समस्या पर ध्यान देने की जरूरत है।

# रफीगंज विधानसभा सीट पर एनडीए की जीत पर योगा ग्रुप ने बांटी मिठाइयां

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए को बहुमत मिलने और रफीगंज विधानसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी प्रमोद कुमार सिंह की जीत के बाद योगा ग्रुप के सदस्यों ने खुशी मनाई। प्रखंड क्षेत्र के ठाकुरार पुल पर योगा ग्रुप के सदस्यों ने एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाकर जीत का जश्न मनाया। योगा ग्रुप के सदस्य और भाजपा नेता दिन्ननाथ विश्वकर्मा ने इस जीत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, चिराग पासवान, जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा के सामूहिक प्रयासों का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि जनता ने इन नेताओं के गठबंधन को भारी बहुमत से विजयी बनाया है। इस अवसर पर योगा ग्रुप के सदस्य, पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार, अरविंद सोनी, चंदन सोनर, उपेंद्र कुमार, राजू गुप्ता, राजेश पासवान, दीपेंद्र कुमार, पिंटू कुमार, संदीप कुमार, अभिषेक कुमार, आशीष कुमार, राहुल सिंह, शत्रुघन कुमार, अशोक सोनर, शंकर सोनर और परशुराम सोनर सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

# बक्सर जिले में धान की खरीद शुरू, नावानगर व्यापार मंडल में उद्घाटन

## किसानों के हित में व्यापक तैयारी, 48 घंटे के भीतर होगा भुगतान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बक्सर।** जिला पदाधिकारी बक्सर के निर्देश पर शनिवार को नावानगर व्यापार मंडल में धान अधिप्राप्ति वर्ष 2025-26 कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला सहकारिता पदाधिकारी चन्द्रमा राम एवं व्यापार मंडल अध्यक्ष मीरा सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, नावानगर तथा बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष सरकार द्वारा धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य साधारण धान के लिए 2369 प्रति क्विंटल एवं ग्रेड 'इ' धान के लिए 2389 प्रति क्विंटल निर्धारित



किया गया है। धान अधिप्राप्ति की अवधि 15 नवम्बर से 28 फरवरी 2026 तक तथा सीएमआर उपलब्धता की अवधि 15 नवम्बर से 15 जून 2026 तक तय की गई है। जिला सहकारिता पदाधिकारी ने बताया कि नावानगर व्यापार मंडल के अतिरिक्त जिले के 4 पैक्स – दुल्फा पैक्स (राजपुर), मुंगाव पैक्स (डुमराँव), इन्दौर पैक्स (इटाढ़ी) एवं करहंसी पैक्स (बक्सर) में भी धान अधिप्राप्ति प्रारम्भ की जा रही है। जिले के अन्य चयनित पैक्स भी क्रियाशील हैं तथा किसान अपने धान की बिक्री निर्बाध रूप से कर सकते हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अधिप्राप्ति केवल कृषि विभाग पर पंजीकृत किसानों से की जाएगी। रैयत किसानों से अधिकतम 250 क्विंटल तथा गैर-रैयत किसानों से 100 क्विंटल धान लिया जाएगा। किसान धान बेचने से पूर्व बायोमेट्रिक एवं आधार सत्यापन अनिवार्य रूप से कराएंगे। धान क्रय के बाद किसानों को पैक्स/व्यापार मंडल द्वारा प्राप्ति रसीद उपलब्ध कराई जाएगी, जिसकी सूचना एसएमएस से भी दी जाएगी। किसानों को उनका भुगतान एस एफ सी के माध्यम से पीएफएमएस द्वारा 48 घंटे के भीतर बैंक खाते में उपलब्ध करा दिया जाएगा। धान एवं सीएमआर परिवहन करने वाले वाहनों में जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम लगाना अनिवार्य किया गया है। साथ ही पैक्स/व्यापार मंडल द्वारा क्रय पंजी, स्टॉक पंजी तथा अस्वीकरण पंजी का नियमित संधारण सुनिश्चित किया जाएगा।

जिले में कुल 142 पैक्स एवं 08 व्यापार मंडल हैं। इस वर्ष धान अधिप्राप्ति हेतु 101 पैक्स और 07 व्यापार मंडल, कुल 108 समितियोंका चयन किया गया है। कार्यक्रम के शुभारम्भ से किसानों ने राहत महसूस की तथा सरकार एवं जिला प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं की सराहना की।

# विद्यालयों में भूकंप से बचाव की दी गई जानकारी

## राज्य के आठ जिले आते हैं भूकंप के खतरनाक जोन में

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड के सभी प्राइमरी एवं मिडिल स्कूल में मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत सुरक्षित शनिवार का आयोजन किया गया। फोकल शिक्षक ने बताया कि बिहार राज्य भूकम्प प्रवण राज्य है। हमारे 8 जिले भूकम्प के सर्वाधिक खतरनाक जोन 5 तथा शेष जिले 4 एवं 3 में आते हैं। सुपौल एवं मधुबनी जिले का सम्पूर्ण हिस्सा जोन 5 के अंतर्गत आता है। जोन 3 में आने वाले जिले हैं। बक्सर, कैमूर, अरवल, औरंगाबाद एवं गया है। राज्य में 1934 में बड़े भूकंप की घटनाएं हुईं थीं। जिसमें जानमाल की भारी क्षति हुई थी। इस सिलसिले में स्कूली बच्चों को भूकम्प आने पर बचाव हेतु कुछ महत्त्वपूर्ण बातों पर अमल करने का आह्वान किया गया। इस दौरान झुको, ढको और पकड़ो का अभ्यास लगातार जारी रखने की अपील की गयी। भुकंप के दौरान भगदड़ नहीं मचाना, संयम से काम लेना चाहिए। भूकम्प के समय सीढ़ी का और लिफ्ट का इस्तेमाल कभी नहीं किया जाय। साथ ही पुल भी पार नहीं किया जाना चाहिए। हमेशा खुले मैदान की तरफ भागे। जर्जर मकान, बिजली और टेलिफोन के खंभे, पेड़ तथा ऊंचे भवनों से हमेशा दूर रहें। घायलों की सहायता करते हुए तुरंत अस्पताल भेजने की तैयारी करनी चाहिए। मौके पर प्रधानाध्यापक शंभू महतो, मंटून महतो, संजीत कुमार महतो, रणधीर कुमार, ललन कुमार, इंदु कुमारी, कन्हैया कुमार, धर्मशील कुमार, हरिहर सहनी, सिकंदर सहनी, देवेंद्र कुमार पासवान, प्रवीण कुमार, आभा कमारी सहित अन्य सहायक शिक्षक शिक्षिका एवं स्कूली बच्चे मौजूद थे।

### आंगनबाड़ी केंद्रों पर टीएचआर का वितरण

**नावकोठी।** आइसीडीएस के तहत संचालित प्रखंड के विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों पर टीएचआर का वितरण शनिवार को किया गया। सीडीपीओ रश्मि कुमारी ने बताया कि सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर लाभूकों को 25 दिनों का सूखा राशन यानी टेक होम राशन का वितरण किया गया। टेक होम राशन वितरण से पूर्व विकास समिति पोषाहार एवं क्रियान्वयन समिति की बैठक कराई गयी थी। इस बैठक में कुपोषित, अतिकुपोषित, गर्भवती और धात्री माताओं एवं लाभुकों की उपस्थिति हुई। वितरण की पूर्व सूचना लाभुकों को सेविका के माध्यम दी गई थी। वितरण के लिए संबंधित सेक्टर की एलएस पोषक क्षेत्र के विकास समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों के निगरानी में समारोह पूर्वक के टेकहोम राशन का वितरण किया गया। वितरण पैकेट में चावल-दाल, सोयाबीन एवं अन्य सामग्री सम्मिलित थी। इस अवसर पर सेविका मधुरानी, जयंती कुमारी, मीना कुमारी, रंजु कुमारी, चांदनी कुमारी, रोजी खातुन, कमरून्न निशा बेग, कोमल, शकीला बेगम, पार्वती कुमारी आदि शामिल थे।

# आपदा से निबटने के बताए गए गुर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** शनिवार को प्रखंड क्षेत्र के मिडिल स्कूल मेहदौली, कन्या महेशपुर सहित विभिन्न विद्यालयों में सुरक्षित शनिवार मनाने हुए बच्चों को प्राकृतिक आपदा भूकंप के खतरे एवं उसके बचाव की जानकारी दी गयी। विद्यालय चेतना सत्र के दौरान मध्य विद्यालय मेहदौली में फोकल शिक्षक ने बच्चों को भूकंप के खतरे एवं उसके बचाव एवं सुरक्षा के लिए चर्चा करते हुए बताया कि बिहार औसत से उच्च भूकंप खतरा वाले जोन में पड़ता है। भूकंप की सुरक्षा के लिए आवासीय एवं विद्यालय भवन निर्माण में भूकंपीय भवन मानक का अनुपालन आवश्यक है। उन्होंने बच्चों को सुरक्षा के उपाय बताते हुए कहा कि घर पर बिजली के समानों को ऊपर रखने एवं बड़े और वजन वाले समानों, टूटने वाले कांच के सामानों को नीचे आलमारी में रखने, भूकंप के दौरान घर विद्यालय के अंदर व बाहर दोनों जगह सुरक्षित स्थानों की पहचान कर रखनी चाहिए। भूकंप आने पर अंतरराष्ट्रीय मूल मंत्र झुको, ढको, पकड़ो का अभ्यास कराया गया। उन्होंने बच्चों से कहा कि भूकंप का कोई पूर्व अनुमान नहीं लगाया जा सकता। लेकिन जरूरी सतर्कता से जान माल का नुकसान कम होगा। फोकल शिक्षक ने बच्चों से भूकंप से बचने के लिए सिर ढकने के लिए मेज के नीचे, दरवाजे के चौखट के पास शरण लेने, बिना घबराए खुले मैदान की तरफ भागने के उपायों का मक ड्रिल करवाया गया। मौके पर एचएम अशोक कुमार सिंह, शिक्षक अमर शंकर, सुमन, अनिल, जय प्रकाश, नुपूर, श्वेता, पूनम, ऋतु, संगीता, सलीम, नितेश, प्रभात, इजहार आदि मौजूद थे।

## पैक्स में खरीफ धान की खरीद शुरू, 15 फरवरी तक होगी खरीद

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कृषि साख सहयोग समिति लिमिटेड (पैक्स) में खरीफ धान का क्रय निर्धारित तिथि से प्रारंभ हो गया है। सहकारिता पदाधिकारी अनिल कुमार चौधरी ने बताया कि पहसारा पश्चिमी पैक्स ने प्रथम दिन एक किसान रामजानकी देवी से 15 क्विंटल धान की खरीद कर इस कार्यक्रम का विधिवत शुरुआत किया है। उन्होंने कहा कि 15 फरवरी तक इसके माध्यम से धान का क्रय निर्धारित मूल्य पर किया जाना है। इसमें रैयत एवं गैर रैयत किसानों का धान क्रय किया जाना है। धान बेचने के इच्छुक किसानों को विभागीय पोर्टल पर निबंधन कराना अनिवार्य है। दूसरी ओर पैक्सों में धान खरीद की शुरूआत होने से किसानों में हर्ष है। वे लोग विभागीय पोर्टल पर अपना निबंधन करवा रहे हैं।

# मटिहानी सीट पर राजद उम्मीदवार बोगो सिंह को जनता ने चुना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** जिले के सात विधानसभा में इस बार जनता ने बहुत ही अप्रत्याशित मतदान कर अपने पसंदीदा उम्मीदवारों को कुर्सी पर दुबारा बैठाया। शुक्रवार को जिला निर्वाचन कार्यालय ने सातों विधानसभा क्षेत्र चेरिया बरियारपुर, बछवारा, तेघरा, मटिहानी, साहेबपुर कमाल, बेगूसराय (सदर) और बखरी (सु.) के आधिकारिक और अंतिम चुनाव परिणाम जारी कर दिया। राउंड-दर-राउंड बदलते समीकरणों और कड़ी सुरक्षा के बीच शाम तक सभी सीटों का नतीजा सामने आया। इस बार जिले के मतदाताओं ने बड़ा उलटफेर करते हुए एनडीए को पांच और राजद को दो सीटें दी हैं। कई सीटों पर कड़ा मुकाबला देखने को मिला। जबकि कुछ क्षेत्रों में एकतरफा जीत दर्ज हुई। बेगूसराय विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी कुंदन कुमार ने 119506 वोट प्राप्त कर कांग्रेस



की अमिता भूषण को 30632 मतो से हराकर लगातार दूसरी बार जीत दर्ज की। 2020 में भी यही मुकाबला देखने को मिला था। मटिहानी विधानसभा में चार बार विधायक रहे नरेंद्र कुमार सिंह उर्फ बोगो सिंह ने इस बार जदयू उम्मीदवार व मौजूदा विधायक राजकुमार सिंह को कड़े मुकाबले में पराजित किया। 2020 में बोगो सिंह यहां हारे थे। लेकिन इस बार समीकरण उनके पक्ष में रहा। उन्होंने इस बार 117779 मत लाकर अपने प्रतिद्वंदी राजकुमार सिंह को 5290 मतो से पराजित किया। साहेबपुर कमाल विधानसभा में राजद के ललन यादव ने 76798 मत पाकर लोजपा (रा.) उम्मीदवार सुरेंद्र विवेक को 15721 मतो से शिकस्त दी। जदयू के बागी उम्मीदवार के मैदान में उतरने से एनडीए का वोट बैंक बंटा और इसका सीधा लाभ राजद को मिला। बखरी (सु.) विधानसभा में लोजपा (रा) प्रत्याशी संजय पासवान ने 98511 वोट लाकर मौजूदा विधायक सूर्यकांत पासवान को 17318 वोट से हराया। यहाँ लोजपा (रा) की यह पहली जीत है। चुनाव के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं की शुरूआती नाराजगी यहां ज्यादा असर नहीं डाल पाई। चेरिया बरियारपुर विधानसभा में पूर्व मंत्री पुत्र और जदयू प्रत्याशी अभिषेक आनंद ने 75081 मत पाकर राजद के सुशील कुमार को 4119 मतो से शिकस्त दी। राजद के बागी रामसखा महतो के निर्दलीय मैदान में उतरने से वोटों में बड़ी सेंध लगी। तेघड़ा विधानसभा में भाजपा उम्मीदवार और पूर्व विधान पार्षद रजनीश कुमार ने 112770 मत प्राप्त कर सीपीआई विधायक राम रतन सिंह को 35364 मतो से हराया। 'स्थानीय बनाम बाहरी का मुद्दा छाया रहा। लेकिन अंतिम फैसला भाजपा के पक्ष में गया। बछवाड़ा विधानसभा में भाजपा नेता और खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता ने 100343 मत प्राप्त कर कांग्रेस उम्मीदवार शिव प्रकाश गरीबदास को 15841 मतो से मात दी। यहां महागठबंधन की एकजुटता न होने से विपक्ष का वोट बंटा और सीधा फायदा एनडीए को मिला। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि इस बार महिला वोटिंग ने कई सीटों का परिणाम बदल दिया। महिला उद्यमी योजना की राशि, फ्री बिजली, पेंशन बढ़ोतरी और केंद्र सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का बड़ा असर बेगूसराय के वोटरों पर पड़ा। जहाँ राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और तेजस्वी यादव की रैलियों से महागठबंधन को उम्मीदें थीं। वहीं मोदी, शाह, नड्डा, नीतीश और चिराग पासवान की लगातार सभाओं का बड़ा प्रभाव एनडीए के पक्ष में देखने को मिला। जनादेश साफ संकेत देता है कि मतदाताओं ने विकास कार्यों, सरकारी योजनाओं के लाभ और स्थिर नेतृत्व को तरजीह देते हुए एनडीए पर भरोसा जताया है।

# जनता दरबार में भूमि विवाद से संबंधित आए मामले

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** अंचल क्षेत्र के विभिन्न राजस्व ग्रामों में उत्पन्न भूमि विवाद के निबटारे को लेकर शनिवार को अंचल कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसमें दो नये मामले सुनवाई हेतु दर्ज किये गए। पूर्व से लंबित दो मामले का निष्पादन किया गया। दर्ज मामले में हसनपुर बागर के रामदेव सहनी व हीरा लाल सहनी एवं समसा की लाल परी देवी व ब्रह्मदेव महतो के बीच जबरन जमीन जोत लेने से उत्पन्न विवाद से संबंधित मामला है। जनता दरबार में कुल अब 14 मामले लंबित है। वृंदावन के अमरेश कुमार व राजा रामेश्वर सिंह, पहसारा के रमेश सहनी व नरेश सहनी, महेशवाड़ा के द्रोपदी ठाकुर व राजकुमार मिश्र, समसा के समसा के ज्योति देवी व अर्जुन साह, हसनपुर बागर के विपत महतो व सकल महतो आदि मामले की सुनवाई कर अगली तारीख निर्धारित की गयी। मौके पर राजस्व कर्मचारी पप्पू कुमार, एसआई युगल किशोर मंडल, प्रधान सहायक गोपाल कुमार, कार्यपालकं सहायक अमरजीत कुमार तथा अन्य फरियादी मौजूद थे।

## जनता दरबार का आयोजन

**वीरपुर (नवबिहर टाइम्स संवाददाता)।** अंचल क्षेत्र के विभिन्न गांव से आए जमीनी विवादों के निपटारे के लिए पूर्व से निर्धारित कार्यक्रम के तहत शनिवार को अंचल कार्यालय में जनता का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए अंचल राजस्व कर्मचारी राजेश कुमार ने बताया कि पुर्व का तीन मामलों का सुनवाई की गई नया कोई आवेदन नहीं आया। सुनवाई के दौरान कोई भी मामलों का निष्पादित नहीं हो पाया। मौके पर अंचल कर्मचारी और थाना के पदाधिकारी सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

# स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत पीएचसी नावकोठी में शनिवार को गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व स्वास्थ्य जांच एवं परिवार कल्याण परामर्श दिया गया। चिकित्सा पदाधिकारी ड राजीव रंजन चौधरी ने कुल 41 गर्भवती महिलाओं के प्रसव पूर्व स्वास्थ्य की जांच की। इसमें एक एनीमिक मरीज की पहचान हुई। इसके तहत गर्भवती महिलाओं की ऊंचाई, वजन, हीमोग्लोबीन, मूत्र, ब्लडप्रेशर, डायबिटीज, एचआईवी आदि की जांच की गयी। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. राजीव रंजन चौधरी ने गर्भवती महिलाओं को अपने भोजन में प्रोटीन युक्त तथा आयरन युक्त भोजन को शामिल करने की सलाह दी। इसके लिए नोनी का साग, रागी, पीले पके फल, दूध, मछली, कलेजी आदि को भोजन में लेना उपयुक्त बताया। प्रत्येक माह नियमित जांच कराने की सलाह दी गयी। सुरक्षित जच्चा बच्चा व सुरक्षित भविष्य के लिए यह जांच आवश्यक है। इस अवस्था में गर्भवती महिलाओं को अपने भोजन में सभी पोषक तत्वों को शामिल करने, नियमित स्वास्थ्य जांच कराने, सुरक्षित संस्थागत प्रसव कराने, कम से कम दो घंटे आराम करने की सलाह दी गयी। सभी लाभुकों को कैलशियम, आयरन की गोली दी गयी। दो बच्चों के बीच अंतराल रखने के लिए अस्थायी गर्भ निरोधक साधन में कंडोम अंतरा, छाया आदि का वितरण किया गया। मौके पर सी एच ओ जुली कुमारी सुभानी कुमारी, प्रियदर्शनी, कुमारी, राजा कुमार, एल टी पंकज जोशी, एएनएम रेणु, मंचन, शालिनी, विश्व भारती आदि सहित दर्जनाधिक आशा कार्यकर्ता, लाभुक आदि मौजूद थे।

# विश्व मधुमेह जांच शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** विश्व मधुमेह जांच शिविर का आयोजन पीएचसी सहित सभी स्वास्थ्य उपकेंद्र पर किया गया। इसका उद्घाटन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा राजीव रंजन चौधरी ने किया। उन्होंने कहा कि मधुमेह शिविर का आयोजन का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य कर्मचारी सहित अन्य लोगों के बीच इससे बचाव के लिए जागरूकता पैदा करना है। मधुमेह समाज में तेजी से पांव पसार रहा है। इससे ग्रसित लोगों का स्वास्थ्य दिन प्रतिदिन गिरता जाता है। इससे ग्रसित लोगों का मन किसी काम में नहीं लगता है तथा आलस जायदा ही महसूस करता है। मधुमेह सहित अन्य गैर संचारी रोगों पर नियंत्रण पाना है। मधुमेह अनियमित खानपान एवं अनियमित दिनचर्या के फलस्वरूप होता है। खानपान की आदत में सुधार कर तथा नियमित व्यायाम से इस पर नियंत्रण पाया जा सकता है। यह शिविर 21 नवंबर तक सभी स्वास्थ्य केन्द्र पर आयोजित किया जाएगा।

# राजपुर के हर घर तक विकास पहुंचाना है लक्ष्य : निराला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**राजपुर (बक्सर)।** विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज करने के बाद नवनिर्वाचित जदयू विधायक संतोष निराला ने शनिवार की सुबह मेन रोड स्थित ऐतिहासिक पंचमुखी महावीर मंदिर पहुँचकर विशेष पूजा-अर्चना की। सुबह लगभग मंदिर पहुँचने पर लोगों ने पारंपरिक रीति-रिवाज़ों के साथ उनका स्वागत किया। इसके बाद श्री निराला ने पंचमुखी महावीर जी का आशीर्वाद प्राप्त किया और क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि तथा निरंतर विकास की कामना की। पूजा के उपरांत उन्होने कहा कि यह विजय जनता की है और वे इसे जनसेवा की बड़ी जिम्मेदारी के रूप में स्वीकार करते हैं। उन्होंने कहा कि राजपुर विधानसभा में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, सिंचाई और रोजगार के क्षेत्र में ठोस पहल करना उनकी शीर्ष प्राथमिकता होगी। उन्होंने यह भी कहा कि जिस विश्वास के साथ जनता ने उन्हें चुनकर भेजा है, उसे वे निराश नहीं होने देंगे। निराला ने आगे बताया कि वे बहुत जल्द क्षेत्र के दौरे पर निकलकर जनता से सीधे संवाद करेंगे और आवश्यक विकास कार्यों की रूपरेखा बनाकर उसे जमीन पर उतारने का काम शुरू करेंगे। उन्होंने कहा कि विकास के प्रत्येक कार्य में



पारदर्शिता और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मंदिर परिसर में मौजूद स्थानीय लोगों ने विधायक को जीत की बधाई दी और क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। निराला ने सभी मांगों को गंभीरता से सुनते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। पूजा-अर्चना के दौरान जदयू कार्यकर्ता, समर्थक और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में धार्मिक वातावरण और उत्साह का माहौल देखने को मिला। यह विजय जनता की है और वे इसे जनसेवा की बड़ी जिम्मेदारी के रूप में स्वीकार करते हैं। उन्होंने कहा कि राजपुर विधानसभा में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, सिंचाई और रोजगार के क्षेत्र में ठोस पहल करना उनकी शीर्ष प्राथमिकता होगी। उन्होंने यह भी कहा कि जिस विश्वास के साथ जनता ने उन्हें चुनकर भेजा है, उसे वे निराश नहीं होने देंगे। निराला ने आगे बताया कि वे बहुत जल्द क्षेत्र के दौरे पर निकलकर जनता से सीधे संवाद करेंगे और आवश्यक विकास कार्यों की रूपरेखा बनाकर उसे जमीन पर उतारने का काम शुरू करेंगे। उन्होंने कहा कि विकास के प्रत्येक कार्य में पारदर्शिता और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मंदिर परिसर में मौजूद स्थानीय लोगों ने विधायक को जीत की बधाई दी और क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। निराला ने सभी मांगों को गंभीरता से सुनते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। पूजा-अर्चना के दौरान जदयू कार्यकर्ता, समर्थक और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में धार्मिक वातावरण और उत्साह का माहौल देखने को मिला।

# नवनिर्वाचित विधायक आनंद मिश्र ने किया धार्मिक स्थलों का भ्रमण, विकास को लेकर जताई प्रतिबद्धता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बक्सर।** बक्सर की जनता के अपार समर्थन और विश्वास के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बक्सर विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक आनंद मिश्र ने रविवार को क्षेत्र के प्रमुख मठों व मंदिरों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पूजा-अर्चना कर बक्सर की सुख-शांति, समृद्धि और सर्वांगीण विकास की कामना की। विधायक मिश्र ने नई बाजार मठिया आश्रम (राजा राम बाबा), नवलखा मंदिर, जीयर स्वामी जी महाराज,



श्रीमन नारायण मंदिर, श्री निवास मंदिर, फुआ घाट मंदिर, श्मशान घाट हनुमान मंदिर, नाथ मंदिर, पंचमुखी हनुमान जी, गोलंबर हनुमान जी, रामेश्वर मंदिर और अहिरौली स्थित अहिल्या जी माई मंदिर में जाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। धार्मिक स्थलों पर साधु-संतों से आशीर्वाद लेने के बाद उन्होंने कहा कि बक्सर की परंपरा, संस्कृति और आध्यात्मिक धरोहर सदैव उनके लिए प्रेरणास्रोत रही है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि आने वाले पाँच वर्षों में बक्सर धाम को विकास की नई ऊँचाइयों तक ले जाने के लिए वे पूर्ण समर्पण और पारदर्शिता के साथ कार्य करेंगे।

# मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल में मना चिल्ड्रन्स डे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**अररिया।** बालदिवस के अवसर पर मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल के प्रांगण में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता मे 200 छात्रावास के बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर निदेशक डॉक्टर संजय प्रधान ने सभी पेंटिंग प्रतियोगिता के प्रतिभागी को पाठ्यसामग्री का वितरण किया। उन्होंने इस अवसर पर कॉपी, पेंसिल उपस्थित सभी छात्रों को दी। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों द्वारा अपनी लेखनी द्वारा मनमोहन पेंटिंग प्रस्तुत की। आज के इस आज के इस पेंटिंग प्रतियोगिता के आयोजन में विद्यालय के प्राचार्य डा पाराशर त्यागी, अभिनंदन नौटियाल, मृणाल प्रधान रतन मिश्रा आदि ने पेंटिंग प्रतियोगिता को सफल बनाया। इतना ही नहीं आज इस शुभ अवसर पर छात्रावास के अलावे बाहरी बच्चों को भी टोफीया बांटी गई।



# गजलों में जीवन का यथार्थ समेटे 'ख्यालों में कई परछाइयां हैं'

**कृति समीक्षा**



कृतिकार - डा. नीलम श्रीवास्तव
प्रकाशक- श्वेतवर्णा प्रकाशन





कान्ति शुक्ला

डा. नीलम श्रीवास्तव द्वारा प्रणीत कृति 'ख्यालों में कई परछाइयां हैं' - ग़ज़लों के माध्यम से जीवन के व्यवहार पक्ष की क्रिया विविधता तथा अन्तर्पक्ष की वृत्ति विविधता को प्रकृति, परिवेश और जीवन जगत में विद्यमान सूक्ष्म सत्य को उसके मूल चारुत्व में देखने का सर्वथा मौलिक बौद्धिक प्रयास है।

निस्संदेह ग़ज़लों के माध्यम से विविधवर्णी अनुभूतियों को जीवंत करता यह संग्रह अनमोल है।

डा. नीलम श्रीवास्तव जी के रचना संसार में वर्णित कथ्य, भाव तत्व और शिल्प सौंदर्य का आकलन करने के पूर्व ग़ज़ल विधा क्या है, हम इस पर विचार करते हैं-

काव्य- साधना में शिल्पगत दृष्टि एक विशेष रूप रचना होती है । इस विशिष्टता में ही रसोद्रेक की शक्ति निहित होती है। अपने आदर्श की रक्षा में कविता को बड़ी कठिन साधना करनी पड़ती है। अर्थ गांभीर्य और भाव सूक्ष्मता का लययुक्त शिल्पबद्ध कला सौन्दर्य विमुग्धकारी, रुचिकर और आकर्षण का केन्द्र होता है।

गजल में कम शब्दों में अधिक कहने की वह शक्ति है जिसकी व्यंजना अचूक है। गजल उर्दू की सबसे ज्यादा मक़बूल, विशिष्ट और लोकप्रिय विधा है। गजल लिखी नहीं, कही जाती है। शायर अपनी ज़िंदगी में जो सहता है, आसपास के परिवेश में जो देखता है, उसे अपनी भावप्रवणता के माध्यम से शब्दों में ढ़ालने का प्रयास करता है। ग़जल की ख़ूबी है कि उसका हर शेर अपने आप में पूर्ण होता है, सिवा रदीफ काफिए के उनका एक दूसरे से सम्बंध नहीं होता, कभी कभार एक ही भाव पर पूरी गजल कह दी जाती है। जिस बात को कहने के लिए गद्य में जितने विस्तार में जाना होता है, वह ग़ज़ल के एक शेर में ख़ूबसूरती से बयां कर दी जाती है। हुस्नो-शबाब, इश्क़साक़ी पैमाने, कोमल भावनाओं और सूफ़ी अंदाज़ से चला गजल का सफ़र आज आम जन की पीड़ा, मजदूर, किसान, खेतों और खलिहानों, नीति, चिंतन, भाईचारा, सामाजिक चेतना, देश-प्रेम और राजनीति तक की अभिव्यक्ति बख़ूबी करने में समर्थ है। यही कारण है कि हिन्दी में गजल कहने का सफ़र कवि नीरज और दुष्यंत कुमार से चलकर आज लोकप्रियता के शिखर को छू रहा है और हिन्दी में भी श्रेष्ठ ग़ज़लें कही जा रहीं हैं। प्रकाशित ग़ज़ल संग्रह 'ख्यालों में कई परछाइयां हैं' में- सामाजिक, राजनीतिक और धार्मिक विसंगतियों पर गजलकार ने अपनी बात बेबाकी से अभिव्यक्त की है- 'अमन की आंच पर नफरत की रोटी सेंकने वालों तुम्हें ऐ काश अपने जात मज़हब का पता होता।' 'लगाते हैं जो आग नफ़रत की दिल में वो कैसे वतन की हिफाज़त करेंगे।' 'नहीं इंसान को इंसान की परवा यहां पर सियासत आजकल की मज़हबी होने लगी है।' नीलम जी ने रिश्तों की जटिलताओं के अन्तर्द्वन्द्व को बख़ूबी समझा है-'कैसे पुकारते न उसे बेवशी से हम वो हमसफ़र नहीं था मगर रहगुज़र में था।' नीलम जी ने समकालीन जीवन के दुख, कष्ट - संघर्ष और समय के साथ बदलते रिश्तों तक विविध विषयों को अपनी ग़ज़लों में समाहित किया है- 'सिर्फ उनकी बेरुख़ी का ग़म नहीं ज़ीस्त की दुश्वारियां कुछ कम नहीं।' 'ये दौलत की ख़्वाहिश ये इशरत की चाहत फक़त आदमी की ख़ुशी बन चुकी है।' 'मुफ़लिसी के बोझ से है झुक चुकी जिनकी कमर उनके क़दमों में भला आएगी अब रफ़्तार क्या।' नीलम जी के पास विपुल जीवनानुभवों की संपदा है जिसे उन्होंने अपनी ग़ज़लों में कहा है। कुशल ग़ज़लकारा वर्तमान समय के समाज की विसंगतियों, विडम्बनाओं और विद्रूपताओं से भली भाँति परिचित हैं जिनके आक्रोश असंतोष और प्रतिरोध को संवेदनशील शैली में अभिव्यक्त किया है। यही कारण है कि प्रस्तुत ग़ज़लों में दृष्टिसंपन्न और भावसंपन्न वैशिष्ट्य है - 'किसी बच्ची को तनहा छोड़ना मत गली में भेड़ियों का काफ़िला है।' 'बहुत पीछे वो एहसासों की दुनिया छोड़ आए हैं। हम अपने गांव में सूरज को ढ़लता छोड़ आए हैं।'

प्रत्येक काल में इंसान अपनी व्यथा को अभिव्यक्ति देता रहा है, व्यथा की कहानियां, शब्द संयोजन विलग हो सकता है पर व्यथा के स्वर दर्द की तहज़ीब और लहज़े नहीं बदलते, एहसास नहीं बदलते। ग़ज़लों में संप्रेषण सहज है समाज के प्रति दायित्व बोध है। नीलम जी स्व अनुभूतियों को जीकर सार्वभौमिक करतीं हैं - 'ख़ाक जल कर हो गईं सब हसरतें दिल में यादों का धुआं बाक़ी रहा।' 'ख़ुद की हस्ती से जो बेज़ार नहीं होता है ज़िन्दगी में कभी लाचार नहीं होता है।' नीलम जी की सृजनधर्मिता अनुभवों से तप्त यथार्थ से सम्पृक्त है, आत्मभोगी अभिव्यंजना से युक्त, अपने बचपन की स्मृतियों की संवेदनशीलता से अभिषिक्त भावुक अनुभूतियों की अनुगूंज है-

'कहरवा दादरा रूपक तराना याद आता है पिता की मौसिक़ी का वो जमाना याद आता है।' संग्रह में प्रेम, सौन्दर्य-वर्णन और समर्पण की अभिव्यक्ति है तो समाज की विसंगतियों की चिंता भी है। कुरीतियों और बदलते परिवेश से शिकवा है, देश की फ़िक्र और वतनपरस्ती भी है। तमाम ग़ज़लें ऐसी हैं जिनमें सार्थक संदेश बहुत कुशलता और सहजता से शायरा ने कहे हैं - 'गुलों से प्यार अच्छा है मगर कांटों से नफ़रत क्यों हिफ़ाज़त तो गुलाबों की हमेशा ख़ार करता है।' 'दुनिया की आन बान शान बेटियां। इस मुल्क की सदा से पहचान बेटियां।' शब्दों का यथार्थ नीलम जी के भावों का सटीक अनुगमन करता है और यह शब्दसंयोजन नवीनता, प्रेरणा और माधुर्य का सृजन करता है- 'तीरगी से ख़ौफ़ कैसा क्या अज़ाबों से गिला हौसले की रौशनी में जगमगाना सीख ले।' अर्थ गांभीर्य और भावसूक्ष्मता की शिल्पगत सृष्टि में आंतरिक अनुभूति की प्रतिध्वनि और रसोद्रेक की शक्ति निहित है। कवियत्री ने ज़िंदगी में जो महसूस किया है , ग़मे-दौरां के हालातों से रूबरू होने की जो कसक झेली है, अपनी ग़ज़लों में बख़ूबी कही है- 'दर्द की बांसुरी जब तक नहीं बजती दिल में आदमी कुछ भी हो फ़नकार नहीं होता है।'

'निकली है जब भी आह कोई दिल की पीर से हमने उसे इक शेर का मिसरा बना डाला।' संग्रह की ख़ासियत है कि शायरा ने हर मिजाज़ की ग़ज़लें कहीं हैं जो कवियत्री की कल्पना के व्यापक विस्तार की ख़ास पहचान है। बंदगी है, ईमान है, भाईचारे का संदेश, एकता, वफ़ादारी और मोहब्बत के ख़ुलूस के ख़ूबसूरत मंज़र हैं तो कहीं नये परिवेश से शिकायत भी - 'नई नस्लों की हरकत पे नहीं शिकवा हमें कोई हमारी परवरिश में ही कमी मालूम होती है।' चिंतन और चेतना की राह दिखातीं, देश समाज की दशा- दिशा से संवेदित गहन दायित्वप्रवणता और भाव समृद्धि का विन्यास रचतीं ग़ज़लें निःसंदेह मानवीय मूल्यवत्ता की प्रवाहिनी हैं जिसका मूल हमारी आंतरिकता में है जिसमें चेतना और वस्तु, अंतर और बाह्य का अटूट सामंजस्य है। ग़ज़लों में वर्णित दृश्य परिदृश्य शब्द चित्र अद्भुत कौशल से मनोहारी बिम्बों के माध्यम से चित्रित हुए हैं जो युग की आहत पीड़ा को आशावादी दृष्टिकोण द्वारा- आज जो श्रेष्ठ कोमल और सुंदर शेष है , उसे बचाने की दिशा की ओर उन्मुख करने में सक्षम हैं- ' मिट सकेंगे न तेरे मिटाने से हम बनके ख़ुशबू हवा में बिखर जाएंगे।' कुल मिलाकर ग़ज़लें सुंदर, सार्थक, सामयिक और भाषा की दृष्टि से सहज संप्रेषणीय हैं जो रचनाकार के आत्मविश्वास की परिचयात्मक हैं और अभी तो बहुत कुछ कहना शेष है। शिल्प संयोजन के प्रति पूर्ण समर्पण, संरक्षण और संबर्द्धन के प्रति सराहनीय श्रमसाध्य लगन का सुपरिणाम है कि संग्रह की प्रत्येक ग़ज़ल किसी न किसी बहर पर आधारित है जो नव रचनाकारों की प्रेरणा का स्त्रोत है। ग़ज़लों में भावव्यंजित सारगर्भित अनुभूति, परदुखकातर संवेदनशील सूक्ष्म संधानी दृष्टि, युगबोध के प्रति निरंतर उन्मुखता, सामयिक अनुभव-खंडों को संयोजित कर नवीन भाव-धरातलों की अभिव्यक्ति करने का अपूर्व कौशल, यथार्थ भाव-बोध की तीव्रता, समग्र परिवेश को समझने की बौद्धिकता, आत्मपरिष्कार और स्वानुभूति के प्रकाशन के साथ लोकहित साधना, मृदुल अनुभूतिजन्य कल्पना, जीवनमूल्यों के प्रति आकुलता, कोमल भाव की सघनता, हृदय की सरलता, सहज विश्वास और भावना की तन्मयता का प्रकाश और अभिव्यक्ति में यथार्थ का समन्वय है। ग़ज़लों की भाषा सहज है। ईमानदारी और दृढ़ता से कही हर बात दिल को छूती है और पाठक ग़ज़लों के सौन्दर्य में खो जाता है। शिल्प के अनुसार शेर सधे हुए हैं। ग़ज़लों में वैचारिक क्लिष्टता नहीं है बल्कि भोगे यथार्थ को संप्रेषित करने का आग्रह है। शायरा की अनुभूतियां अनुभवों की कसौटी पर आश्रित हैं। भावनाजन्य गहराई, प्रेम की सुकोमल अनुभूति, सामयिक चिंतन और देश समाज की चिंता ने ग़ज़लों को आकार दिया है। सुंदर, सार्थक, सामयिक चिंतनयुक्त संप्रेषणीय उक्त ग़ज़ल संग्रह निःसंदेह साहित्य जगत में अपना एक विशिष्ट स्थान बनाएगा और डा.नीलम श्रीवास्तव के यश में और वृद्धि करेगा, ऐसा मेरा विश्वास है। मेरी हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित हैं।

# भागलपुर के सातों विधानसभा क्षेत्रों से एनडीए की जीत पर दी बधाई

## कार्यकर्ताओं की बेहतर कार्यकुशलता और बेहतर समन्वय से मिली है जीत




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** जिले के सभी सात विधानसभा क्षेत्र से एनडीए गठबंधन की अप्रत्याशित जीत के लिए जिलेभर के मतदाताओं को साधुवाद है। खासकर, लंबे समय के बाद कांग्रेस से भागलपुर सीट के छिनने पर एनडीए कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। उक्त बातें एनडीए के घटक दल भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार ने शनिवार को यहां प्रेस कांफ्रेंस में कही। उन्होंने कहा कि भागलपुर जिले में एनडीए गठबंधन के सभी सातो प्रत्याशियों को अपार जनसमर्थन मिला है। जिससे जिले में एनडीए को पहले से ज्यादा सीट मिली है। खासकर, महिला और युवा मतदाताओं ने इस बार विधानसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने का काम किया है। श्री कुमार ने कि एनडीए गठबंधन की सरकार बनने से बिहार में विकास की गति में और तेजी आएगी। साथ ही नौकरी और रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में नये उधोग धंधे स्थापित किये जाएंगे। सुशासन और विकास को लेकर मतदाताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की डबल इंजन की सरकार को पसंद किया है। जिला जदयू अध्यक्ष विपिन बिहारी सिंह ने कहा कि प्रदेश की एनडीए सरकार के विकास और महिलाओं की सशक्तिकरण के बाबत मतदाताओं ने मौजूदा सरकार को फिर से मौका देने का काम किया है। इस सरकार से विकास के मामले में पहले से अधिक अपेक्षा मतदाताओं को है। जिला लोजपा अध्यक्ष सुबोध पासवान ने कहा कि एनडीए के पांचो घटक दलों के कार्यकर्ताओं की बेहतर कार्यकुशलता और आपसी समन्वय की वजह से भागलपुर जिले सहित प्रदेश में एनडीए गठबंधन ने अप्रत्याशित सफलता प्राप्त की है। इधर हम के जिलाध्यक्ष अशोक रजक, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुमन प्रसून, जदयू के महानगर अध्यक्ष संजय साह आदि ने भी संबोधित किया

# मसौढ़ी बाल मेला में फूड फेस्टिवल की मची धूम




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** बाल दिवस के अवसर पर उत्क्रमित मध्य विध्यालय भैसवां स्कूल में फूड फ़ेस्टिवल का जबरदस्त क्रेज देखने को मिला है। जहाँ बच्चों ने इन मेलों में उत्साहपूर्वक भाग लिया और कई तरह के स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल लगाए। मेले में विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए व्यंजनों को बिक्री के लिए रखा गया था। स्कूल के छात्रों और उनके पेरेंट्स ने इन स्टॉलों से जमकर खरीदारी की, जिससे विद्यालयों में काफी चहल-पहल देखने को मिली। बच्चों द्वारा लगाए गए स्टॉल्स में गोल गप्पे, चाऊमीन, मोमोज, पुरी सब्जी, चाट, छोले जैसे चटपटे और मनपसंद व्यंजन उपलब्ध थे। उत्क्रमित मध्य विद्यालय भैसवां के वरीय शिक्षक नेयाज अहमद ने बताया कि इन फूड स्टॉल्स ने बच्चों को न केवल व्यंजनों का लुत्फ उठाने का मौका दिया, बल्कि उनमें संगठन, बाजार के नियमों को समझने और रचनात्मकता को बढ़ावा देने में भी मदद की। अभिभावकों और शिक्षकों ने भी इन स्टॉल्स पर खरीदारी की और बच्चों के हुनर की सराहना की, जिससे पारिवारिक भागीदारी बढ़ी। फूड फ़ेस्टिवल जैसे विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसने पूरे माहौल को और भी खुशनुमा बना दिया। सभी आठ स्टॉल में पास्ता काउंटर पर खुशबू कुमारी, प्राची कुमारी, कंटेक्ट नंबर दो पर आयुष राज, आदित्य कुमार, सनी कुमार, संजना कुमारी, जानवी, राधिका कुमारी, पूरी सब्जी काउंटर पर शोभा कुमारी, सुजाता कुमारी, प्रिया कुमारी, माही कुमारी, पानी पुरी काउंटर पर पवन कुमार, करण कुमार, शिवम कुमार, समीर कुमारी, आदी कंाउटर बनाये गये थे।मौअए पर प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय कुमार, मो. नियाज अहमद, किशोर कुमार, संजीव कुमार, असीम अख्तर श्वेता कुमारी, सुनीता कुमारी, संगीता कुमारी, सुधा कुमारी, नसरीन खातून, एवं जयप्रकाश कुमार, विशेष अतिथि रामानुजन सिंह प्रधान शिक्षक प्राथमिक विद्यालय रेवा मुसहरी आदि शामिल है इस पूरे प्रतिभागी में कुल 120 छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

# मसौढ़ी में राजद की अंतर्कलह से हार का करना पड़ा सामना, महिला सशक्तीकरण रणनीति सफल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** राजद का गढ़ कहे जाने वाला मसौढी विधानसभा सीट इस बार के हुए चुनाव में राजद खेमे में हुए अंतर कलह भी हार का सबसे बड़ा कारण माना जा रहा है। दरअसल मसौढ़ी विधानसभा चुनाव से पहले ही राजद मसौढी में दो खेमों में बंट गया था, एक खेमा विधायक रेखा देवी के पक्ष में और दूसरा खेमा रेखा देवी के प्रत्याशी बदलने के पक्ष में लगातार विरोध हो रहा था, हालांकि इस विरोध को राजद के आलाकमान ने नजरअंदाज किया, और यही नजरअंदाज चुनावी आग मे घी का काम कर डाला, ऐसे में एक और जहां एनडीए प्रत्याशी अरुण मांझी को 1,06505 वोट मिले थे, वहीं नाराज लोगों ने 5140 लोगों ने नोटा बटन दबाया। फिलहाल वही हुआ एनडीए प्रत्याशी अरुण मांझी 7643 वोट से रेखा देवी को हराकर मसौढ़ी विधानसभा सीट पर कब्जा जमा ली है। हालांकि कई चुनावी पंडितों ने बताया कि नितिश कुमार के महिला सशक्तिकरण का भी दाव खूब चला है ऐसे में मसौढी विधानसभा के 443 मतदान केंद्रों पर महिला मतदाताओं की बंपर वोटिंग हुई है और आजादी से अब तक पहली बार मसौढी में 68.94 प्रतिशत मतदान हुआ है और महिलाओं की यह बंपर वोटिंग जीविका दीदी की रोजगार योजना से मिले दस हजार की राशि भी काम आई है। बहरहाल चुनावी नतीजे आने के बाद कई जगहों पर अब चुनावी समीक्षाएं होने लगी हैं कि कौन से बूथ पर कौन से कास्ट के लोगों ने ज्यादा वोट किया है लेकिन कई लोगों की माने तो महिला सशक्तिकरण के रणनीति में कास्ट पॉलिटिक्स गौण हो गई है। मसौढी विधानसभा में मसौढ़ी प्रखंड और धनरूआ प्रखंड आते हैं जहां पर धनरूआ प्रखंड के कई राजनीतिक नेताओं ने कार्यकर्ताओं के मान-सम्मान और घोर अपमान का बदला की बात बता रहे हैं। बहरहाल चाहे कोई भी दल हो कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज का ज्वलंत उदाहरण मसौढी बनेगा और इस चुनाव से सबक भी लेना होगा।

# एनडीए की शानदार जीत पर अधिवक्ताओं में हर्ष



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बक्सर।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की अपार जीत के बाद सिविल कोर्ट बक्सर परिसर में उत्साह का माहौल देखने को मिला। भाजपा अधिवक्ता मंच के जिलाध्यक्ष अधिवक्ता सुमन कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में अधिवक्ताओं की बैठक आयोजित की गई, जिसमें एनडीए की जीत पर केन्द्र व प्रदेश नेतृत्व को धन्यवाद दिया गया।

बैठक में अधिवक्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल तथा भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विंध्याचल राय के प्रति आभार व्यक्त किया। जीत की खुशी में अधिवक्ताओं ने एक-दूसरे को जलेबी खिलाकर जश्न मनाया। कार्यक्रम में जदयू विधि प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अधिवक्ता बिनोद कुमार सिंह, पंकज कुमार, अजय तिवारी, शशिभूषण राय, सुशील कुमार पाठक, जावेद अख्तर, सुरेंद्र यादव, मनोरंजन पाठक, मनोज कुमार श्रीवास्तव, रवि श्रीवास्तव, कुमारी नेहा सिंह, वंदना कुमारी, संतोष कुमार, संजय राय, लवकेश मिश्रा, सुबास सिंह सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# प्रखंड कृषि कार्यालय से गेहूं और चना के बीज की चोरी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी प्रखंड कृषि कार्यालय के ई किसान भवन में रखें बीज वितरण का 10 बोरा गेहूं और दस पैकेट मटर के पैकेट को चोरों ने खिड़की का शीशा तोड़कर चोरी कर लि हैं। इस संबंध में बीज विक्रेता प्रभात कुमार ने आवेदन देकर कार्रवाई और सुरक्षा की मांग की है। दरअसल मसौढ़ी के प्रखंड कृषि कार्यालय स्थित ई किसान भवन में पंजीकृत किसानों के बीच सरकार द्वारा अनुदानित बीज का वितरण किया जा रहा है, ऐसे में बिते रात को किसान भवन के पीछे से खिड़की तोड़कर बोरे में रखे हुए गेहूं के बीज में छेद कर तकरीबन 10 बोरे गेहूं का बीज निकाल लिया है और 10 पॉकेट चना को बीज निकाल लिया है। जब सुबह में बीज विक्रेता कार्यालय पहुंचकर रूम खोला तो देखा कि कई गेहूं के बीच के बोरे में बड़ा-बड़ा छेद जैसा हो गया है। जांच करने पर पता चला कि 10 बोरे से वह छेद कर गेहूं निकाल लिया है इस मामले में थाने में लिखित शिकायत देकर सुरक्षा की मांग की है।

# मसौढ़ी में बन रहे आरोबी निर्माण की इंजीनियरों ने की जांच, पिलर निर्माण में अनियमितता की मिली थी शिकायत




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढ़ीवासियों के लिए बहुप्रतीक्षित मांग रही आरोबी का निर्माण कछुआ गति से चल रहा है। हलांकि अब निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का प्रयोग करने का मामला प्रकाश में आया है। दरअसल आरोबी के पूर्वी हिस्से में रेमंड शोरूम के पास में पुल की ऊपरी हिस्से में पिलर में अनियमितता का मामला सामने आया था, जहां स्थानीय लोग इसकी शिकायत निगरानी विभाग से की थी, जहां शिकायत पर निगरानी विभाग ने तीन सदस्य इंजीनियरों की टीम के जांच के लिए पहुंची है और पुल पर रखे जा रहे हैं। पिलर के मटेरियल की जांच का सैंपल इकट्ठा किया है और उसे जांच के लिए भेजा गया है। तत्काल उस पिलर के लगे मटेरियल की जांच की जा रही है और उस पिलर निर्माण का कार्य को रोक दिया गया है। अन्य हिस्सों में काम चल रहा है। दरअसल निगरानी विभाग के एक पदाधिकारी ने बताया कि अगर इसके मटेरियल में अनियमितता पाई जाएगी तो संवेदक पर कार्रवाई भी होगी बिहार सरकार ने पुल निगम के द्वारा जारी नियमों को अगर मटेरियल नहीं दिए जाएंगे तो इसके खिलाफ कार्रवाई भी हो सकती है और कंपनी को ब्लैक लिस्ट में भी डाला जाएगा क्वालिटी क्वांटिटी में नो कॉम्प्रोमाइज के फार्मूले से आरोबी को पारदर्शी तरीके से बनाया जाना है ताकि आने वाले समय में किसी भी तरह की कोई समस्या ना हो इसके अलावा पुल निर्माण में लगे हुए संवेदक को आदेश दिया गया है कि पुल निर्माण के दौरान किसी भी तरह का कोई भी मटेरियल में कमी और क्वालिटी में कंप्रोमाइज नहीं होनी चाहिए।

# मसौढ़ी विधानसभा क्षेत्रों में 5146 लोगों ने दबाया नोटा का बटन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी विधानसभा में हुए चुनाव में के इस चुनावी दंगल में कुल 9 उम्मीदवार चुनावी मैदान में थे। जहां सीधी लड़ाई एनडीए और महागठबंधन के बीच थी ऐसे में एनडीए प्रत्याशी अरुण मांझी ने 106505 वोट लाकर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी महागठबंधन की प्रत्याशी रेखा देवी जिन्होंने (98862) से को हराकर 7643 वोट से जीत हासिल की हैं। वही इस चुनावी मैदान में तीसरे पायदान पर नोटा का बटन रहा जहां कुल 5146 लोगों ने नोटा का बटन दबाया। दरअसल इतने लोगों ने बेहतर प्रत्याशी नहीं होने या फिर अपने आप को साइलेंट वोट समझकर नोटा का बटन दबाया है। बहरहाल चुनावी मैदान मे एनडीए और महागठबंधन के अलावा अन्य दलों के प्रत्याशी और निर्दलीय प्रत्याशी के चुनावी नतिजों में जनसुरज पार्टी से राजेश्वर मांझी को 4693 वोट, बहुजन समाज पार्टी से मनोज कुमार को 4706 वोट, विजेंद्र पासवान( निर्दलीय) को 1942 वोट, जगत पासवान (निर्दलीय) को 1762 वोट, श्रीकांत कुमार (निर्दलीय) 1096 वोट, रवि प्रकाश ( निर्दलीय) को 980 वोट, राम इकबाल रविदास (निर्दलीय) 757 वोट मिला है।

# कम ब्याज दर पर ग्राहकों को ऋण उपलब्ध करा रहा पंजाब नैशनल बैंक : अंकुर सक्सेना

## औरंगाबाद मंडल के छह स्थानों पर मेगा रिटेल आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** केंद्र सरकार की बैंकिंग से जुड़ी विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन सामान्य तक पहुंचाने और अधिक से अधिक ग्राहकों को पंजाब नैशनल बैंक से जोड़ने के लिए आज बैंक के द्वारा औरंगाबाद मंडल के छह स्थानों पर मेगा रिटेल आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। औरंगाबाद ओल्ड जीटी रोड बैंक शाखा परिसर में आयोजित कार्यकम में मुख्य अतिथि एवं बैंक के सहायक महाप्रबंधक अंकुर सक्सेना ने कहा कि मेगा रिटेल आउटरीच कार्यक्रम के माध्यम से अधिक से अधिक ग्राहकों को आवास ऋण, कार ऋण, माई प्रॉपर्टी ऋण एवं शिक्षा ऋण उपलब्ध कराना है। पंजाब नेशनल बैंक अन्य बैंकों की अपेक्षा कम ब्याज दर पर ग्राहकों को ऋण उपलब्ध करा रही है जो बेहतर है। श्री सक्सेना ने कहा कि औरंगाबाद मंडल में 50 करोड़ के ऋण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसमें अब तक 30 करोड़ का ऋण स्वीकृत तथा वितरित किया जा चुका है। यह मेगा रिटेल आउटरीच कार्यक्रम औरंगाबाद जिले के अलावा रोहतास और अरवल जिले में भी आयोजित किया गया है। इस अवसर पर बैंक के औरंगाबाद मंडल प्रमुख प्रवीण कुमार ने बैंकिंग से जुड़ी विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और इसका लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने बताया कि औरंगाबाद मंडल के नगर थाना के समीप पंजाब नेशनल बैंक, दाउदनगर एवं रफीगंज शाखा के अलावा रोहतास जिले के डिहरी ऑन-सोन और बिक्रमगंज शाखा एवं अरवल शाखा में मेगा रिटेल आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अलावा बैंक की 69 अन्य शाखाओं में भी यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर एलडीएम आनंद वर्धन, उप मंडल प्रमुख डीके ब्रह्मचारी, पीएलपी हेड आनंद कुमार, बैंककर्मी चंदन श्रीवास्तव, ग्राहक सुनील कुमार गुप्ता, नीरज कुमार उर्फ लप्पू गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## हत्या सहित विभिन्न मामलों में 23 लोग गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में कई कार्रवाई किया है। अलग-अलग मामलों में 23 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 17 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। एससी-एसटी एक्ट मामले में 2, हत्या के शीर्ष 3, शराब कांड में 10 एवं अन्य शीर्ष कांड में 8 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 106 लीटर देसी शराब बरामद किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1623 वाहनों की जांच की गई जिसमें 34000 रूपये बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल की माने तो मादक पदार्थों की खरीद फरोख्त यथा विभिन्न अपराधों की जद में जो भी पकड़े जाएंगे, उनकी न सिर्फ संपत्ति जब्त की जायेगी बल्कि उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएंगी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि विशेष अभियान के फलस्वरूप पुलिस द्वारा विभिन्न अपराधों में 23 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

# प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले छात्रों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर।** कुशल युवा कार्यक्रम के अंतर्गत जून एवं जुलाई माह में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के बीच प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दर्शन इंस्टीट्यूट के निदेशक रौशन सिन्हा, अलोक तंडन, यश अकादमी के संचालक शंभू कुमार उपस्थित रहे। अतिथियों ने संयुक्त रूप से छात्रों को प्रमाणपत्र प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निदेशक रौशन सिन्हा ने कहा कि कुशल युवा कार्यक्रम बिहार में कौशल विकास का सबसे प्रभावी मंच बन चुका है। हमारा लक्ष्य युवाओं को तकनीकी, संचार और व्यक्तित्व विकास की ऐसी शिक्षा देना है, जिससे वे नौकरी के लिए पूरी तरह सक्षम बन सकें। विद्यार्थियों का आत्मविश्वास और प्रदर्शन ही हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने आगे कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रशिक्षित युवा अब विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्राप्त कर रहे हैं, जो प्रदेश के कौशल विकास मिशन की बड़ी सफलता है। उन्होंने सभी प्रशिक्षकों, अभिभावकों एवं सहयोगी संस्थानों का आभार व्यक्त किया और बताया कि आने वाले बैचों के लिए प्रशिक्षण की गुणवत्ता को और मजबूत किया जाएगा। समारोह में विद्यार्थियों ने भी अपने अनुभव साझा किए और बताया कि कुशल युवा कार्यक्रम ने उनकी डिजिटल और कम्युनिकेशन स्किल्स को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया। मौके पर एल.एफ. धीरज कुमार, प्रिया कुमारी, उमा कुमार, विशाल कुमार, कुंदन कुमार मौजूद रहे।

# निशुल्क बाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बाल दिवस के अवसर पर शहर के पुरानी जीटी रोड स्थित शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ चंद्रशेखर प्रसाद द्वारा निशुल्क बाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 200 बच्चों का निशुल्क इलाज एवं उनके बीच दवा का वितरण किया गया। शिविर का उद्घाटन नगर परिषद अध्यक्ष उदय प्रसाद गुप्ता, अजय प्रकाश एवं डॉ चंद्रशेखर प्रसाद द्वारा संयुक्त रूप से दीप जलाकर एवं पंडित नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। शिविर में डॉ एस के शर्मा द्वारा भी मरीजों का इलाज किया गया। वहीं विभिन्न दवा कंपनियों के प्रतिनिधियों के सहयोग से बच्चों के बीच पेंसिल, कलर बुक, खिलौने एवं चॉकलेट का वितरण किया गया। शिविर के संचालन में राजेश कुमार, सरोज प्रसाद, कमलेश पंडित, मनोज कुमार उर्फ गांधी, राजेश्वर सिंह, दिनेश प्रसाद, संजय प्रसाद, वीर प्रताप सिंह आदि ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## दो किशोरों को दस दिन सामुदायिक सेवा का आदेश

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** किशोर न्याय बोर्ड, औरंगाबाद के प्रधान दंडाधिकारी सह एसीजेएम सुशील प्रसाद सिंह ने बारूण थाना की एक कांड में निर्णय पर सजा सुनाई है जिसमें दो विधि विरूद्ध किशोर को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बारून में 10 दिन सामुदायिक सेवा देने का आदेश दिया गया है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बारूण के प्रभारी को आदेश दिया गया है। इस अवधि में विधि विरूद्ध किशोर के आचरण व व्यवहार से संबधित प्रतिवेदन एक निश्चित समय तक किशोर न्याय बोर्ड औरंगाबाद में प्रस्तुत करें। साथ में यह भी आदेश दिया गया है कि विधि विरूद्ध किशोर के नाम पता और सेवा अवधि का सार्वजनिक न किया जाए।

# बीज वितरण में अनियमितता को लेकर किसानों का हंगामा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अम्बा।** रबी सीजन के बीज वितरण में अनियमितता और अधिकारियों के उदासीन रवैए के खिलाफ शनिवार को किसानों ने औरंगाबाद जिले के कुटुंबा प्रखंड मुख्यालय परिसर में जोरदार हंगामा किया। सुबह से बीज लेने के लिए लाइन में लगे कई गांवों के ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कृषि विभाग और डीलरों की लापरवाही से उनका समय और मेहनत दोनों बर्बाद हो रहे हैं, जबकि बुवाई का समय निकलता जा रहा है। बसौरा गांव की वृंदा देवी ने बताया कि कुटुंबा प्रखंड अंतर्गत लगभग 20 पंचायतों के किसानों को एक साथ बुला लिया गया, जिसके कारण प्रखंड कार्यालय परिसर में भारी भीड़ जमा हो गई। उन्होंने कहा कि हम लोग सुबह से इंतजार कर रहे हैं। डीलर ने फॉर्म तो जमा ले लिया, लेकिन बीज वितरण नहीं हो रहा है। घंटों से लाइन में खड़े हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं। वहीं, सिंहपुर गांव के माइकल कुमार ने




बताया कि उन्होंने शुक्रवार को ही किसान सलाहकार के माध्यम से अपना फॉर्म ऑनलाइन करवा दिया था लेकिन अगले दिन बीज लेने पहुंचने पर डीलर ने यह कहकर लौटा दिया कि अगले दिन आएं। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि अगर समय पर बीज नहीं मिलेगा तो बुवाई कैसे शुरू करेंगे? देरी से पूरी कृषि प्रक्रिया प्रभावित हो जाएगी। प्रखंड कृषि कार्यालय पहुंचने वाले संजय कुमार, अशोक यादव, नरेश महतो सहित कई किसानों ने आरोप लगाया कि बीज वितरकों द्वारा जानबूझकर किसानों का फॉर्म जमा कराया जा रहा है, लेकिन वास्तविक रूप से बीज उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। किसानों का कहना था कि वितरण प्रक्रिया पारदर्शी नहीं है और इससे अनियमितता की आशंका बढ़ती जा रही है। उनका आरोप था कि डीलरों और अधिकारियों की मिलीभगत से किसानों को परेशान किया जा रहा है। किसानों के बढ़ते आक्रोश को देखते हुए स्थिति नियंत्रण से बाहर होती दिखाई दी। ग्रामीणों ने अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि बीज वितरण में सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। स्थिति बिगड़ती देख प्रखंड कृषि पदाधिकारी को प्रशासन की मदद लेनी पड़ी। प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची और भीड़ को समझाकर शांत किया। अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद बीज वितरण की प्रक्रिया दोबारा शुरू कराई गई और किसानों को लाइन के अनुसार बीज उपलब्ध कराया गया। ग्रामीणों ने मांग की है कि भविष्य में बीज वितरण की व्यवस्था पंचायतवार की जाए, ताकि भीड़ और अव्यवस्था न फैले। साथ ही डीलरों के कार्यों की जांच कर पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए।

# संघर्ष व त्याग के प्रतीक थे बिरसा मुंडा : नीरज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय के सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बिरसा मुंडा जयंती धूमधाम से मनाई गई। सर्वप्रथम उनके तैलचित्र पर पुष्प अर्पित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार कौशिक ने कहा कि बिरसा मुंडा आदिवासी समाज के प्रतीक होने के साथ-साथ आदिवासी संस्कृति और भूमि अधिकारों की रक्षा के लिए सदैव याद किए जाएंगे। आचार्य मानवेंद्र नारायण श्रीवास्तव ने कहा कि बिरसा मुंडा ने अपने जीवन में आदिवासी समाज के अधिकारों के लिए संघर्ष किया और उन्हें एक नई दिशा दी। उनकी वाणी में शक्ति थी, उनके विचारों में प्रेरणा थी, और उनके




हृदय में आदिवासी समाज के प्रति प्रेम था। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा वक्तव्य दी गईं जिनसे सभी में आदिवासी अस्मिता और सांस्कृतिक विरासत के प्रति जागरूकता बढ़ी। प्रधानाचार्य ने बिरसा मुंडा के जीवन और उनके संघर्ष को आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बताया। इस अवसर पर भैया आदर्श और बहन प्राची के द्वारा बिरसा मुंडा जी का जीवन परिचय और उनके द्वारा किए गए आंदोलन और लोक कल्याण के कार्यों पर प्रकाश डाला गया। मंच संचालन जयंती प्रमुख आचार्य मदनजीत सिन्हा जी ने किया। यह आयोजन आदिवासी संस्कृति और अधिकारों के सम्मान का एक महत्वपूर्ण उत्सव रहा। इस दौरान विद्यालय के सभी आचार्य और विद्यार्थी मौजूद रहे और श्रद्धांजलि अर्पित की।

# ओबरा जदयू कार्यालय में एनडीए की प्रचंड जीत पर मनाया जशन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा।** बिहार में एनडीए की प्रचंड जीत के बाद ओबरा प्रखंड मुख्यालय स्थित जदयू कार्यालय में आज प्रखंड अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं की बैठक हुई जिसमें जदयू विधानसभा प्रभारी आनंद कुमार रजक सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे और बैठक में कहा गया कि राज्य में सर्वमान्य मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़े गए चुनाव में पूरे बिहार में एनडीए को ऐतिहासिक सफलता मिली है। प्रखंड अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने यह भी बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में गठबंधन को अपार जनसमर्थन प्राप्त हुआ है और जीत को एनडीए



कार्यकर्ताओं की सामूहिक उपलब्धि बताया गया, साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि औरंगाबाद जिले की छह में से पांच सीटें एनडीए के खाते में गई हैं और जिले ने भी रिकॉर्ड समर्थन दिया है, वहीं ओबरा विधानसभा से लोक जनशक्ति पार्टी के प्रत्याशी प्रकाश चंद्र को भारी मतों से विजय प्राप्त होने की बात कही गई। बैठक में यह भी उल्लेख किया गया कि राज्य में डबल इंजन की सरकार के लाभ और केंद्र तथा राज्य सरकार की विकासपरक नीतियों का असर परिणामों में स्पष्ट दिखा है।

# देश के भविष्य हैं बच्चे : डॉ शंभू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बाल दिवस पर देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती विवेकानंद वीआईपी स्कूल में मनाई गई। प्रार्थना सभा में निदेशक डॉ शंभूशरण सिंह, उपप्राचार्य सूची कुमारी, चेयरमैन मनीष वत्स ने पंडित नेहरू के तैल चित्र पर पुष्पार्चन और दीप प्रज्वलित कर किया। निदेशक डॉ सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि नेहरू एक महान नेता के साथ उच्च कोटि के वक्ता, लेखक व राष्ट्र के शिल्पकार थे। उनकी दूर दृष्टि का परिणाम है कि आज भारत विश्व शक्ति बनने की ओर तेजी से अग्रसर है। आप सभी बच्चे इस देश के कर्णधार हैं, भावी भारत कैसा होगा यह आप पर निर्भर करता है। चाचा नेहरू का मानना था कि



बच्चे देश का भविष्य हैं। इसलिए हमें अच्छी शिक्षा लेनी चाहिए और सच्चे नागरिक बनना चाहिए। बाल दिवस हमें याद दिलाते हैं कि हम सभी बहुत खास हैं और इस देश के भविष्य हैं। हमें मेहनत करके अपने सपनों को पूरा करना चाहिए। आइए इस अवसर पर हम सब मिलकर यह वादा करें कि हम हमेशा सच्चे, ईमानदार और दूसरों की मदद करने वाले बनेंगे। चेयरमैन मनीष वत्स ने बच्चों को चाचा नेहरू के मार्ग पर चलने की सीख दी। इस अवसर पर छात्रों के बीच विविध खेल प्रतिस्पर्धाएं आयोजित हुई। बच्चों के बीच कविता पाठ, खो-खो, बॉलीबाल, नृत्य, फ़ायरलेस कुकिंग आदि की प्रतियोगिता आयोजित हुई। सभी बच्चों के बीच मिठाइयां व उपहार वितरित किये गए।

# पॉक्सो केस में दोषी को सजा, पीड़िता को एक लाख रुपये प्रतिकर का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के स्पेशल पॉक्सो कोर्ट में शुक्रवार को मदनपुर थाना कांड संख्या 196/23 एवं पॉक्सो वाद संख्या 48/23 के एकमात्र अभियुक्त मिथुन कुमार को सज़ा सुनाई गई। स्पेशल पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश लक्ष्मी कांत मिश्रा ने सज़ा के बिंदु पर सुनवाई पूरी करते हुए अभियुक्त को दो धाराओं में कारावास एवं जुर्माने की सज़ा दी। साथ ही अदालत ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार, औरंगाबाद को निर्देश दिया है कि पीड़िता को एक लाख रुपये का प्रतिकर दिलाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने बताया कि न्यायालय ने मिथुन कुमार को भादंवि की धारा 366 के तहत पांच वर्ष की सज़ा और 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। वहीं पॉक्सो एक्ट की धारा 12 में तीन वर्ष की सज़ा और 10 हजार रुपये का जुर्माना निर्धारित किया गया है तथा जुर्माना न देने पर तीन माह का अतिरिक्त कारावास होगा। दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी। अभियुक्त पहले ही 8 माह 4 दिन न्यायिक हिरासत में बिता चुका है, जिसे अदालत ने उसकी कुल सज़ा अवधि में समाहित करने का आदेश दिया। पीड़िता की ओर से अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि यह मामला 4 मई 2023 को दर्ज कराया गया था। प्राथमिकी पीड़िता की मां ने दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उसकी नाबालिग बेटी पर अभियुक्त मिथुन कुमार की बुरी नज़र थी, जिसके कारण उसे बचाने हेतु वह अपनी बेटी को गांव बुधौल (आमस) अपने भाई के घर भेज दी थी। आरोप है कि अभियुक्त वहां से ही नाबालिग को शादी की नीयत से बहला-फुसलाकर अपहरण कर ले गया। पीड़िता 4 जून 2023 को बरामद हुई थी और उसी दिन अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मामले में 24 जुलाई 2023 को आरोप पत्र दाखिल हुआ और 20 मई 2024 को आरोप गठन संपन्न हुआ। न्यायालय ने 14 नवंबर 2025 को अभियुक्त को दोषी करार देते हुए उसका बंधपत्र निरस्त कर पुनः जेल भेज दिया था।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

## परिभ्रमण पर गया छात्र-छात्राओं का जत्था

**नवीनगर(नबिटा संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के चंद्रग्रढ़ स्थित गौरेश्वर नारायण सिंह टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के 40 छात्र-छात्राओं का जत्था शैक्षणिक परिभ्रमण पर मथुरा, वृंदावन, आगरा और फतेहपुर सीकरी के लिए रवाना हुआ। परिभ्रमण बस को बीएड कॉलेज के सचिव पंकज कुमार सिंह, प्रभारी प्राचार्य दिलीप कुमार सिंह, इंटर कॉलेज के प्राचार्य विनय कुमार सिंह, सुनील कुमार सिंह और रामसागर ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कॉलेज के सचिव ने बताया कि प्रशिक्षित शिक्षक-शिक्षिकाओं को परिभ्रमण मानसिक एवं बौद्धिक विकास कराने के उद्देश्य से कराया जा रहा है।

# एनडीए की जीत पर अधिवक्ताओं ने जतायी प्रसन्नता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला विधिज्ञ संघ में शनिवार को जदयू विधि प्रकोष्ठ और भाजपा विधि प्रकोष्ठ के अधिवक्ताओं की अलग-अलग बैठकों में एनडीए गठबंधन की भारी बहुमत से पुनः सत्ता में वापसी पर संयुक्त रूप से खुशी व्यक्त की गई जहां जदयू विधि प्रकोष्ठ की बैठक सरकारी अधिवक्ता बृजा प्रसाद की अध्यक्षता में हुई और अधिवक्ताओं ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को दो-तिहाई से अधिक बहुमत मिलने पर बधाई दी तथा प्रदेश जदयू विधि प्रकोष्ठ के बिहार प्रदेश अध्यक्ष और पटना हाईकोर्ट अधिवक्ता आनंद कुमार के प्रयासों, उनके नेतृत्व में जदयू संगठन की मजबूती और अधिवक्ता समाज की कई मांगें पूरी होने की चर्चा करते हुए यह उम्मीद जताई गई कि शेष मांगें भी सरकार बनने के बाद पूरी होने की संभावना है। इस बैठक में विजय कुमार पांडेय, पुष्कर अग्रवाल, शिवलाल मेहता, इरशाद आलम, राजेश्वर मेहता, सतीश कुमार स्नेही, बिगु प्रसाद, हरेंद्र कुमार, अमित कुमार, प्रदीप कुमार, रामनरेश प्रसाद, अशोक कुमार, राधेश्याम प्रसाद, शिवपूजन प्रजापति और सुनील कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे; दूसरी ओर भाजपा विधि प्रकोष्ठ की बैठक वरीय अधिवक्ता अवध किशोर प्रसाद सिंह की अध्यक्षता और एपीपी प्रदीप सिंह के संचालन में हुई जिसमें एनडीए सरकार की पुनः जीत को सुशासन और आम जनता के विश्वास की जीत बताते हुए कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जोड़ी ने बिहार में इतिहास रचा है और पहली बार बड़ी संख्या में लोगों ने इस नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए मतदान किया है जिससे एनडीए को ऐतिहासिक सफलता मिली है। साथ ही यह भी कहा गया कि औरंगाबाद की छह में से पांच सीटें एनडीए के खाते में जाना जिले के समर्थन को दर्शाता है। बैठक में विजय कुमार पांडेय, मुकेश कुमार सिंह, चंद्रशेखर पांडे, अनिल कुमार द्वितीय, धर्मराज शर्मा, इंद्रदेव नारायण सिंह, सतीश कुमार स्नेही, अखिलेश कुमार सिन्हा, ओमप्रकाश सिंह, सियाराम पांडे, सविता कुमारी, रामाशीष शर्मा, विनय द्विवेदी, सचिदानंद शाही, शशी भूषण कुमार, अशोक कुमार गुप्ता, श्याम नंदन तिवारी और राजाराम चौधरी सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे और सभी ने जीत पर बधाई दी।

